राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 पौराणिक शो की भव्यता मुझे...

पीएम मोदी का कार्यकाल... 12

गाजियाबाद, सोमवार 15 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 40, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

# युवा भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है भाजपा का संकल्प पत्रः प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा ने अपना चुनाव घोषणा पत्र (संकल्प पत्र - लोकसभा 2024 ) रविवार को जारी कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और चुनाव घोषणा पत्र समिति की संयोजक और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों- युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि उनका फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर है। प्रधानमंत्री ने देश की जनता से कई महत्वपूर्ण वादे करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आगामी पांच साल तक जारी रहेगी। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और सस्ती हो।

उन्होंने 10 वर्षों के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों को



गिनाते हुए कहा कि इस दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र जारी करने के आज के दिन को बहुत ही शुभ दिन बताते हुए कहा कि देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है।

उन्होंने कहा कि आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती भी है। ऐसे पावन समय में आज भाजपा ने विकसित भारत के संकल्प पत्र को देश के सामने रखा है। इससे पहले चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संकल्प पत्र के विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए बताया कि संकल्प पत्र समिति के पास तीन माध्यमों से 15 लाख के लगभग सुझाव आए। इन सुझावों में से मुख्य मुद्दे ढूंढ कर उन पर कार्य किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प पत्र- 2024 तैयार किया गया।

वहीं इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 में, जब प्रधानमंत्री मोदी संसदीय दल के नेता चुने गए थे, तब उन्होंने कहा था कि यह सरकार गरीब, गांव, और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है। उसी को कार्यरूप देते हुए 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति मुर्मू व पीएम मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेता संसद भवन पहुंचे और डॉक्टर आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. बीआर आंबेडकर के संघर्षों ने लाखों लोगों के भीतर उम्मीद जगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पूज्य बाबासाहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के साथ-साथ सामाजिक समरसता के अमर पुरोधा हैं, जिन्होंने शोषितों और वंचितों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, आज उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें मेरा सादर नमन। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत दूसरे नेताओं ने भी बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके कार्यों को याद किया।

### भारत ने इजराइल व ईरान से तनाव कम करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने रविवार को इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से संयम बरतने व हिंसा से पीछे हटने का आह्वान किया। विदेश



मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से गंभीर रूप से चिंतित हैं, इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने का आह्वान करते हैं। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के एक्स पर किए पोस्ट में कहा, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में अपने दूतावास व भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे।

### मोदी सरकार ने रामलला के लिए चांदी का स्पेशल रंगीन सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इस साल की शुरूआत में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए जनता के लिए रामलला चांदी का सिक्का, राम मंदिर चांदी का सिक्का, अयोध्या, राम मंदिर, 50 ग्राम का चांदी का सिक्का जारी किया है. यह विशेष सिक्का सीमित समय के लिए उपलब्ध है और इसकी कीमत 5,860 रुपये रखी गई है. फरवरी में, वित्त



मंत्री निर्मला सीतारमण ने तीन सिक्कों का अनावरण किया, जिनमें से एक पर रामलला और अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर की छवि अंकित है। 50 ग्राम के इस चांदी के सिक्कों को आप खरीद सकते हैं. इसकी कीमत 5,699 रुपये है. हालांकि अभी वेबसाइट इस सिक्के का स्टॉक खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता की. यह भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक क्षण था और मंदिर निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ. रामलला को अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजमान हुए कुछ ही दिन हुए हैं और लाखों भक्तों ने दर्शन किए हैं. उद्घाटन के अगले दिन से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

# भव्य होगी राम मंदिर की पहली रामनवमी! अयोध्या पहुंचेंगे 25 लाख भक्त

**अयोध्या (आरएनएस)।** राम नवमी में सिर्फ दो दिन बचे हैं. ऐसे में अयोध्या बड़े पैमाने पर भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार हो रही है, जनवरी में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देखी गई भीड़ से भी ज्यादा। 16 अप्रैल की आधी रात से शुरू होने वाले रामनवमी समारोह के लिए अयोध्या में तैनात पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे लंबी शिफ्ट करने के लिए कहा गया है. चीफ सेक्रेटरी डी एस मिश्रा ने कहा कि

**श्री रामलला के ललाट की शोभा बढ़ाएंगे सूर्यदेव**

सरकार लगभग 25 लाख भक्तों के आने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को सभी मुख्य क्षेत्रों में एम्बुलेंस तैनात



करने का निर्देश दिया गया है, जबकि सभी अस्पताल अलर्ट मोड पर हैं. उन्होंने कहा कि 12 स्थानों पर अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं और उन्हें सभी आवश्यक दवाओं और सुविधाओं से लैस किया जाएगा। भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं और पार्किंग क्षेत्रों में मंदिर के गर्भ गृह से लाइव स्ट्रीमिंग की जाएगी. सुरक्षाकर्मी मंदिर परिसर और मेला क्षेत्र में चौबीस घंटे ड्यूटी पर तैनात रहेंगे. पूरे क्षेत्र का सीसीटीवी कवरेज चौबीसों घंटे किया जाएगा. इनका उपयोग श्रद्धालुओं की आवाजाही पर नजर रखने, यातायात नियंत्रण और भीड़ के आकलन के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में 24 स्वचालित नंबर-प्लेट पहचान कैमरे लगाए गए हैं और शहर में प्रवेश करने वाले आगंतुकों का आकलन प्राप्त करने के लिए अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर और बाराबंकी जिलों की सीमाओं पर लगाए गए कैमरों की निगरानी की जाएगी।

# सेना ने आसानी से कहीं भी ले जाने में सक्षम टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने आसानी से कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है. अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति



उपकरण तथा एक अग्नि नियंत्रण इकाई है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया. रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया है।

# सलमान खान के घर के पास फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

**मुंबई ।** एक चौंकाने वाली घटना में, दो अज्ञात व्यक्तियों ने बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर सुबह के समय गोलीबारी की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और अंधेरे और सुनसान सड़क पर जाने से पहले गैलेक्सी अपार्टमेंट की दिशा में कम से कम चार गोलियां चलाईं। सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से खतरा है। पिछले



कुछ वर्षों में उन्हें और उनके पिता सलीम खान को अलग-अलग तरीकों से जान से मारने की धमकियां दी गई हैं। परिवार को एक पत्र भी भेजा गया था। यह पता नहीं चल पाया है कि सलमान खान उस वक़्त घर पर थे या नहीं।बांद्रा पुलिस की एक टीम खान के घर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर रही है ताकि पता चल पाए कि वो कौन लोग थे, जिन्होंने गोलीबारी की।

# राहुल गांधी केरल में चुनावी रैलियों में भाग लेंगे, रोड शो करेंगे

**तिरुवनंतपुरम ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल में आगामी सप्ताहों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की रैलियों को संबोधित करेंगे. वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी 15 अप्रैल को दक्षिणी राज्य पहुंचेंगे. कार्यक्रमों के संयोजक जोसेफ वझाकन ने रविवार को यहां एक बयान में बताया कि राहुल गांधी सोमवार शाम को उत्तरी कोझीकोड जिले में यूडीएफ की एक रैली को संबोधित करेंगे. वह 15 और 16 अप्रैल को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे. वह 18 अप्रैल को कन्नूर, पलक्कड और कोट्टायम निर्वाचन क्षेत्रों में सभाओं में भाग लेंगे.

वझाकन ने बताया कि गांधी का 22 अप्रैल को त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलपुझा जिलों में भी रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है. कांग्रेस नेता गांधी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करके और एक बड़ा रोड शो करके इस महीने की शुरूआत में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया था. उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में 4,31,770 मतों के रिकॉर्ड अंतर से वायनाड में जीत हासिल की थी.



कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के अलावा कई अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नेता भी राज्य में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे. उन्होंने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार 16 अप्रैल को इस दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे. वह तिरुवनंतपुरम, कोझीकोड और मलप्पुरम निर्वाचन क्षेत्रों में रोड शो करेंगे तथा पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करेंगे. केरल की 20 लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।

**प्रशंसा** | भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने पर बोले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री

# भाजपा का संकल्प पत्र देश का एंबिशन हैः सीएम योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र रविवार को जारी हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की संकल्पना पर आधारित 14 नए संकल्पों और चार स्तंभों (गरीब, युवा, महिला व किसान) पर आधारित भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश का एंबिशन है। देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है। मोदी का विजन ही हम सबका मिशन है। यह संकल्प पत्र देश के सभी नागरिकों को मोदी की गारंटी है। यह डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ अपॉर्च्युनिटी की अपेक्षा को पूरा होने की गारंटी है।

युवा, महिला, किसान व गरीब ही आधार सीएम योगी ने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब बिना भेदभाव के हर तबके के लोगों के लिए, सबका साथ-सबका विकास के भाव के साथ आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाना। इस संकल्प पत्र में चार आधार (युवा, महिला, अन्नदाता किसान व गरीब) बनाए गए हैं। इन चारों के उन्नयन के लिए कार्य करना ही प्राथमिकता है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए जारी हुईं अनेक योजनाएं**

सीएम ने कहा कि पिछले दस वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से उभरे। उनके जीवन में परिवर्तन आया। पीएम मोदी के नेतृत्व में युवाओं के लिए अनेक योजनाएं जारी हुईं। पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना या रोजगार से जुड़े अन्य सभी कार्यक्रमों



के साथ-साथ निवेश को नौकरी के साथ जोड़ने के अलावा रोजगार व नौकरी की संभावनाओं को विकसित करने के कार्यक्रम को भी इस संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है। 10 करोड़ महिलाओं को स्वयंसेवी समूहों के माध्यम से स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने के साथ ही अगले पांच वर्ष के नए विजन के साथ उनके जीवन में व्यापक परिवर्तन को आधार बनाने का कार्य हुआ है। चार आधार स्तंभों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया लोक कल्याण संकल्प पत्र सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर सेक्टर को छूते हुए उक्त चार आधार स्तंभों को ध्यान में रखते हुए भाजपा ने लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी किया है। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। संकल्प पत्र के माध्यम से दिए गए विजन को भाजपा का कोटि-कोटि कार्यकर्ता अपने जीवन का मिशन बनाकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार बनाने का कार्य करेगा। देश की आशा व आकांक्षाओं को पूरा करने में योगदान देगा। सीएम ने विश्वास जताया कि जनता-जनार्दन का आशीर्वाद इस संकल्प पत्र के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त होगा।

**सीएम योगी ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का जताया आभार**

- बोले- देश का एंबिशन ही मोदी का मिशन है
- गरीब, युवा, महिला व किसान रूपी स्तंभों पर आधारित है भाजपा का संकल्प पत्रः योगी
- संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत व विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगाः मुख्यमंत्री

सीएम योगी ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संकल्प पत्र निर्माण समिति के अध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया है। इस संकल्प पत्र के लिए प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का हृदय से अभिनंदन और प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं व 25 करोड़ जनता की ओर से आभार व्यक्त करता हूं।



# डॉ॰भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बैन्ड बाजों के साथ निकाला डोला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** कुबेर इंटर कॉलेज से देश के महान राजनैतिक, भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न संविधान रचेता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में बैन्ड बाजों के साथ डोले निकालें गयें। डोले का उद्घाटन बुलन्दशहर बार एसोसिएशन महासचिव एडवोकेट पवन कुमार निम, एडवोकेट मिटठन लाल एवं त्रिलोक राज ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर हरिओम शिरीष, नीटू निगम, मानसिंह ,वरून शिरीष, एड० मनीष कुमार,अनील गौतम, विजय कुमार, देशराज सिंह, राजेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अतर सिंह, रतन लाल, महेश सौरभ, प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार,चन्द्र सैन,चन्द्र पाल सिंह, कैलाश चन्द,सोरन सिंह विजय मैडीकल, करन सिंह,विजय कुमार गौतम एवं नगर व ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



# अंबेडकर पार्क पर हर्षोल्लास से मनाया गया डॉ.अंबेडकर जन्मोत्सव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ, भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक संगठनों व दलों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर

**बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने का लिया संकल्प, राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।अंबेडकर जयंती समिति शिकारपुर की टीम के साथ साथ नगर के सर्व समाज के लोग व क्षेत्र के सभी सम्मानित लोग अंबेडकर पार्क पर उपस्थित हुए व बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा देश के लिए संविधान निर्माण के साथ-साथ देश के लिए अहम योगदान के लिए अपने अपने विचार रखे ' इस अवसर पर नानक चंद बौद्ध ने कहा कि संविधान निमार्ता भारत रतन डॉक्टर अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सभी उनके आदर्शों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि डॉ अबेडकर का संदेश था कि शिक्षित बनो संगठित रहो व संघर्ष करो, समाज एवं देश की प्रकृति का सार ।गर्भित है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नानक चंद बौद्ध, हरि गोपाल हरित , विजय जैनवाल, धर्म सिंह , सतीश चंद मास्टर जी, इंजीङ्क अरुण गौतम, सतीश चंद गौतम , महेश मास्टर जी, जमील गाजी, जितेंद्र सैनी, प्रेमपाल सिंह, गंगा सिंह, राकेश हेमंत कुमार,संजय सिंह, विचित्र कुमार, सचिन जाटव, प्रभात , एड नीरज कुमार , रवि मास्टर जी, करण जाटव, विपिन कुमार, नरेश प्रधान, नंदा सिंह , राहुल जाटव, लवदीप, मनीष जाटव आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे ।



**आधुनिक भारत के निमार्ता थे डॉ बी आर अंबेडकर : जगदीश आर्य**

रविवार को बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर खुर्जा बस स्टैंड अंबेडकर पार्क पर यथार्थ दार्शनिक एवं चिंतक, समाज सुधारक डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। डॉ०भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने बाबा साहब द्वारा किए गए समाज सुधार के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा की बाबा साहब द्वारा सर्व समाज के उत्थान के लिए कार्य किया ! एवं पूर्व सांसद प्रतिनिधि जगदीश सिंह आर्य ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब द्वारा समाज में फैली छुआ छात कुरीतियों एवं पाखंडों का घोर विरोध करते हुए सर्व समाज के उत्थान के लिए कार्य किया एवं भारतीय लोकतंत्र को चलाने के लिए भारतीय संविधान का निर्माण किया! यथार्थ दर्शी एवं समाज, सुधारक, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को बार-बार नमन करते हैं उन्होंने कहा कि डॉक्टर बी आर अंबेडकर ने किसी जाति धर्म या संप्रदाय के लिए काम नहीं किया बल्कि संपूर्ण नागरिकों के कल्याण के लिए कार्य किये। वास्तव में वह आधुनिक भारत के निमार्ता थे।!इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा, गौरव शर्मा मंडल महामंत्री, राजीव आर्य (मंडल संयोजक आईटी विभाग),मुकेश गर्ग ,वीरेंद्र गर्ग सभासद कपिल आर्य सभासद, विनय कुमार उर्फ बबलू सभासद, मिंटू सैनी, माइकल गौतम, मनोज गौतम आदि आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे !

# जुनेद सैफी दृष्टि फाउंडेशन संस्था के कोषाध्यक्ष मनोनीत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** दृष्टि फाउंडेशन के संस्थापक प्रशांत सेन मंगवाने ने संस्था के कार्यालय पर आयोजित बैठक में नगर निवासी फर्नीचर व्यापारी जुनैद सैफी को संस्था का कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर संस्था के संस्थापक प्रशांत सेन मंगवाने ने कहा संस्था का उद्देश्य गरीब लोगों की हर संभव मदद करना है। उन्होंने कहा कि जुनैद सैफी की समाज सेवा के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंप गई है। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष जुनैद सैफी ने कहा संस्था में मिले दायित्व को पूरी समर्पण भावना के साथ निभाएंगे। हमेशा आमजनों की सेवा में तत्पर रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष रोबिन सिंह, प्रदेश सचिव डॉ राहुल कंसल जिला अध्यक्ष हैप्पी वर्मा, नगर अध्यक्ष मोहित सिंघल नगर उपाध्यक्ष डॉक्टर अर्जुन सिंह, नगर महामंत्री निक्की सैनी, नगर मंत्री रितिक राज, दीपक कंसल आदि ने जुनेद सैफी को पगड़ी पहनकर बधाई दी। बैठक का संचालन प्रदेश सचिव डॉ राहुल कंसल व जिला अध्यक्ष हैप्पी वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।





## प्रतिदिन व्यायाम करके मिलेगा बीमारियों से छुटकारा: डीएसपी खुशविंदर पाल सिंह

# पंजाब पुलिस के जवानों से डिबाई के युवा सिख रहें योगा,योगाभ्यास से मिल रहा स्वास्थ्य लाभ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** नगर में लोकसभा इलेक्शन ड्यूटी में लगे पंजाब पुलिस के जवान कुबेर इंटर कॉलेज में ठहरे हुए हैं। जवानों में मुख्य रूप से डीएसपी खुशविंदर पाल सिंह ,एएसआई मंजीत सिंह मणि सिंह, हेड कांस्टेबल सुखविंदर सिंह, कांस्टेबल सिमरनजीत सिंह सुबह प्रतिदिन कॉलेज प्रांगण में योग एवं एक्सरसाइज करते हुए दिखाई देते हैं हमारे नगर के भी युवा कॉलेज प्रांगण में प्रतिदिन योग एवं व्यायाम करने के लिए जाते हैं नगर के युवाओं ने दैनिक बुलन्द संदेश संवाददाता को बताया हम तो सुबह खाली टहलने और थोड़ा बहुत व्यायाम कर लेते थे 15 दिन पहले जब हमारी मुलाकात पंजाब पुलिस के जवानों से हुई है तभी से वह हमें प्रतिदिन नई-नई तरीके की एक्सरसाइज करना सिखाते हैं पहले हम ठीक प्रकार से व्यायाम नहीं कर पाते थे जब से हमने इनके साथ एक्सरसाइज एवं योग करना शुरू किया है। तभी से हमें नई ऊर्जा का संचार महसूस हो रहा है हम लोग पंजाब पुलिस के आभारी हैं। वह हमें प्रतिदिन नए-नए तरीके से एक्सरसाइज करना सिखाते हैं। नगर से योग करने वालों में मुख्य रूप से किट्टी डॉन,वीरेंद्र कुमार,कपेन्द्र वार्ष्णेय, ललित दादा मनोज हल्दीराम,सोनू मोबाइल आदि के साथ दर्जनों व्यक्ति मौजूद रहते हैं।



# नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने की मां कात्यायनी की आराधना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** नगर के विभिन्न मंदिरों में दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। महामाई की पूजन को श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पडा । माता के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना कर उपवास रखा और परिवार में सुख शांति और समृद्धि की कामना की। रविवार को महामाई मां कात्यायनी की पूजा करने के लिए सुबह से डेढ़ साल तक श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमडता रहा। श्रद्धा वालों ने श्रद्धा विश्वास के साथ विधि विधान पूर्वक मां कात्यायनी का पूजन किया। पान फल फूल मेवा मिष्ठान चुनरी ध्वजा नारियल आदि भेंट कर मां कात्यायनी का पूजन किया। पुजारी मोनू शर्मा ने बताया कि मां कात्यायनी की उपासना से रोक-टोक सताप और भय नष्ट हो जाते हैं । मैया की चार भुजाएं हैं। दाएं तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा और नीचे वाला हाथ वरमुद्रा में है। मां के बाएं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। शाम को मंदिरों में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने भजनों के द्वारा मां दुर्गा में उनके अन्य स्वरूप देवियों का गुणगान किया।



# शिकारपुर में हवन कर भाजपा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा पूरी ताकत से जुट गई है। इसी क्रम में शिकारपुर विधानसभा चुनाव कार्यालय शुभारंभ पुरानी अनाज मंडी में हुआ। पंडित ने वैदिक मंत्र उपचार के साथ हवन पूजा कर शुभारंभ किया। इस मौके पर हवन में आहुति देकर 400 पार के संकल्प को दोहराया। बुलंदशहर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह का चुनावी कार्यालय पुरानी अनाज मंडी शिकारपुर में हवन पूजा के साथ शुभारंभ किया। कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर संगठन के जिला महामंत्री संजय चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष विपिन बंसल एवं वेद प्रकाश शर्मा ,नगर पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी ,पंकज शर्मा, डॉक्टर विनोद शर्मा, संदीप गुप्ता, कुशाल सिंहल, डॉक्टर मंगलदेव शर्मा , डॉक्टर गिरीश गुप्ता, डॉ अशोक, जयप्रकाश , राधा सिरोही, पुरुषोत्तम वार्ष्णेय ,शिव कुमार शर्मा , नितीश ठाकुर आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**हवन के साथ 400 पार का लिया संकल्प**

# केबीएसआर में उत्तर प्रदेश को प्रथम आने पर रविन्द्र राणा ने दी आईएनओ को बधाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी ।** आई एन द्वारा देश भर में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश को प्रथम आने पर नेचुरोपैथी योग एंड स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रख्यात पर्यावरणविद रविंद्र राणा ने आई एन ओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनंत बिरादर और उनकी टीम को बधाई दी है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय, हरियाणा तृतीय, तमिलनाडु चतुर्थ और गुजरात को पंचम पायदान पर डटे रहने का गौरव प्राप्त हुआ है। डॉ रविन्द्र राणा ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय संगठन आई एन ओ कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक प्रतियोगिता को प्रतिवर्ष देश भर में आयोजित कराता है और उत्तर प्रदेश हमेशा उत्तम पायदान पर रहता है। आई एन ओ देश दुनिया में समग्र स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है। उत्तर प्रदेश के कार्यकताओं में बेहद खुशी का माहौल है।




# प्रधानमंत्री के संकल्प "अबकी बार 400 पार" को पूरा करेंगे कार्यकर्ता : भूपेंद्र चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** सुरजभान सरस्वती इंटर कॉलेज शिकारपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को बूथ स्तर के कार्यकर्ता पूरा करेंगे।

उन्होंने कहा की शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, और पन्ना प्रमुख सब मिलकर बूथ विजय अभियान चलाएं। सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को सचेत करें।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश को परमाणु शक्ति संपन्न बनाया ,राम मंदिर का निर्माण कराया, किसानों के निजी नलकूपों के बिल माफ किये, देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक पहचान दिलाई, कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सांसद डॉक्टर भोला सिंह ,जिला अध्यक्ष विकास चौहान ,विधायक अनिल शर्मा ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष हिमांशु मित्तल, जिला पंचायत अध्यक्ष अंतुल तेवतिया, पूर्व विधायक विमला सोलंकी, पालिका अध्यक्ष राजबाला सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास गर्ग, जिला महामंत्री संजय चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष डॉक्टर विनोद शर्मा, डॉ मंगलदेव शर्मा, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीनू शर्मा तथा सभी बूथ अध्यक्ष ,पन्ना प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शंभू सिंह राघव ने किया प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राजबाला सैनी का दो बार नाम लिया मेरी बहन कहकर संबोधित किया।



# मनाई गई बाबा साहेब की133वीं जयंती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** रविवार को बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर कार्यालय नगर पालिका परिषद शिकारपुर, मोहल्ला कोटशरखाँ

**बाबा साहेब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए, उनके विचारों पर चलने से देश आगे बढ़ेगा, उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिले और सभी लोग शिक्षित बने**

व मोहल्ला नौगंज स्थित अंबेडकर पार्क में अध्यक्ष महोदया नगर पालिका परिषद शिकारपुर श्रीमती राजबाला देवी व अधिशासी अधिकारी महोदया सुश्री नीतू सिंह,सभासदगण व कर्मचारिगणों द्वारा #अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने कहा कि बाबा साहब की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, उनके बताए गए विचारों पर चलें। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया है। भारतीय संविधान बनाने में बाबा साहब का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए। सभी को बराबर का सम्मान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए। डॉ अंबेडकर जी का पूरा जीवन संघर्ष सत्य निष्ठा लगन में वंचित वर्ग के प्रति करुणा का प्रतीक है। इस अवसर पर गौतम कुमार सूर्यवंशी, सूर्यकांत शर्मा, वीरेंद्र कुमार गर्ग, राजेंद्र सिंह लोधी, रनजीत सैनी, विनय कुमार, धीरज कुमार शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



## डॉ.अम्बेडकर

डॉ भीमराव अम्बेडकर,
संविधान के थे निमार्ता।
उनसे बढ़कर कौन भला था,
भारतीय दर्शन का ज्ञाता।
शोषित, दलित, गरीब जनों के,
उन्हें मसीहा कहते लोग।
वह कहते थे आज अशिक्षा,
है समाज का भीषण रोग।
इसीलिए शिक्षा के ऊपर,
दिया उन्होंने पूरा ध्यान।
डॉ भीमराव पर "राणा",
किसे नहीं होता अभियान।
डॉ साहब ने नारी शिक्षा पर,
भी ज्यादा जोर दिया।
तम की काली रात मिटाकर,
स्वर्णिम युग का आगाज किया।
रचा उन्होंने मनोयोग से,
संविधान का ताना-बाना।
उनके ऊपर कुछ भी कहना,
सूरज को है दीप दिखाना।
आओ! उनके जन्म दिवस पर,
नाचे गाएं खुशी मनाएं।
उनके श्री चरणों में,
श्रद्धा के कुछ सुमन चढ़ाएं।



डॉ. आर के राणा
(पर्यावरणविद एवं साहित्यकार)
गुलावठी, बुलंदशहर

## गिरफ्तारी — आरोपी रफीक के विरुद्ध जनपद के कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा मे अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व कोतवाली शिकारपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में बने और अधवने तमंचा व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। में अपराध व अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना शिकारपुर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर आँचरुकला के पास काली नदी के पुल के नीचे से एक अभियुक्त को भारी मात्रा में अवैध शस्त्र, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण आदि सहित गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शिकारपुर पर मुअसं-138/24 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता रफीक पुत्र हनीफ निवासी यूसुफपुर मलगोसा थाना खुर्जा देहात जनपद बुलन्दशहर, बरामदगी चार तमंचे 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस, एक अधबना तमंचा, एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण- लोहे की फूकनी, एक लोहे की आरी, एक बड़ा हथोड़ा, दो पेचकस (छोटा व बड़ा), तीन लोहे की नाल, एक गाटर का टुकड़ा, एक प्लास, एक लोहे की सुम्मी, दो रेगमार्क, एक लोहे की छैनी, 09 स्क्रू पेंच, 06 स्प्रिंग, चार लकड़ी के अधबने बट, एक आरी का पत्ता, एक ड्रिल मशीन, एक शिकंजा, एक छोटा पंखा व बैटरी, कोयला का कट्टा, माचिस आदि गिरफ्तार अभियुक्त रफीक का आपराधिक इतिहास मुअसं- 28/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 29/23 धारा 379 भादवि थाना अहमदगढ़ जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 49/23 धारा 395/397/412 भादवि थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 144/23 धारा 380/457 भादवि थाना ककोड़ जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 228/23 धारा 395/412 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 239/23 धारा 3/4/25 शस्त्र अधि0 व 307 भादवि थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 485/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर, मुअसं- 138/24 धारा 3/5/25 शस्त्र अधि. थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि उनके द्वारा तमंचे तैयार कर उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता है उल्लेखनीय है कि अभियुक्त लूट व अवैध शस्त्र रखने में पहले भी जेल जा चुका है तथा थाना शिकारपुर पर पंजीकृत मुअसं-485/23 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार चतुर्वेदी, रोहित प्रताप सिंह, हेमवीर सिंह, शामिल रहे।



# बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर हम सबके प्रेरणास्त्रोत हैं, उनके बताए हुए मार्ग पर ही हमें चलना है: डॉली शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कीं और जगह-जगह पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कीं। रविवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अपने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में भारतीय संविधान के निमार्ता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म-जयंती के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कीं और जगह जगह पर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कीं। इसी क्रम में डॉली शर्मा अपने समर्थकों के साथ डॉ बी आर अंबेडकर जयंती पार्क, नवयुग मार्केट पहुंचीं और बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प-माला अर्पित करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कीं। इस मौके पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी और पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज आदि ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान के निर्माण में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके सपने







के भारत को बनाने के लिए हमारी कांग्रेस पार्टी सतत सक्रिय रही है। उनके जीवन आदर्श हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं। हम सबकी जेहन में, भावी पीढ़ियों के मनोमस्तिष्क में उनकी स्मृति अक्षुण्ण रहे, जनमानस उनसे प्रेरणा लेता रहे, इसका मैं पुख्ता इंतजाम करूंगी। समाज के शोषित व दलित वर्ग की हकमारी कोई नहीं कर पाए, इस नजरिए से सदैव चौकस रहती हूं। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों मैंने नगर आयुक्त गाजियाबाद को पत्र लिखकर शहर के विभिन्न चौक-चौराहे के सौंदर्यीकरण सजावटीकरण की मांग की थी और उसे बाबा साहब की स्मृतियों से जोड़ने की जरूरत बताई थी। इस दिशा में बढ़े कार्यों का परिणाम आपके सामने है। इससे मुझे बहुत खुशी हुई है। शहर की मलिन बस्तियों और झुग्गी-झोपड़ियों तक विकास की किरण पहुंचाना मेरा सपना है। यदि आपने मुझे मौका दिया, जनादेश दिया, और यह सब कुछ मैं कर पायी, तो यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। यहां पर उन्होंने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर विचार सेवा संस्थान द्वारा लगाई गई "डॉ अम्बेडकर साहित्य प्रदर्शनी" का भी जायजा लिया और उनकी जनकल्याणकारी साहित्य में अभिरुचि ली। यहां पर आयोजकों ने उन्हें जय भीम का पटका भेंट किया और उनसे जुड़ी स्मृति चिन्ह प्रदान की। इसके बाद वह तमाम दलित नेताओं व समाजसेवियों से मिलीं और उनका कुशल क्षेम पूछीं। इससे पहले उन्होंने घूकना मोड़, गली नं- 3, भीम नगर, गाजियाबाद में सावित्री बाई फूले जन सेवा संस्थान के नेतृत्व में आयोजित जनसंपर्क बैठक में शरीक हुई। यहां पर उन्हें फूलों की माला से लाद दिया गया। ततपश्चात उन्होंने पटेल मार्ग स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और यहां पर आयोजित विशाल भंडारा में प्रसाद वितरण किया। उनके साथ पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी, किसान नेता अमित शर्मा, अश्विनी शर्मा आशु, आप नेता अश्विनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा सामान्य चुनाव-2024 में 85+ और दिव्यांग व्यक्ति मतदाता द्वारा मतदान कराने हेतु मतदान दल के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोक सभा सामान्य चुनाव-2024 में 85+और दिव्यांग व्यक्ति मतदाता द्वारा मतदान कराने हेतु मतदान दल के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में किया



गया। प्रशिक्षण शिविर में नामित सभी प्रभारियों व कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के क्रम में लोक सभा सामान्य चुनाव–2024 के तहत 85+ और दिव्यांग व्यक्तियों को मतदान कराने हेतु जो मतदान स्थल तक नहीं जा सकते को चिन्हित किया गया जिसमें (85+और दिव्यांग व्यक्ति) लोनी विधानसभा में 21+41, मुदानगर विधानसभा में 75+24, साहिबाबाद विधानसभा में 106+24, गाजियाबाद विधानसभा में 55+35, मोदीनगर विधानसभा में 61+17 व धौलाना में 11+10 मतदाता हैं। जिनकी कुल संख्या 329(85+)+151दिव्यांग व्यक्ति, 480 कुल मतदाता हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मतदान कराने वाली टीम में 02 मतदान अधिकारी, 01 माइक्रो ऑब्जर्वर, 01 वीडियोग्राफर, सुरक्षाकर्मी रहेंगे। उक्त टीम के पास मतदान के सम्बंध में मतदाता की सूची, पोस्टल बैलट पेपर, फॉर्म 13 ए(मतदाता की घोषणा और उसका साक्षी), फार्म 13 बी(पोस्टल बैलट पेपर रखने वाला लिफाफा , फॉर्म 13 सी,लिफाफा, पेन वोट देने के लिए), इंक पैड, ग्लूस्टिक, अमिट स्याही, मतदाता के हस्ताक्षर के लिए रजिस्टर अनुलग्नक-10, मतदाता प्रकोष्ठ वोटिंग कम्पार्टमेंट, मतदान पेटिका ,बैलट बॉक्स सामाग्री रहेंगी। मतदान प्रक्रिया में मतदान सुबह समय 9:00 से शाम 5:00 तक करवाया जायेगा। उम्मीदवार या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के द्वारा दिये गये फार्म,10 में एआरओ पोलिंग एजेंट नियुक्त करेंगे। सर्वप्रथम एआरओ द्वारा निर्धारित रूट चार्टके अनुसार मतदान करना प्रारंभ करेंगे। फार्म हू 12डी के अनुसार उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार मतदाता के पहचान हेतु प्रमाण पत्र ईपीक,आधार,पैन,बैंक पासबुक इत्यादि में से एक देखेगे। मतदाता का विवरण रजिस्टर ( अनुलग्नक-10) में अंकित करेंगे। मतदाता के हस्ताक्षर या निशानी अंगूठा लेंगे। एक मतदान अधिकारी द्वारा (वरिष्ठ) द्वारा फॉर्म -13 में मतदाता का घोषणा (घोषणा)भरायेगे तथा मतदाता के हस्ताक्षर या अंगूठा निशानी लेकर उसे प्रमाणित करेंगे। मतदाता प्रकोष्ठ स्थापित करेगें। पोस्टल बैलट पेपर के काउंटर फाइल पर विवरण भर कर मतदाता को पोस्टल बैलट पेपर जारी करेगें। मतदाता मतदान की गोपनीयता बनाते हुए मतदान प्रकोष्ठ में दिये गये पेन से वोट करेंगे। मतदान के उपरांत पोस्टल बैलट पेपर को फॉर्म 13बी (लिफाफे) में रखकर चिपकायेगे।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर वैचारिकी समकालीन परिप्रेक्ष्य विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देव नागरी महाविद्यालय में आयोजित इस राष्ट्रीय वेबिनार के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर विकास सिंह गौतम ने कहा कि डॉ अंबेडकर को दलित नेता के रूप में सीमित करना उनके व्यक्तित्व के साथ अन्याय है। प्रचलित धारणा के विपरीत डॉ आंबेडकर एक बड़े अर्थशास्त्री, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार व राजनेता के रूप में भी जाने जाते हैं। समानता के बिंदु पर अंबेडकर व कार्ल मार्क्स के बीच समानता के बावजूद उसके स्वरूप तथा उसे प्राप्त करने के तरीके को लेकर दोनों के मध्य मतभेद थे। जहां पर मार्क्स पाश्चात्य समाज में वर्ग संघर्ष की बात कर रहे थे,वहीं अंबेडकर ने भारतीय समाज में समानता की प्राप्ति में जातिभेद के उन्मूलन को महत्वपूर्ण माना। जहां मार्क्स ने हिंसा के द्वारा समानता प्राप्ति पर जोर दिया वहीं अंबेडकर सामाजिक न्याय के लिए लोकतांत्रिक तरीके में विश्वास रखते थे। गांधी तथा अंबेडकर के बीच जाति भेद के उन्मूलन को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां गांधी का विकास मॉडल ग्राम स्वराज पर आधारित था वहीं अंबेडकर ने जाति भेद को समाप्त करने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए शहरीकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि डॉ आंबेडकर अपने समय के सबसे बड़े मनीषी थे। उन्होंने भारत को एक ज्यादा समावेशी लोकतंत्र बनाने के लिए अथक परिश्रम किया। विषय प्रवर्तन करते हुए कार्यक्रम के संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि भारत का इतिहास सामाजिक व धार्मिक क्रांति का इतिहास है। बुद्ध, कबीर और राजा राममोहन राय की तरह ही डॉ अंबेडकर समकालीन भारत में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत रहे हैं। वेबीनार का सार संक्षेप पीयूष त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया तथा मुख्य वक्ता का परिचय कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ महेंद्र कुमार ने दिया। डॉ संदीप कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया। इस

# महिला सुरक्षा हो प्राथमिकता: रश्मि चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

गाजियाबाद। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी कैसा हो इस बारे में गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी आरडब्लूए की पूर्व अध्यक्ष रश्मि चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा जिसकी प्राथमिकता हो रात को महिलाएं अपने घर से बाहर निकालने में डरती है और आम आदमी से सामंजस्य स्थापित कर सके ऐसा प्रत्याशी होना चाहिए। चुनाव के बाद जनता के बीच से गायब न होकर जनता के बीच रहे ऐसा प्रत्याशी ही दिशा और दशा दोनों बदल सकता है।



# प्रशासन और मतदाताओं की उदासीनता चुनावों पर भारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।।** महानगर के इंदिरापुरम स्थित निहो स्कॉटिश गार्डन में फ्लैट ओनर फेडरेशन द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत यहां के निवासियों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास

## 20 प्रतिशत मत पाकर जीतने वाला नहीं करेगा सभी का प्रतिनिधित्व

अधिकारी एवं स्वीप के नोडल ऑफिसर अभिनव गोपाल ने एक उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के ट्रांस हिंडन क्षेत्र मे 2022 के विधान सभा चुनाव मे 47% मतदान हुआ था। अब मान लीजिए की इस 47 प्रतिशत में से 20 प्रतिशत एक प्रत्याशी को मिले, 10 प्रतिशत दूसरे को व 10 प्रतिशत तीसरे को, तथा 5 प्रतिशत चौथे को और 2 प्रतिशत नोटा को वोट मिले। तो चुनाव में महज 20 प्रतिशत वोट पाकर जीतने वाला प्रत्याशी बाकि 80 प्रतिशत वोटर्स का ख्याल नहीं रखेगा। तमाम समस्याओं से जूझने के बाद भी 80 प्रतिशत वोटर्स को शिकायत करने का क्या अधिकार रह जायेगा या कौन उनकी सुनवाई करेगा।उन्होंने कहा की गाजियाबाद का मतदान प्रतिशत बढ़ना ही चाहिए।



उपजिलाधिकारी अरुण दीक्षित ने कहा कि गाजियाबाद का मतदान प्रतिशत पूरे उत्तर प्रदेश मे सबसे कम रहा है जोकि बेहद शर्म की बात है। इससे भी बड़ी शर्म की बात यह है कि यह मतदान प्रतिशत 2017 में 57 प्रतिशत से घटकर 2022 में 53 प्रतिशत रह गया और उससे भी बड़ी शर्म की बात यह है कि यह मतदान प्रतिशत गाजियाबाद ट्रांसहिंडन क्षेत्र में 47प्रतिशत रह गया। आडब्लूए फेडरेशन एवं फ्लैट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद के चैयरमेन कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने कहा कि मतदान प्रतिशत का कम होना जन प्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता का कारण भी है। वो गाजियाबाद जिसने आरडब्लूए के अभियान को पूरे देश में फैलाया उस शहर के आरडब्लूए के साथ निरंतर बैठक करने में प्रशासन को संकोच होता है। कर्नल त्यागी ने कहा, कुछ भी हो हम संविधान की धारा 51-ए में दिए गए कर्तव्यों का पालन करते हुए इस बार गाजियाबाद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जी जान लगा देंगे। इस अवसर पर कवि डॉ आर पी शर्मा, डॉ पवन कौशिक, सरदार जी एस सिद्धू सहित तमाम लोगों की उपस्थिति में सोसाइटी के अध्यक्ष संदीप त्यागी और सचिव रचित कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने मतदान करने की शपथ ली।

# नगर मे धूमधाम से मनायी गयी अम्बेडकर जयंती, प्रभात फेरी व भव्य शोभायात्रा निकाली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** नगर कांग्रेस कमेटी पिलखुवा द्वारा महान समाज सुधारक, भारतीय संविधान के शिल्पकार,भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण के उपरांत संगठन पर विचार विमर्श किया गया , ज्ञानेंद्र गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समरसता व समानता के पक्षधर थें,नारी शिक्षा को बढ़ावा और समाज में समानता का अधिकार डॉ भीमराव आंबेडकर जी की ही देन है, अन्य वक्ताओं ने भी अपने अपने विचार रखे। डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर ज्ञानेंद्र गुप्ता, नरेश कर्दम एडवोकेट उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, आसमौहम्मद वरिष्ठ उपाध्यक्ष नगर कांग्रेस, मुरसलीन चौधरी जिला उपाध्यक्ष,हरिओम चौहान जिलापंचायत सदस्य, लाला धर्मवीर, आदेश शर्मा नगर उपाध्यक्ष ,रामवीर गोतम, इकबाल सैफी जिला सचिव, चमनलाल शर्मा ब्लाक अध्यक्ष, मनीष कुमार, मूलचंद गोतम, ऋषि पाल जाटव,एस त्रिवेदी, हरिओम शर्मा व अन्य कार्यकर्ता रहे। वहीं दूसरी ओर जन्मोत्सव समारोह समिति द्वारा नगर में बाजे गाजे के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली।





# बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रबूपुरा (उपेन्द्र भाटी)।** रविवार को कस्बे स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर विकास सीमित द्वारा अम्बेडकर भवन में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया।इस दौरान सुनील तायल ने कहा की बाबा साहेब संविधान निमार्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिक, समाजशास्त्री, जिन्हो ने समाज में फैली बुराईया, दलित मजदूरों महिलाओ, शोषित, वंचित, के ऊपर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। सीमित के पदाधिकारी हरिओम सिंह, अध्यक्ष रामकुमार जी, चंद्रसेन गौतम, चंद्रशेखर, जयप्रकाश, सोनू, अजीत गौतम, आदि लोग मौजूद रहे।




# मुझे विश्वास है भाजपा सबका साथ सबका विश्वास की नीति पर सफल होगी :बेबी रानी मौर्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** लोकसभा चुनाव का आगाज होते ही भारतीय जनता पार्टी ने हर वर्ग से अपने नेता,वक्ता और चेहरे को कहीं न कहीं की कमान सौंप कर संगठनात्मक कार्यकुशलता का परिचय दिया है। इसी कड़ी में गाजियाबाद महानगर द्वारा आयोजित शहर विधानसभा के मुख्य सम्मेलन कार्यक्रम में बेबी रानी मौर्य को कार्यकर्ताओ का मार्ग दर्शन करने हेतु भेजा गया। बूथ सम्मेलन की मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य योगी सरकार में महिला कल्याण बाल विकास और पुष्टाहार की कैबिनेट मंत्री हैं। बेबी रानी मौर्य ने बूथ सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने की।

हिंदी भवन में आयोजित कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष सेक्टर प्रभारी सेक्टर संयोजक एवं मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री और मंडल प्रभारी प्रमुख रूप से आमंत्रित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य ने सम्मेलन में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गाजियाबाद में निश्चित ही जीतेगी कारण जिस प्रकार जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को अब तक मिलता चला आ रहा है। और कार्यकर्ताओ का उत्साह जिस प्रकार दिख रहा है मुझे विश्वास है भाजपा सबका साथ सबका विश्वास की नीति पर सफल होगी और हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओ की मेहनत भी सफल होगी। हमारे बूथ जीतने की रणनीति तय है. मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ जीता चुनाव जीता। इसी के आधारभूत संगठन कार्यकर्त्ता हर बूथ जीतेगा हर वार्ड जीतेगा, हर ब्लॉक जीतेगा, हर विधानसभा जीतेगा पूरी लोकसभा जीतेगा, प्रदेश जीतेगा और देश जीतेगा। अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार के नारे को सार्थक करने के लिए हमें बूथ की प्रचंड जीत को ही आधार बनाना है। मंत्री बेबी रानी मौर्या ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए बताया कि देश के प्रधानमन्त्री मोदी ने दलित, शोषित पिछड़े वर्गो की चिंता की है उनको सम्मान दिया है। मोदी ने बाबा साहब को भारत रत्न और पंच तीर्थ देकर हमारे दिलों को छुआ है। आज दलित समाज मोदी की तीसरी पारी को लाने में अपना अहम किरदार अदा करेगा। बूथ सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे संजीव शर्मा ने कहा कि अभी तक भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में मैने गाजियाबाद के कार्यकताओं का सेवक और सहयोगी बनकर कार्य किया है और आगे इसी तरह भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में करता रहूंगा।भाजपा और आरएलडी के अधिकृत प्रत्याशी और उत्तर प्रदेश शासन में मंत्री रहे अतुल गर्ग ने बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भाजपा का हर कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे है। कार्यकताओं को उनके कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी में आप जैसे सभी कार्यकताओं के द्वारा भाजपा को नई सफलताएं प्राप्त हो रही हैं जिसका जीता जाता उदाहरण आप 2014 से देख ही रहे हो। पहले कहा जाता था कि एक बार भाजपा की सरकार एक बार कांग्रेस सरकार लेकिन हमारी प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताते हुए पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाई है।



सम्मान

## एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज 16वें डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन

# विश्व की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्था बनाने में भारत युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा: प्रो.जेपी पांडेय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज 16वें डिग्री वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन आयोजन किया गया। इस समारोह में वर्ष 2022-23 में उत्तीर्ण हुए बीटेक, एमटेक, एमसीए एवं एमबीए के 1239 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की गई तथा 65 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय, कुलपति डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं वशिष्ट अतिथि के रुप में आये रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन, रक्षा मंत्रालय के वैज्ञानिक (जी), डॉ. आलोक जैन द्वारा किया गया। एबीईएस के निदेशक प्रो. डी.के. शर्मा ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के समारोह विद्यार्थियों को उनके द्वारा किये गये कठिन परिश्रम एवं सफलता को सम्मानित करने का मंच प्रदान करता है।







उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सन 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की सर्वोत्तम अर्थव्यवस्था बनाने में भारतीय युवाओं का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान होगा।

प्रो. पांडेय ने विद्यार्थियों के आह्वान किया किय वे भविष्य में अपने मजबूत इरादों, द्दढ निर्णय व अपनी योग्यता का अधितम उपयोग करके अपने सपनों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि आप कहीं भी रहें लेकिन अपनी संस्कृति, मातृभूमि, माता-पिता संस्थान से हमेशा जुड़े रहना। इससे आपकों अपनी उपलब्धियों की परख होती रहती है।

विशिष्ट अतिथि के रुम पें डॉ. आलोक जैन ने कहा कि वर्तमान में उच्च तकनीकि शिक्षा प्राप्त युवाओं के भारतीय रक्षा एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में काफी आवश्यकता है। तकनीक क्षमतावान युवक ही राष्ट्र की उन्नति के लिये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।समारोह में एबीईएस संस्थान के चेयरमैन नीरज गोयल ने डिग्री एवं पदक प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के भविष्य में उन्नति करने की शुभकामनाएं दीं। वाईस प्रेसीडेन्ट गोयल, सलाहकार रघुनन्दन, जनरल सेक्रेटरी शाश्वत गोयल एबीईएस बिजनेस स्कूल के निदेशक प्रो. अजय सिंह ने भी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह को सफल बनाने में कार्यक्रम की संयोजिका नितिका जैन, सह-संयोजक डॉ. डीकेआर्या, समस्त डीन, विभागाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉ. तरूण अरोड़ा का विशेष योगदान रहा।

# आप लोगों को स्कूल-कॉलेज-हॉस्पिटल चाहिए तो मुझे भारी बहुमत प्रदान कीजिए: डॉली शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉली शर्मा आप लोगों को स्कूल-कॉलेज-हॉस्पिटल चाहिए तो मुझे भारी बहुमत प्रदान कीजिए, राजेन्द्र नगर सेक्टर 3, स्थित अपने साहिबाबाद विधानसभा चुनाव कार्यालय, राजेंद्र नगर का उद्घाटन किया।

**उत्तरभारत के महत्वपूर्ण पर्व बैशाखी के अवसर पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह की शुरूआत**

उत्तरभारत के महत्वपूर्ण पर्व बैशाखी के अवसर पर आयोजित इस उद्घाटन समारोह की शुरूआत सुबह 09:30 बजे हवन-पूजन के साथ हुई। सबसे पहले डॉली शर्मा ने सपरिवार मिलकर पूजा-पाठ की और विजयश्री का संकल्प लीं और अपने सभी सहयोगियों को भी दिलवाया। उसके बाद हवन की आहूति दी। हवन में गाजियाबाद लोक सभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ समस्त गठबंधन पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगण ने भी अपनी अपनी आहूति दी। इसके बाद उन्होंने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद डॉली शर्मा एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को इस बात का गर्व होना चाहिए कि आज उनकी बेटी एक बार फिर से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। मैं भी इसी विधानसभा क्षेत्र के प्रह्लादगढ़ी-वसुंधरा गांव से आती हूँ। इसलिए आपके एक एक वोट पर सबसे पहले मेरा हक है। मैं आपके सबसे करीब हूँ, इसलिए मुझसे मिलना भी आपके लिए आसान होगा। हमारी बहुतेरी समस्याएं भी एक होंगी, जिसका मिलजुलकर समाधान संभव है। इसलिए आपसे निवेदन है कि आप अपना किमती वोट हमें दें। इससे आपके स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल, मेट्रो विस्तार, प्रदूषण नियंत्रण, चोरी-छिनतई आदि सभी जनसमस्याओं का समाधान मैं दूंगी। आपके साथ हर संघर्ष में कदमताल भरूँगी। महंगाई और बेरोजगारी दूर करने के लिए सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ूंगी।इस मौके पर इंडिया गठबंधन के विभिन्न पदाधिकारियों ने भी जनसभा को संबोधित किया और आमलोगों से लोकतंत्र और संविधान दोनों को बचाने की मार्मिक अपील की। उन्होंने देश में गंगा-यमुनी तहजीब को बचाने की भी बात दुहराई।






उन्होंने लोगों से कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से साहिबाबाद के बहुमंजिली इमारतों के लोग भी परेशान हैं। इसलिए इस बार उनका भी साथ हमलोगों को मिलेगा, हमारा पूर्ण भरोसा है।

इस अवसर पर विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस; विजय चौधरी, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस; जनाब फैसल हुसैन, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; सचिन शर्मा, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी; महेश आहूजा, जिलाध्यक्ष, शिवसेना, नरेंद्र भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष, महानगर कांग्रेस गाजियाबाद, महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, संजीव भारद्वाज, मनीष भारद्वाज, अमित भारद्वाज, सुमित भारद्वाज, प्रिंस भारद्वाज, अश्विनी कौशिक, राहुल पंडित, अमित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सपा महानगर ने मनाई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

समाजवादी पार्टी महानगर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती सेक्टर 49 बरौला स्थित चुनाव कार्यालय में मनाई। डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलकर ही समाज में सामाजिक समरसता स्थापित की जा सकती है। उनके द्वारा रचित संविधान ही हमारे देश की मूल आत्मा है। भीमराव अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने से ही देश व समाज की तरक्की संभव है। पूर्व नोएडा विधानसभा प्रत्याशी सुनील चौधरी ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता रहे हैं। बाबा साहब समाज सुधारक थे। रविवार को जारी भाजपा का संकल्प पत्र झूठ का पुलिंदा है। इनका असली घोषणा पत्र है संविधान बदलो पत्र है। भाजपा के नेता बाबासाहेब के संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। पूर्व महानगर अध्यक्ष सुबे यादव ने कहा कि याद रखिए, देश विरोधी, समाज विरोधी, लोकतंत्र विरोधी ये सारे षड्यंत्र बीजेपी पहले नीचे से ही शुरू करती है। शुरूआत में सबसे ऊपर के नेता पब्लिक के सामने संविधान की कसमें खायेंगे मगर रात में संविधान को खत्म करने की पटकथा लिखते हैं।



# समझौते के बाद भी नहीं सुधर रहा दबंग डेरी संचालक, पीड़ित ने जताया है जान का खतरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव निवासी गौरव बंसल ने सोसायटी में स्थित दबंग डेरी संचालक से जान का खतरा जताया है। डेरी संचालक भाजपा का नेता है और आये दिन सोसायटी के अंदर डेरी के बाहर बाहरी लोगों को बुलाकर मीटिंग करता रहता है। जिससे वहां से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पूर्व में गौरव बंसल ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल, पुलिस अधिकारियों और आरडब्लूए के दफ्तर में की थी। जिसके बाद कुछ लोगों ने बैठकर डेरी संचालक और गौरव बंसल का आपस में समझौता करवा दिया था। लिखित में समझौता होने के बाद भी डेरी संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिसके कारण सोसायटी के लोगों को दिक्कत हो रही है। वहीं डेरी संचालक भाजपा का दबंग नेता है इसीलिए गौरव ने उससे अपनी जान का खतरा जताया है और कार्यवाही न होने पर गाजियाबाद से पलायन की बात कही है। अब देखना ये है कि दबंग डेरी संचालक पर पुलिस अधिकारी कोई कार्यवाही कर पाते हैं या गौरव को गाजियाबाद छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा।



# सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित कोल्ड रूम का किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** दिल्ली मेरठ रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर में हीट वेव से प्रभावित होने वाले मरीजों की सुविधा के लिए कोल्ड रूम की स्थापना की गई। सीएमओ गाजियाबाद डॉक्टर भवतेश शंकधर ने कोल्ड रूम का निरीक्षण किया। इसी के साथ सीएमओ डॉक्टर भवतेश शंकधर ने मुरादनगर क्षेत्र के गांव बनेड़ा व गांव काकड़ा में चल रहे संचारी रोगों के दस्तक अभियान का निरीक्षण भी किया। सीएमओ ने पूरी टीम के साथ उक्त गांवों में कई घरों में दस्तक दे कर लोगों से उक्त अभियान के बारे में पूछ ताछ की। इस मोके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुरादनगर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश तेवतिया व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रवि व उक्त गांव की आशाएं सीएमओ के साथ मौजूद रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बैसाखी का पर्व ,लंगर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर में धेदा रोड स्थित श्रीगुरू सिंह सभा गुरूद्वारा में रविवार को बैसाखी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरूद्वारा समिति के सचिव दर्शन सिंह ने बताया कि बैसाखी पर्व पर खालसा पंथ की स्थापना का उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया।

गाजियाबाद से आए रागी जत्थे ने शब्द कीर्तन कर संगत को निहाल किया। दर्शन सिंह ने बताया कि आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। खालसा पंथ की स्थापना का मकसद लोगों को मुगल शासकों के अत्याचारों से मुक्त कराना था। ज्ञानी अमरजीत सिंह ने अरदास की। जिसमें सिख समाज के अलावा अन्य समाज के सैंकड़ों लोग मौजूद रहे, और गुरू ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेका।

गुरूद्वारे में अखंड पाठ रखा गया और लंगर का आयोजन किया गया। सचिव दर्शन सिंह, इंद्रजीत सिंह, ओंकार सिंह, ज्ञानी अमरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, हरभजन सिंह, तेजविंद्र सिंह टोनी, प्रधानपति उमेश शर्मा, डॉ.राजपाल तोमर, बलजीत सिंह, हरमनजीत सिंह, मनराज सिंह, मंजू सिंह, गगनदीप सिंह, संजीव शर्मा, देविंदर कौर, सुरिंद्रर कौर, गोविंद सिंह, रणजीत सिंह, अंजू समेत सैंकड़ों की संख्या में संगत ने मौजूद रही।

# मतदाता मोदी योगी के सुशासन, सुरक्षा और विकास के साथ: भूपेन्द्र चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** । भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर पहुंचकर चुनाव में लगे भिन्न भिन्न कार्यकर्ताओ से अनौपचारिक बात चीत की। उन्होंने कहा देश और प्रदेश में मोदी और योगी के सुशासन, सुरक्षा, सबका साथ सबका विश्वास की छाप लोगों के दिलों पर स्पष्ट है और उसी के आधार पर प्रदेश में 80 सीट और देश में 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्ता बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे। बैठक का शुभारम्भ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने दीप प्रजवल्लन कर किया।लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने चुनाव संचालन समिति से जुड़े सभी कार्यकताओं का परिचय कराया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सभी को चुनाव में जुट जाने के लिए कहा। उन्होने बताया पूरा देश मोदी के विकास की गारंटी पर आज भाजपा के साथ खड़ा है। हमें उनके विश्वास को बरकरार रखने के लिए स्वयं की गारंटी के साथ उनके घर उनके परिवार के साथ जुड़े रहना है। हमे लाभार्थी और हर मतदाता से संपर्क कर पहले मतदान फिर जलपान का आग्रह करना है। लोकसभा चुनाव संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्ता बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी , राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल,महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, लोकसभा संयोजक अजय शर्मा, महापौर सुनीता दयाल पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, बलदेव राज शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व विधायक कृष्ण वीर सिरोही, विधायक अजीत पाल त्यागी, नंद किशोर गुर्जर,पूर्व विधायक रूप चौधरी, पूर्व विधायक प्रशान्त चौधरी, क्षेत्रीय मंत्री मयंक गोयल, लोकसभा सह संयोजक सतेन्द्र चौधरी आदि मंचासीन रहे।





# हजारों बीघा खेत में" गेहूं की पकी हुई फसल" पर बारिश की बूंदे गिरने से "किसानों के चेहरे मुरझाए"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र में खेतों के अंदर गेहूं की फसल पकी हुई खड़ी है करीब 10% किसानों ने गेहूं की कटाई भी कर ली है आज सुबह तेज हवा और हल्की बारिश होने से किसानों के चेहरे उड़ने लगे थे लेकिन दोपहर बाद करीब 2:00 बजे सूर्य देव के दर्शन होने से किसानों ने कुछ राहत की सांस ली लेकिन आने वाले दिनों में मौसम विभाग ने क्षेत्र में येलो अलर्ट घोषित कर रखा है मौसम विभाग ने आज आंधी ओलावृष्टि एवं बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की थी। यदि आने वाले समय में बारिश हुई तो किसने की करोड़ों की गेहूं की फसल नष्ट हो सकती है आसमान में काले बादल देखकर किसान घबराए हुए हैं। मौसम विभाग ने 14 अप्रैल को मुरादाबाद में अन्य जनपदों में येलो अलर्ट घोषित किया था इसमें आंधी के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने के आसार बताए थे लेकिन आज हल्की बूंदाबांदी शुरू होने से किसान चिंता में डूब गए क्योंकि किसानों की गेहूं की फसल पकी हुई खड़ी है करीब 10% किसानों ने गेहूं की कटाई भी कर ली है अभी गेहूं की गहाई का कार्य शुरू नहीं हुआ है जिन किसानों ने फसल काट ली है वह भी चिंता में डूबे हुए हैं कहीं बारिश ना आ जाए। क्षेत्र के अनेक किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल बोने में लाखों रुपए लगे हैं यदि एक-दो दिन में बारिश आई तो गेहूं की फसल तबाह हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि तहसील क्षेत्र में गन्ने के बाद सबसे ज्यादा गेहूं पैदा होता है हजारों हेक्टेयर भूमि में इस समय गेहूं की पक्की हुई फसल खड़ी है। बारिश के आने के दर से किसानों के चेहरे मुरझाए हुए हैं।



# बाबा साहब को मानना ही नहीं जानना भी जरूरी : सिकंदर यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाज़ियाबाद (आशा चौधरी)।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव ने बाबा साहेब की 133वीं जयंती, मनाई जो पहले भारत में ही मनाई जाती थी आज पूरे विश्व के प्रमुख देशों में मनाई जा रही हैं।, बाबा साहब को बोधिसत्व विश्व रतन की उपाधि प्राप्त है, जोकि भारत में अकेले व्यक्ति हैं, भारत में बाबा साहेब की विचारधारा बहुत तेजी से फैल रही है। जहां पहले सिर्फ दलित वर्ग ही बाबा साहेब को मानता था आज भारत की बड़ी आबादी जिसमें पिछड़े व अल्पसंख्यक भी शामिल हैं उनका अनुसरण कर रहे हैं परंतु बाबा साहब को सिर्फ मानना ही जरूरी नहीं है वरन को जानना व उनके विचारों पर चलने से ही उनके स्वप्न को साकार किया जा सकता है।, बाबा साहेब स्वतंत्रता, समानता व न्याय प्रिय समाज चाहते थे। वो हीं उन्होंने संविधान में दिया, भारत की बात करें तो भारत उस समय ही विश्व गुरु बना जब भारत से निकलकर बौद्ध धर्म पूरे एशिया में फैला और बौद्ध धर्म की आधारशिला करुणा, मैत्री व न्याय पर ही टिकी है।, इसी को आधार बनाकर दुनियाभर के संविधान का अध्ययन करने के बाद बाबा साहब ने भारत का संविधान रचा, ज्यादातर लोग बाबा साहब के प्रति श्रद्धा तो रखते परंतु उनके विचारों से अनजान है या उनके मार्ग पर चलने को तैयार नहीं होते हैं जैसे बाबा साहब ने अपने 17 प्रतिज्ञाओं में वर्णन किया है। मांस, मदिरा का सेवन न करना, व्यभिचार न करना, चोरी, छल कपट न करना व कर्मकांड व आडंबर वाली पूजा ना करना साथ ही उन्होंने अपने चरित्र को ऊंचा रखने की बात कही, उन्होंने शिक्षा को शेरनी का दूध कहा, साथ ही उनका मानना था कि इस देश के वंचित शोषित लोगों को अपना इतिहास जरूर जानना चाहिए क्योंकि जब तक वे अपना इतिहास नहीं जानेंगे वो अपना उज्जवल भविष्य नहीं बना सकते, बाबा साहब का मानना था कि व्यक्ति को अपना चरित्र हमेशा ऊंचा रखना चाहिए उन्होंने महिलाओं को हमेशा पुरुषों के बराबर अधिकार देने की वकालत की वो जानते थे कि भारत एक मजबूत राष्ट्र तभी बन सकता है। जब देश में जाति वर्ग के आधार पर भेदभाव ना हो और आपसी भाईचारा बना रहे साथ ही अभिव्यक्ति का अधिकार व समाज व आर्थिक भेदभाव व अवसर की समानता रहे।

इसीलिए उन्होंने भारत के प्राचीन धर्म ग्रंथो को मानने से इनकार कर दिया क्योंकि उनमें उन्हें समानता नहीं मिली इसीलिए उन्होंने अपने लोगों से धार्मिक कर्मकांडों से दूर रहने की सलाह दी, उनका मानना था कि भारत की सबसे बड़ी समस्या जाति व वर्ण व्यवस्था है और धर्म जो ग्रंथ इसका समर्थन करते हैं, उनका बहिष्कार कर देना चाहिए भगवान बुद्ध की तरह उन्होंने कहा कि मेरी पूजा मत करो मेरे विचारों पर चलो तभी इस देश से भेदभाव है और असमानता दूर हो सकती है देखा जाए तो बाबा साहब भगवान बुद्ध का आधुनिक स्वरूप थे।अगर हमें उन्हें पाना है। तो उनको मानने से ज्यादा उनको जानना पड़ेगा व उनके मार्ग पर चलना पड़ेगा तभी हम सच्चे अंबेडकरवादी हो सकते हैं।





# तत्काल भाषण प्रतियोगिता में मिला तुरत बुद्धि का परिचय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एम एम एच कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'आशाएं' के अन्तर्गत आज आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं को बड़े ही रोचक विषय विचार प्रकट करने हेतु दिए गए और छात्र-छात्राओं ने भी दिये गए विषयों पर अपनी तुरत बुद्धि का परिचय देकर प्रतियोगिता को बहुत रोचक बना दिया। निर्णायक मंडल में प्रो अर्चना सिंह, प्रो रेणु राना तथा डॉ संजीत प्रताप सिंह ने निर्णय देते हुए प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए खास तौर से बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस प्रतियोगिता में काजल शिशोदिया, एम.एस.सी. रसायनशास्त्र, द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान अर्जित किया। द्वितीय पुरस्कार कु यशस्विनी, बी.कौम त्रितीय वर्ष को मिला तथा तृतीय स्थान पर दो प्रतिभागी कु एकता कसाना, एल.एल.बी. प्रथम वर्ष तथा मोहन, एम.एस.सी. भौतिक विज्ञान, द्वितीय वर्ष रहे। इस प्रतियोगिता का प्रोत्साहन पुरस्कार कु खुशी गहलौत, एम.ए. अर्थशास्त्र, प्रथम वर्ष को दिया गया । प्रतियोगिता का आयोजन तत्काल भाषण समिति की संयोजिका प्रो दीप्ति रानी, भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो केशव कुमार, साहित्यिक - सांस्कृतिक परिषद की समन्वयक प्रो रीना सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ के के सिंह, चीफ प्रॉक्टर क्रांति बोध, प्रो योगेंद्र तोमर, डॉ शैलेन्द्र गंगवार,प्रो रेनू त्यागी, प्रो मंदिरा गुप्ता, प्रो वंदना द्विवेदी, डॉ मनोज कुमार तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।



**आयोजन** — हमारी सांसें प्राण ऊर्जा की वाहक हैं : मनमोहन वोहरा

# नव संवत्सर में योग संस्थान ने किया सामूहिक योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान पंजीकृत द्वारा नव संवत्सर के स्वागत में नेहरू स्टेडियम,नेहरू नगर में सामूहिक योग-प्राणायाम शिविर का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। संस्थान के महामंत्री दयानन्द शर्मा ने ओ३म की ध्वनि,गायत्री मंत्र

**योग हमारे मन मस्तिष्क को ठीक करता है: प्रमिला सिंह**

से सत्र को प्रारंभ किया।उन्होंने बतलाया कि मिती चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 ( 9 अप्रैल 2024 मंगलवार ) से प्रारंभ होने वाला ही नव वर्ष है।आज इस नव वर्ष का स्वागत करने के लिए हम सब यहां एकत्रित हुए हैं।इस दिन ही ब्रह्मा जी ने सृष्टि का निर्माण किया।महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। संस्थान की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा श्रीमती प्रमिला सिंह ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन,ग्रीवा,हाथों पैरों के संचालन का अभ्यास कराया और उसके लाभों की चर्चा की।उन्होंने शिविर में भाग लेने पर साधकों से कहा कि योग हमारे मन मस्तिष्क को ठीक करता है,इससे हम तनाव मुक्त रहते हैं। संस्थान के उपाध्यक्ष श्री मनमोहन वोहरा ने साधकों को मनोमय कोष, प्राणमय कोष को एक्टिवेट करने के लिए पद्मासन में बैठा कर बहुत ही महत्वपूर्ण दीर्घश्वसन का अभ्यास कराया,सांसों को नियमित करने हेतु वीरेचन क्रिया, सुदर्शन भस्त्रीका एवं सामान्य भस्त्रीका का अभ्यास कराया उन्होंने बताया कि हमारी सांसें प्राण ऊर्जा की वाहक हैं।पंचतत्वों से बना शरीर सांसों के माध्यम से पृथ्वी से आहार,वायु से ऑक्सीजन,जल से जल तत्व,सूर्य से अग्नि,अंतरिक्ष से आनंद गृहण करता है,इसका अनुभव कीजिए। पश्चात मेरु दंड सीधा,गर्दन सीधी करा कपाल शोधन का अभ्यास कराया और कहा इस माध्यम से प्राण ऊर्जा का जागरण होता है, मनोविकार,मनोरोग बाहर फेंके हैं। संस्थान के ट्रस्टियों ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि आर्य नेता श्री माया प्रकाश त्यागी (कोषाध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा) एवं श्री एम०के० सेठ का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जानकी वाटिका के योग शिक्षक प्रवीण आर्य ने नववर्ष पर मनमोहक गीत सुनाकर कर श्रोंताओ को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ बी० डी० आर्य, श्री सचिन जी, श्री देवेन्द्र कपूर की टीम ने प्रतिदिन की भांति नहरु स्टेडियम में होने वाला राष्ट्रिय गान कराया। संस्थान के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार अरोड़ा ने भारत माता की जय के नारे लगवाए।कार्यक्रम से प्रसन्न होकर इन्द्र देव ने झमाझम बरसात से कार्यक्रम का समापन किया। नेहरू स्टेडियम के मुख्य शिक्षक श्री प्रदीप त्यागी ने मंच का कुशल संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री अशोक शास्त्री,लक्ष्मण कुमार गुप्ता,डा आरके पोद्दार, नेतराम गौतम,राजेश शर्मा,समर पाल,राज सिंह,आरआर पाल, श्री सुशील अग्रवाल, डॉ मधु पोद्दार, श्रीमती मीता खन्ना,बीना वोहरा अपनी पूरी टीम के साथ एवं सभी कक्षाओं के साधक एवं साधिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रतन लाल,सुखदेव जी,शिव दत्त एवं नेहरू स्टेडियम कक्षा के सभी साधकों का विशेष सहयोग रहा। अन्त में नेहरु स्टेडियम कक्षा के साधकों एवं श्री सुशील अग्रवाल द्वारा तैयार की गई ठंडाई वितरण के साथ सत्र को संपन्न किया।






# पिलखुवा जैन समाज ने धूमधाम से महावीर जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान महावीर के जन्मोत्सव का



कार्यक्रम स्थानीय जैन मंदिर पर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक धर्मेश तोमर, दीनानाथ गर्ग ,राजीव कंसल ,प्रदीप जैन, प्रियांशु जैन ,आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन सुखबीर जैन ने किया। कार्यक्रम के विषय में संस्था के अध्यक्ष सुबोध जैन ने मंदिर के जीणोद्धार पर विस्तार से प्रकाश डाला। तत्पश्चात बोली द्वारा दो औरतों की बोली अशोक कंसल व सतीश मित्तल के नाम रही। ऊंटों की बोली सौरव गोयल व कपिल बंसल के नाम रही। घोड़े की बोली भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा संजय बंसल अकेला, राकेश बाबा ,ओमप्रकाश शर्मा ,राहुल गर्ग ,सौरभ शुक्ला ,शाहिद 10 लोगों के नाम रही। इसके उपरांत शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर जवाहर बाजार,में तिराहा, गांधी बाजार, आर्यनगर छीपीवाडा होते हुए नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस जैन मंदिर पर संपन्न हुई। स्थानीय पुलिस प्रशासन की व्यवस्था बहुत ही मुस्तैद रही।

# गढ़मुक्तेश्वर में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय बनेगा: आशुतोष

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव आशुतोष शर्मा द्वारा ब्राह्मण महापंचायत एवं सम्मान समारोह में रखा गया था। जिसका पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एकत्रित हुए 1200 ब्राह्मणों ने एकजुट होकर समर्थन किया था।

शौर्य शक्ति फाउंडेशन की गत 10 अप्रैल को आयोजित बैठक में गढ़ गंगा विश्वविद्यालय बनाने की रूपरेखा तैयार की गई। शौर्य शक्ति फाउंडेशन के उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर के लोगों को अच्छी शिक्षा मिले, वहां के नौजवानों को रोजगार मिले और गढ़ क्षेत्र का विकास हो, इसके लिए वहां पर एक विश्वविद्यालय की स्थापना होना बहुत आवश्यक है।




देश की राजधानी के नजदीक होने के बावजूद कोई बड़ा विश्वविद्यालय आजादी से लेकर आज तक वहां पर नहीं बना है। जिससे वहां के नौजवानों को अच्छी शिक्षा और रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार बनारस में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना

**शौर्य शक्ति फाउंडेशन की टीम कर रही लगातार कार्य**

पंडित मदन मोहन मालवीय के माध्यम से की गई थी,इस प्रकार गढ़मुक्तेश्वर में भी गढ़ गंगा विश्वविद्यालय की स्थापना वहां के नौजवानों और स्थानीय लोगों के बेहतर भविष्य के लिए की जाएगी। जिसमें देश के कोने-कोने से आकर बच्चे शिक्षा लेंगे और अपना भविष्य बेहतर करेंगे। शौर्य शक्ति फाउंडेशन की टीम यह पहल कर रही है जिससे गढ़मुक्तेश्वर के लोगों का जीवन बेहतर हो सके और विश्व पटल पर गढ़मुक्तेश्वर को शिक्षा के क्षेत्र में पहचान मिले। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह,आकांक्षा शर्मा,अंकित भड़ाना, प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव, मनोज कुमार गौर, प्रोफेसर कमलेश कुमार राणा, प्रोफेसर विनय पाठक, शरद त्रिवेदी, डॉक्टर कौशलकांत मिश्रा, सुनील मिश्रा, रेखा यादव,आशा शर्मा,अंकित कौशिक, युवराज यादव, विक्रम कसाना, विकास चौरसिया, विंदर कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# एचपीडीए अधिकारियों की चुनाव में डयूटी लगने से सुपरवाइजरों की मौज, हापुड़ सिटी क्षेत्र में मानकों के विपरीत निर्माण दिन रात जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण में तैनात अधिकारियों की डयूटी लोकसभा चुनाव 2024 में लगने से प्राधिकरण में कार्यरत सुपरवाइजरों की मौज आ गयी है। हापुड़ सिटी क्षेत्र में मानकों के विपरीत दिन रात मानकों के विपरीत आवासीय व कार्मिशियल भवनों का निर्माण व मानचित्र स्वीकृत कराये बिना के प्लाटिंग की जा रही है। जिससे योगी सरकार को

- निर्माणधीन कार्मिशियल बिल्डिगों में हो रहा है,अवैध बेसमेंटों निर्माण
- उ.प्र.सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि
- अवैध कालोनी विकसित होने से एचपीडीए की आवासीय कालोनी प्रभावित
- एचपीडीए की कार्यवाही से बचने को रात्रि में भवनों का निर्माण जारी

प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। सूत्रों की मानें,तो मानकों के विपरीत निर्माण करने वाले लोग सुपरवाइजरों की जेब गर्म कर रहे है।


18वीं लोकसभा गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया चल रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की डयूटी जिला प्रशासन द्वारा चुनाव संपन्न कराने में लगाई गयी है। प्राधिकरण अधिकारी दिन रात में अपनी डयूटी का निर्वाह कर रहे है।

एचपीडीए अधिकारियों की डयूटी लोकसभा चुनाव में लगी होने का पूरा फायदा जनमानस के साथ-साथ प्राधिकरण के तैनात सुपरवाइजरों द्वारा उठाया जा रहा है। जनमानस द्वारा हापुड़ सिटी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दिन रात मानकों के विपरीत निर्माण कार्य कराये जा रहे है। सूत्रों की मानें तो निर्माण कराने के लिए सुपरवाइजरों की जेब गर्म करनी पड़ रही है। जेब गर्म नहीं करने पर निर्माण कार्य सुपरवाइजर द्वारा रुकवा दिया जाता है। ऐसे कई मामले प्रकाश में आ रहे है। जो सुपरवाइजरों की कृपा से चल रहे है,और रुकवा दिये गये है।

आपको बता दें,कि जनमानस द्वारा हापुड़ सिटी क्षेत्र की पॉश कालोनी मेरठ रोड स्थित आलोक,न्यू आलोक,अलका कालोनी,अशोक कालोनी,मधुबन कालोनी,ज्ञानलोक,जवाहर गंज,न्यू शिवपुरी, शिवपुरी, राधापुरी, गंगा विहार,कलेक्टर गंज,रामगंज,प्रोफेसर कालोनी,श्रीनगर,प्रकाश नगर,पटेल नगर,राजेन्द्र नगर,अमरदीप कालोनी रेवती कुंज,तारामिल कम्पाउंड, एफसीआई कालोनी,देवलोक,त्यागी नगर,इन्द्रलोक कालोनी,नवज्योति कालोनी आदि में मानकों के विपरीत दिन रात निर्माण कार्य जारी है।





**शहर में मानकों के विपरीत निर्माणो के प्रमुख स्थान**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हापुड़ पिलखुवा प्राधिकरण के मानकों के विपरीत गढ़ रोड स्थित साकेत कालोनी फेज-1,साकेत फेज-2,साकेत फेज-3 व साकेत फेज-4,जरौठी गांव को जाने वाले तीनों मार्ग,मेरठ बुलन्दशहर बाईपास,गढ़ रोड पर सरकारी अस्पताल के सामने,तीन बड़े निर्माण,हरपाल पैलेस के निकट बहुमंजिला,बुलन्दशहर रोड फिरोज बिल्डिंग के सामने बहुमंजिला,मंशा देवी मंदिर के सामने,बुलन्दशहर रोड आईएमआईटी कालेज के सामने मानकों के विपरीत निर्माण कार्य दिन रात जारी है।

**शहर में अवैध प्लाटिंग के स्थान**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये बिना मेरठ बुलन्दशहर बाईपास,किठौर रोड,मोदीनगर रोड,चितौली रोड,स्वर्ग आश्रम,दोयमी रोड,एलएन पब्लिक स्कूल मार्ग से थाना देहात को जाने वाले मार्ग पर जनमानस द्वारा बेखौफ होकर प्लाटिंग की जा रही है।

**एचपीडीए की आवासीय कालोनी प्रभावित**

हापुड़ सिटी क्षेत्र व आस-पास मानचित्र स्वीकृत कराये बिना कालोनियां दर्जनों कालोनी विकसित होने से प्राधिकरण की आनंद विहार,प्रीत विहार प्रथम व द्वितीय प्रभावित हो रही है। जनमानस प्राधिकरण की कालोनियों में भूखंड क्रय नहीं करते हुए अवैध कालोनियों में प्लाट खरीद रहे है। लोगों का कहना है,कि एचपीडीए की कालोनी में भूखंडों के मूल्य आसमान छू रहे है।

**संकरी गली में बनी मार्केट**

हापुड़ सिटी क्षेत्र में सबसे संकरा खाई बाजार में मकानों को तोड़कर दुकानों का निर्माण कराया गया है। पिछले दो वर्षों में करीब 50 दुकानों का अवैध निर्माण कराया गया है। कई भवनों को तोड़कर कई मंजिलों का अवैध निर्माण होने से प्राधिकरण को लाखों के राजस्व की हानि भी हुई है। प्राधिकरण अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद यहां कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

**सेटरिंग की एडवांस बुकिंग जारी**

शहर में मानकों का निर्माण दिन रात जारी होने का प्रमाण देखने को मिल रहा है। जो लोग लेंटर में लगने वाली सेटरिंग का कार्य करते है,उनकी सटरिंग खाली नहीं है,निर्माण कार्य कराने वालों ने एडवांस में बुकिंग कर रखी है।

**रात्रि में भी निर्माण जारी**

हापुड़ सिटी क्षेत्र में मानक के विपरीत जनमानस द्वारा छोटे बड़े निर्माण कराये जा रहे है। प्राधिकरण की कार्यवाही से बचने लिए रात्रि में निर्माण कार्य कराये जा रहे है। निर्माण होने के साथ-साथ पेंट व पुताई का कार्य कराया जाने लगा है। सूत्रों की मानें,तो एचपीडीए की कार्यवाही बचने का तरीका भी प्राधिकरण अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है।

**वीसी का कहना**

एचपीडीए के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ का कहना है,कि प्राधिकरण क्षेत्र में मानकों के विपरीत निमार्णों व प्लाटिंग की फोटो ई-मेल पर (hpda_1@rediffmail.com) भेजे। जिनका प्राथमिकता से संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण द्वारा सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

प्राधिकरण क्षेत्र में बिना मानचित्र स्वीकृति के निर्माण कार्य व प्लाटिंग नहीं होने दी जायेगी।

# सर्वोदय इंटर कॉलेज में वार्षिक पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक धर्मेश तोमर ने कहा शिक्षा ही वह ज्ञान रूपी उजाला है। जिसके प्रकाश से जीवन में पहले अंधेरे को समाप्त किया जा सकता है। इस कार्य में सर्वोदय इंटर कॉलेज अपनी भूमिका पूर्ण कर्तव्य और निष्ठा के साथ निभा रहा है। नगर पालिका के अध्यक्ष विभु बंसल ने कहा कि सच्ची मेहनत और लगन से शिक्षा प्राप्त कर आज अलग-अलग क्षेत्र में युवा अपना नाम कमा रहे हैं। इसलिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक्टर चंद्रपाल शर्मा ने की इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक संजीव कुमार शर्मा, अध्यक्ष दिनेश चंद्र गौड़, प्रधानाचार्य समरजीत सिंह तथा कोषाध्यक्ष राजीव कुमार कंसल उपस्थित रहे।




# आगामी 17अप्रैल को क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन होगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़/धौलाना।** धौलाना क्षेत्र के एनटीपीसी मार्ग स्थित राज शगुन फार्म हाउस के पास आगामी 17 अप्रैल को होने जा रहे क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन के आयोजन के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधि इस दौरान ब्रह्म सिंह राणा, राकेश राणा, सचिन चौहान, सोनू राणा आदि मौजूद रहे। बताया गया कि क्षत्रिय स्वाभिमान सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में ठाकुर पूनम सिंह उपस्थित रहेगी। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के क्षत्रिय समाज के लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। कि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करते हुए सम्मेलन का सफल बनायें।



# कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा के पिलखुवा कार्यालय का उद्घाटन आज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे वैसे विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशियों व समर्थकों ने अपने अपने प्रत्याशी के समर्थन में संपर्क साधना शुरू कर दिया है। कांग्रेस से डाली शर्मा गाजियाबाद लोकसभा सीट से अपनी किस्मत आजमा रही हैं।



आज पिलखुवा रेलवे रोड पर उनके कार्यकाल का उद्घाटन किया जायेगा उक्त जानकारी पूर्व सभासद संजीव शर्मा गुड्डू ने दी।

**अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस**

## दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की

# फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित फायर स्टेशन पर दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजली अर्पित करने के लिए अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी,फायर स्टेशन अधिकारी के साथ साथ फायर कर्मियों ने दिवंगत अग्निशमन कर्मियों की श्रद्धांजली अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया। इसके अलावा पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया।

सीएफओ मनु शर्मा ने उपस्थित फायर कर्मियों को बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर घटित भीषण हुआ था। आग पर काबू पाने के लिए अग्निकांड में 66 अग्निशमन कर्मियों सहित 700 लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। 100 करोड़ से अधिक की सम्पत्ति जलकर नष्टद हुई थी। तभी से प्रतिवर्ष दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजली देने के लिए प्रतिवर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस मनाया जाता है।

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। जिसमें लोगों को आग से सुरक्षा एवं बचाव की जानकारी दी जाती है। फायर कर्मियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर लोगों को आग से बचाव को जागरूक किया जायेगा।

फायर स्टेशन अधिकारी ने बताया कि अग्नि दुघर्टना में देश में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में मानव व पशु अपनी जान गंवा देते है। अरबों रुपये की सम्पत्ति नष्टद हो जाती है। विभाग द्वारा लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से आग के बचाव की जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि दिल्ली उपहार सिनेमा अग्निकांड,डबवाली कांड व जनपद मेरठ का विक्टोरिया पार्क अग्निकांड के अलावा गुजरात कोचिंग सेंटर अग्निकांड की घटनाओं को देश की जनता कभी भुला नहीं सकती है। इससे पूर्व पुलिस लाइन से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अग्निकांड से होने वाली जन धन की हानि की रोकथाम व जनमानस का जागरूक करने के लिए जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया।





- देश की जनता भीषण अग्निकांड की घटनाओं को कभी भुला नहीं सकती है:मनु
- एसपी ने जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया
- रविवार से अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

इस अवसर पर एएसपी राजकुमार अग्रवाल ,एफएसओ बिजेन्द्र सिंह,सचिन बालियान, चन्द्रपाल सिंह, कुलदीप, सुदेश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# नंगे-नंगे पांव दौड़ा चला आ गया,मां तेरा पुजारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- नवरात्रि में माता रानी में नौ रूपों की होती है,पूजा अर्चना
- कल मंगलवार को मां मंशा देवी की पंखा धूमधाम से निकाली जायेगी
- पंखा शोभा यात्रा में आकर्षक झांकियां भी निकाली जायेगी

**हापुड़।** जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जा रही है। छठा नवरात्रि पर बच्चों ने भी व्रत रखकर मंदिर व घरों माता की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाये और मां मंशा देवी से मन्नतें मांगी,जयकारों से शिवालय गूंज उठे। कल मंगलवार को मां मंशा देवी का पंखा धूमधाम से निकाला जायेगा।



आपको बता दें कि मां दुर्गा की नवशक्तियों में छठा रूप माता कात्यायनी का है। छठें नवरात्रि में मंदिरों व घरों में माता के इसी स्वरूप की भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। भक्तों द्वारा इनकी पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है।

रविवार को श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में माता रानी के छठें स्वरूप कात्यायनी की पूजा अर्चना कर जयकारे लगाये,जिससे व मंदिर व घर आंगन में जयकारे गूंजने लगे।

मंदिर के पुजारी पंडित श्याम मोहन शर्मा का कहना कि जो भक्त सच्चे मन से मां मंशा देवी की सभी नौ रूपों की श्रद्धा से पूजा अर्चना करता है। माता उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती है। इसी आस्था के चलते मंदिर में नवरात्रों में भक्त पूजा अर्चना करने आते है।

श्री मंशा देवी मंदिर समिति के अध्यक्ष शिव कुमार मित्तल ने बताया कि गत वर्षों की भांति मंगलवार को मां मंशा देवी मंदिर की पंखा शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। जिसमें आकर्षक झांकियां भी निकाली जायेगी।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपनी पुत्री कु.पूजा को गलत हरकतों व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। कु.पूजा द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगी।

**प्रार्थी**
**टीकम सिंह पुत्र सेवाराम**
**नि.ग्राम दतियाना,थाना सिंभावली,जिला हापुड़**

## सम्पादकीय


# पानी के संकट से जूझते लोग



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

बेंगलुरु में भीषण पेयजल संकट पिछले कुछ दिनों से अंतरराष्ट्रीय सुर्खियां बन रहा है। हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि बेंगलुरु को हर दिन 500 मिलियन लीटर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो शहर की कुल दैनिक मांग का लगभग पांचवा हिस्सा है। हालांकि, पानी की कमी केवल बेंगलुरु तक ही सीमित नहीं है। संपूर्ण कर्नाटक के साथ ही तेलंगाना और महाराष्ट्र के निकटवर्ती क्षेत्र भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका अधिकांश संबंध पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में सामान्य से कम वष्रा और इस क्षेत्र में भूमिगत जलभृतों की प्रकृति से है। अरबों-खरबों रुपया जल संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन पर आजादी के बाद खर्च किया जा चुका है। बावजूद हालात ये हैं कि भारत के सर्वाधिक वष्रा वाले क्षेत्र चेरापूंजी (मेघालय) तक में पीने के पानी का संकट है। कभी श्रीनगर (कश्मीर) बाढ़ से तबाह होता है, कभी मुंबई और गुजरात के शहर और बिहार-बंगाल का तो कहना ही क्या। हर मानसून में वहां बरसात का पानी भारी तबाही मचाता है। दरअसल, सारा संकट पानी के प्रबंधन की आयातित तकनीक अपनाने के कारण हुआ है वरना भारत का पारंपरिक ज्ञान जल संग्रह के बारे में इतना वैज्ञानिक था कि यहां पानी का कोई संकट ही नहीं था। पारंपरिक ज्ञान के चलते अपने जल से हम स्वस्थ रहते थे। हमारी फसल और पशु सब स्वस्थ थे। पौराणिक ग्रंथ 'हरित संहिताइ में 36 तरह के जल का वर्णन आता है जिसमें वष्रा के जल को पीने के लिए सर्वोत्तम बताया गया है, और जमीन के भीतर के जल को सबसे निकृष्ट यानी 36 के अंक में इसका स्थान 35वां आता है। 36वें स्थान पर दरिया का जल बताया गया है। दुर्भाग्य देखिए, आज लगभग पूरा भारत जमीन के अंदर से खींचकर ही पानी पी रहा है जिसके अनेक नुकसान सामने आ रहे हैं। पहला तो इस पानी में फ्लोराइड की मात्रा तय सीमा से कहीं ज्यादा होती है, जो अनेक रोगों का कारण बनती है।इससे खेतों की उर्वरता घटती जा रही है, और खेत की जमीन क्षारीय होती जा रही है। लाखों हेक्टेयर जमीन हर वर्ष भूजल के अविवेकपूर्ण दोहन के कारण क्षारीय बन खेती के लिए अनुपयुक्त हो चुकी है। दूसरी तरफ बेदर्दी से पानी खींचने के कारण भूजल स्तर तेजी से नीचे घटता जा रहा है। हमारे बचपन में हैंडपंप को बिना बोरिंग किए कहीं भी गाढ़ दो, तो 10 फीट नीचे से पानी निकल आता था जो आज सैकड़ों फीट नीचे चला गया। भविष्य में वो दिन भी आएगा, जब एक गिलास पानी 1000 रुपये का बिकेगा क्योंकि इसे रोका न गया तो इस तरह तो भूजल स्तर हर वर्ष तेजी से गिरता चला जाएगा। आधुनिक वैज्ञानिक और नागरीय सुविधाओं के विशेषज्ञ दावा करते हैं कि केंद्रीकृत टंकियों से पाइपों के जरिए भेजा गया पानी ही सबसे सुरक्षित होता है पर यह दावा अपने आप में जनता के साथ धोखा है। इसके कई प्रमाण मौजूद हैं जबकि वष्रा का जल जब कुंडों, कुओं, पोखरों, दरियाओं और नदियों में आता था, तो सबसे ज्यादा शुद्ध होता था। इन सबके भर जाने से भूजल का स्तर भी ऊंचा बना रहता था। जमीन में नमी रहती थी। उससे प्राकृतिक रूप में फल, फूल, सब्जी और अनाज भरपूर मात्रा में और उच्च कोटि के पैदा होते थे पर बोरवेल लगाकर भूजल के इस पाकि दोहन ने ये सारी व्यवस्थाएं नष्ट कर दीं। पोखर और कुंड सूख गए क्योंकि उनके जल संग्रह क्षेत्रों पर भवन निर्माण कर लिए गए हैं। वृक्ष काट दिए गए जिससे बादलों का बनना कम हो गया। नदियों और दरियाओं में औद्योगिक और रासायनिक कचरा और सीवरलाइन का गंदा पानी बिना रोक-टोक हर शहर में खुलेआम डाला जा रहा है जिससे नदियां मृत हो चुकी हैं। इसलिए देश में लगातार जल का संकट बढ़ता जा रहा है। जल का यह संकट आधुनिक विकास के कारण पूरी पृथ्वी पर फैल चुका है।

# अमेठी और रायबरेली के बारे में गांधी परिवार क्या सोच रहा है?



अशोक भाटिया

यदि हम पिछले 2019 के चुनाव पर नजर फेरे तो तब कांग्रेस की 15 उम्मीदवारों की पहली सूची में अमेठी और रायबरेली शामिल थे। इस बार कांग्रेस ने 15 सूची में 244 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए लेकिन इन दोनों सीटों के नाम सामने नहीं आए। रायबरेली से चुनाव लड़ती रही सोनिया गांधी अब राजस्थान से राज्यसभा सांसद बन चुकी है। ऐसे में वे अब लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। उनकी जगह कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी का नाम कई बार सामने आया, लेकिन पार्टी ने अधिकृत तौर पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने जरूर यहां से चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। अमेठी में 2019 में राहुल गांधी भाजपा की स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए जबकि वायनाड से जीते थे। वायनाड से राहुल के बतौर उम्मीदवार नाम पहली सूची में आ गया, लेकिन अमेठी की घोषणा रोक दी। रायबरेली से प्रियंका के चुनाव लड़ाने का विकल्प खुला हुआ है। कांग्रेस नेता तर्क देते हैं कि अमेठी-रायबरेली में चुनाव 20 मई को है इसलिए अभी फैसले के लिए काफी समय है। दूसरी ओर कांग्रेस वाराणसी, देवरिया, बांसगांव, महाराजगंज सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर चुकी है जहां अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। ऐसे काफी समय होने का पार्टी का तर्क दमदार नजर नहीं आता।कांग्रेस के रणनीतिकारों को यह डर भी सता रहा है कि दोनों सीट से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव नहीं लड़ता है तो भाजपा चुनाव में यह मुद्दा बना सकती है वह डर गए हैं। ऐसे में पार्टी ने सारे विकल्प खुले रखे हैं और सोच विचार के बाद ही इस पर फैसला किया जाएगा। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी वायनाड के साथ-साथ अमेठी सीट से भी लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस के आला नेता का कहना है कि अमेठी से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस सांसद का मन बदल रहा है। पहले वायनाड छोड़ू तो अमेठी नाराज और अमेठी छोड़ू तो वायनाड नाराज के चलते राहुल गांधी अमेठी से दूरी बनाए हुए थे, लेकिन हाल में जब राहुल पर हार के डर से भागने की तोहमत बीजेपी ने लगाई, तो कांग्रेस नेता ने भी अपने फैसले पर गंभीरता से विचार करना शुरू कर दिया है।कांग्रेस की अंदरूनी बैठक में राहुल गांधी ने कहा, ह्लहम डरने वाले नहीं हैं। मेरी व्यक्तिगत वजहें थीं, लेकिन डर के भागने जैसी बात की जा रही है। आप लोग भी कह रहे हैं कि उत्तर भारत में संदेश ठीक नहीं जाएगा, पारंपरिक सीट है, तो मैं इस पर गंभीरता से विचार करूंगा, क्योंकि डर कर भाग गया। ये संदेश गलत है, इसको नेस्तनाबूत करना होगा। कांग्रेस के भीतर भी नेता अपने अपने तरीके से कयास लगा रहे हैं। भले ही वे मीडिया के सूत्र बनकर कुछ न कुछ बोल दे रहे हैं, लेकिन वे भी हवा में ही कयास लगा रहे हैं - लेकिन अमेठी पर फैसले में वायनाड फैक्टर की एक खास भूमिका जरूर लगती है। रही बात रायबरेली लोकसभा सीट की तो उसे सोनिया गांधी की चिट्ठी से समझने की थोड़ी कोशिश की जा सकती है। राजस्थान से राज्यसभा का नामांकन दाखिल करने के बाद सोनिया गांधी ने रायबरेली के लोगों के नाम बड़ी ही इमोशनल चिट्ठी लिखी थी - और पुराने रिश्तों को कायम रखते हुए आगे भी परिवार के लिए सपोर्ट सिस्टम बने रहने की सोनिया गांधी ने अपील की थी। अपनी चिट्ठी के जरिये रायबरेली को लेकर जो संकेत सोनिया गांधी ने देने की कोशिश की थी, राहुल गांधी ने कभी ऐसे भाव नहीं व्यक्त किये। हां, भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान वो अमेठी और रायबरेली गये जरूर थे - लेकिन उस दौरे को लेकर वहां के कांग्रेस नेताओं की नाराजगी ही सामने आई थी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं का कहना था कि कांग्रेस नेता के स्वागत के लिए जगह जगह जरूरी इंतजाम किये गये थे, लेकिन राहुल गांधी किसी भी जगह अपनी गाड़ी से नहीं उतरे। राहुल गांधी की नाराजगी स्वाभाविक लगती है। हैं तो वो भी इंसान ही, नेता और राजनेता होने से क्या होता है? वैसे भी अमेठी के लोगों ने जो सलूक राहुल गांधी के साथ किया है, रायबरेली के लोगों ने तो सोनिया गांधी के साथ नहीं किया। 2019 में भी रायबरेली के लोग सोनिया गांधी के साथ खड़े रहे, लेकिन अमेठी के लोगों ने राहुल गांधी का साथ छोड़ दिया। कांग्रेस नेताओं को हराने के लिए बीजेपी ने अपनी समझ से अमेठी की ही तरह रायबरेली में भी तो कभी गांधी परिवार के करीबी रहे कांग्रेस नेता को सोनिया गांधी के खिलाफ उतार दिया था। हां, दिनेश प्रताप सिंह और स्मृति ईरानी में बड़ा फर्क तो है ही। बहरहाल, सीनियर कांग्रेस नेता एके एंटनी ने अमेठी और रायबरेली को लेकर जो संकेत दिया है, वो अपनेआप में काफी महत्वपूर्ण है। खासकर ऐसे वक्त जब दोनों सीटों पर आम लोगों के साथ साथ बीजेपी की निगाहें टिकी हुई हों। क्योंकि कांग्रेस ही नहीं, बीजेपी ने भी अमेठी और रायबरेली में से किसी भी जगह के लिए उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है - वैसे भी अमेठी और रायबरेली में वोटिंग वायनाड के बाद ही होनी है। गांधी परिवार के लिए ये भी बहुत बड़ी राहत की बात हो सकती है।

एक इंटरव्यू में एके एंटनी से अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों कांग्रेस उम्मीदावार को लेकर सवाल पूछा गया था। एंटनी ने साफ साफ तो कुछ नहीं बताया लेकिन काफी हद तक तस्वीर साफ भी कर दी - कम से कम ये तो साफ कर ही दिया है कि गांधी परिवार ने यूपी छोड़ देने का फैसला नहीं किया है। वैसे भी यूपी छोड़ देने के मतलब तो उत्तर भारत ही छोड़ देने जैसा समझा जाएगा। एके एंटनी का कहना है कि अमेठी और रायबरेली को लेकर कयास लगाये जाने की जरूरत नहीं है। एके एंटनी कहते हैं, आप अमेठी और रायबरेली लोक सभा सीटों पर फैसले का इंतजार कीजिये। और इंटरव्यू में एके एंटनी ने जो सबसे खास बात कही है, वो है - 'नेहरू परिवार का एक सदस्य उत्तर प्रदेश के चुनाव मैदान में होगा।'

एके एंटनी का ये जवाब एक चीज तो स्पष्ट कर ही रहा है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के अमेठी और रायबरेली से नाता तोड़ लिये जाने की बातें पूरी तरह बकवास हैं - लेकिन दायरा बढ़ा कर एके एंटनी ने नये नये कयासों को दावत दे डाली है। कांग्रेस नेता ने सिर्फ गांधी परिवार का नाम न लेकर नेहरू परिवार की बात कही है, यानी गांधी परिवार से बाहर का भी कोई व्यक्ति अमेठी या रायबरेली से उम्मीदवार हो सकता है - हालांकि, रॉबर्ट वाड्रा के नाम पर एके एंटनी ने फुल स्टॉप लगा दिया है। इंटरव्यू में एके एंटनी से अमेठी और रायबरेली सीटों को लेकर तो सवाल पूछा ही गया, अमेठी लोकसभा सीट से प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को उम्मीदवार बनाये जाने की संभावनाओं पर भी पूछ लिया गया। जवाब तो एके एंटनी ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों को लेकर भी दिये, लेकिन सबसे ज्यादा स्पष्ट रिस्पॉन्स उनका रॉबर्ट वाड्रा को लेकर ही लगा। असल में हाल ही में एक इंटरव्यू में रॉबर्ट वाड्रा ने एक साथ कई दावे किये थे।

रॉबर्ट वाड्रा का कहना था कि चाहते तो वो यही हैं कि पहले प्रियंका गांधी ही संसद पहुंचें, और उसके बाद उनका नंबर आये। अमेठी के लोगों का हवाला देते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि वे चाहते हैं कि अगर मैं चुनाव लड़ने का फैसला करूं तो अमेठी से ही - और लगे हाथ, रॉबर्ट वाड्रा ने ये भी दावा कर डाला था कि कांग्रेस के राजनीतिक विरोधी दलों से भी उनके पास टिकट के ऑफर हैं।

## तेरे गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया

तेरे गुस्से का यह कहर हमें पसंद आया,
दुश्मनी का मीठा जहर हमें पसन्द आया।।

अभी हो कमसिन ,रंजिश करने की नहीं उम्र,
गुस्से तेरा मेरी नजर हमें पसंद आया।

परायों की तिरछी नजरो से न देखो,
तेरा कातिलाना कहर हमें पसंद आया।

आते हो सुलह के लिए हर शाम,
खफा होना हर दोपहर हमें पसंद आया।

दुश्मनी का अंदाज भी बेहद हसीन है,
ख्वाब में लेना खबर हमे पसंद आया।

खुदा ने तुम्हे सारी नफासत है बक्शी,
बिजली सा ढाना कहर हमे पसंद आया।

कसम खाती हो ना दिखने की,
कसम तोड़कर आना नजर,हमे पंसन्द आया।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# जय माँ कालरात्री : शारदीय नवरात्रि माता का सातवां स्वरूप "माँ कालरात्रि"

मित्रों माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्त्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है।

देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी- काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यिू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। माता ने रक्तबीज राक्षस का वध करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊजाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गधा ) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।सिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम, देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्त्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य (सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन) का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है।


माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत रौद्ररूप है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है।

माँ कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उपासना करनी चाहिए। यम, नियम, संयम का उसे पूर्ण पालन करना चाहिए। मन, वचन, काया की पवित्रता रखनी चाहिए। वे शुभंकारी देवी हैं। उनकी उपासना से होने वाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती। हमें निरंतर उनका स्मरण, ध्यान और पूजा करना चाहिए।

माता कालरात्रि को गुड़ का भोग लगाना चाहिए '

नवरात्रि की सप्तमी के दिन माँ कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में सातवें दिन इसका जाप करना चाहिए।

# संगीत उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर विकल्प



विजय गर्ग

संगीत सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धियों में से एक है। संगीत भावनाएँ पैदा कर सकता है और भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। यह मन को भी शांत करता है। संगीत आज एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। मनोरंजन उद्योग की अपार वृद्धि के साथ, संगीत में करियर तेजी से एक अच्छा विकल्प बनता जा रहा है। प्रतिभा, सच्ची रुचि, ईमानदारी और कड़ी मेहनत करने की इच्छा से संगीत के क्षेत्र में सफलता निश्चित रूप से हासिल की जा सकती है।

गायन की जन्मजात प्रतिभा होना एक अद्भुत उपहार है। लेकिन इस प्रतिभा से करियर बनाने के लिए बहुत अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। किसी संस्थान से जुड़ना और प्रशिक्षण प्राप्त करना संगीत में करियर बनाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन व्यक्ति का जोर वास्तविक समर्पण और प्रतिबद्धता पर होना चाहिए। जो व्यक्ति संगीत में अपना करियर बनाना चाहता है, उसके अंदर संगीत के प्रति सच्चा प्रेम, संगीत की समझ यानी समय और लय की समझ, रचनात्मक क्षमता और मंच पर आत्मविश्वास भी होना चाहिए। संगीत उद्योग में कैरियर विकल्प जिस तरह संगीत में शास्त्रीय, लोक, जैज, रॉक, पॉप, फ्यूजन आदि विधाओं की व्यापक विविधता है, उसी तरह इस क्षेत्र में भी अवसरों की विविधता है। जैसा कि नीचे चर्चा की गई है, इस उद्योग में कई करियर विकल्प हैं। संगीतकारः एक संगीतकार वह होता है जो विभिन्न संगीत शैलियों में मौलिक संगीत लिखता और व्यवस्थित करता है। वे पॉप से ??लेकर जैज और शास्त्रीय संगीत तक का मूल संगीत बनाते हैं। टेलीविजन शो के लिए संगीत विषय और पृष्ठभूमि संगीत संगीतकारों द्वारा बनाए जाते हैं। एक संगीतकार का काम दर्शकों का ध्यान भटकाए बिना किसी फिल्म, टेलीविजन कहानी, नाटक या वीडियो गेम में कहानी बताने में मदद करना है। उनके द्वारा बनाया गया साउंडट्रैक प्रोजेक्ट के अनुरूप होना चाहिए और उचित मूड और टोन को व्यक्त करना चाहिए। एक संगीतकार में धैर्य, संगीत प्रतिभा, वाद्ययंत्रों का ज्ञान, नेटवर्किंग और मार्केटिंग, गायन आदि गुण मौजूद होने चाहिए। पेशेवर संगीतकार बनने के लिए संगीत रचना में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। एक संगीतकार सालाना लगभग 7,00,000 रुपये कमा सकता है, बाकी काम और अनुभव पर निर्भर करता है। निमार्ताः संगीत निमार्ता रिकॉर्डिंग सत्र के सभी पहलुओं की देखरेख करता है, जिसमें सत्र की योजना बनाने से लेकर तैयार उत्पाद तक शामिल है। एक संगीत निमार्ता के रूप में, आप उपकरण उपलब्ध कराने, स्टूडियो समय निर्धारित करने और धन, लागत और अन्य खर्चों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। एक संगीत निमार्ता को संगीत का गहन ज्ञान होना चाहिए, प्रदर्शन के अनुभव वाला संगीतकार होना चाहिए और रिकॉर्डिंग उपकरण और ध्वनि इंजीनियरिंग के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए। आपके द्वारा उत्पादित अंतिम उत्पाद एक गुणवत्तापूर्ण संगीत कृति का निर्माण और प्रकाशन होना चाहिए। एक संगीत निमार्ता के रूप में आपकी नौकरी का एक प्रमुख पहलू गुणवत्तापूर्ण ध्वनियाँ बनाना है जो अन्य सभी सदस्यों को संतुष्ट करती हैं। म्यूजिक प्रोडक्शन और इंजीनियरिंग या म्यूजिक बिजनेस में बैचलर ऑफ म्यूजिक जैसी डिग्री आपके लिए म्यूजिक प्रोड्यूसर बनने में मददगार साबित होगी। एक अनुभवी निमार्ता प्रति वर्ष 12,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीतकार या गायकः संगीतकार और गायक लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग स्टूडियो में वाद्ययंत्र बजाते हैं या गाते हैं। वे शास्त्रीय, जैज, ओपेरा, हिप-हॉप या रॉक जैसी विभिन्न शैलियों में प्रदर्शन करते हैं। संगीतकारों का काम वाद्ययंत्र बजाना और कभी-कभी लाइव दर्शकों और रिकॉर्डिंग सत्र दोनों के लिए गाने गाना है। जबकि, एक गायक किसी गीत का मुख्य गायन करता है। एक गायक किसी ट्रैक की मुख्य स्वर पंक्ति गाता है। वह प्रदर्शन का मुख्य फोकस होता है, एक बैंड के विपरीत, जिसके नियमित सदस्य होते हैं जो दौरा करते हैं, रिकॉर्ड करते हैं और आम तौर पर बराबर बजाते हैंएक साथ प्रदर्शन में भूमिकाएँ। संगीत सिद्धांत या संगीत प्रदर्शन में स्नातक की डिग्री की सिफारिश की जाती है। एक गायक या संगीतकार की वार्षिक आय पूरी तरह से गायक की क्षमता और प्रतिभा पर निर्भर करती है। ध्वनि डिजाइनरः ध्वनि डिजाइनर सभी ध्वनि प्रभावों को प्राप्त करने के लिए जिम्मेदार हैं, चाहे वे किसी विशिष्ट उत्पादन के लिए रिकॉर्ड किए गए हों या लाइव हों। वे ध्वनि प्लेबैक उपकरण स्थापित करने के लिए भी जिम्मेदार हैं और उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोर्ड ऑपरेटर ठीक से प्रशिक्षित है। साउंड डिजाइनिंग उत्पादन का एक कलात्मक घटक है। साउंड डिजाइनर के पास ध्वनि प्रभाव बनाने की कल्पनाशक्ति होनी चाहिए, न कि केवल उन्हें पुनः रिकॉर्ड करने की। किसी फिल्म के माहौल के लिए निर्देशक की रचनात्मक दृष्टि को समझने और साकार करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा, अच्छी ध्वनि रिकॉर्डिंग उत्पादन के समय और पोस्ट-प्रोडक्शन में पैसा बचा सकती है। एक साउंड डिजाइनर के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और साउंड रिकॉर्डिंग, प्लेबैक और संपादन उपकरण की अच्छी समझ, उत्कृष्ट श्रवण कौशल और दिशा देने और स्वीकार करने की क्षमता होनी चाहिए। साउंड डिजाइनर बनने के लिए साउंड डिजाइन में स्नातक और मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। एक साउंड डिजाइनर प्रति वर्ष 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत निर्देशकः संगीत निर्देशकों को कंडक्टर के रूप में भी जाना जाता है, वे ऑर्केस्ट्रा आदि जैसे संगीत समूहों का नेतृत्व करते हैं।

वे प्रदर्शन के लिए संगीत का चयन करते हैं, प्रदर्शन की व्यवस्था करते हैं और संगीतकारों के साथ काम करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे अच्छा प्रदर्शन करें। वे रिहर्सल और प्रदर्शन का नेतृत्व भी करते हैं। वे अक्सर संगीत समूह का नेतृत्व करने के कई प्रशासनिक विवरणों के लिए जिम्मेदार होते हैं। संगीत निर्देशक विभिन्न प्रकार के संगीत समूहों के साथ काम करते हैं, जिनमें स्कूल बैंड, युवा ऑर्केस्ट्रा और प्रदर्शन कंपनियां शामिल हैं, या वे टेलीविजन या रेडियो शो के लिए भी काम कर सकते हैं। एक सफल संगीत निर्देशक रचनात्मक, दृढ़ और भरोसेमंद होता है। उनके पास उत्कृष्ट पारस्परिक कौशल है और वे भीड़ के सामने चमकते हैं। प्रदर्शन कला में एक संगीत निर्देशक के पास संचालन, संगीत सिद्धांत, संगीत रचना, या एक विशिष्ट उपकरण जैसे संगीत कार्यक्रमों में मास्टर और पीएचडी की डिग्री होती है। एक संगीत निर्देशक का औसत वार्षिक वेतन लगभग 9,00,000 रुपये है। संगीत संपादकः संगीत संपादक निर्देशकों को फिल्मों में उनकी संगीत संबंधी महत्वाकांक्षाओं को हासिल करने में मदद करते हैं और फिल्म और संगीतकार के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी प्रदान करते हैं। वे साउंडट्रैक की संरचना करते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी घटक एक साथ काम करते हैं। फिल्म संगीत के सफलतापूर्वक काम करने के लिए इसे खूबसूरती से लिखा जाना चाहिए, अच्छा प्रदर्शन किया जाना चाहिए और कहानी और सेटिंग के अनुरूप होना चाहिए। इसके अलावा, इसे बहुत सावधानी से फिल्म के भीतर रखा जाना चाहिए, ताकि एक्शन को अलग करने के बजाय उसे पूरक बनाया जा सके। प्रत्येक फिल्म की संगीत सामग्री और बजट के अनुसार उनकी जिम्मेदारियाँ अलग-अलग होती हैं। वे आम तौर पर फिल्म साउंडट्रैक पर प्रदर्शित सभी संगीत के लिए जिम्मेदार होते हैं, जिसमें प्रस्तुत संगीत, सभी स्रोत और संगीतकार द्वारा विशेष रूप से फिल्म के लिए लिखे गए स्कोर शामिल हैं। संगीत संपादक के रूप में अपना करियर बनाने के लिए संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। एक संगीत संपादक सालाना 6,00,000 रुपये तक कमा सकता है। संगीत शिक्षकः संगीत शिक्षक घर, स्कूल या कॉलेज में विद्यार्थियों यानी वयस्कों और बच्चों को संगीत वाद्ययंत्र बजाने या गाने के बारे में संगीत की शिक्षा देते हैं। कुछ संगीत शिक्षक लोगों को संगीत सिद्धांत के बारे में भी पढ़ाते हैं।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — चिकित्सा क्षेत्र की तैयारी करें, इंजिनियर लोगों को तरक्की का योग है, विदेश से अच्छा समाचार मिलेगा। भाग्य प्रतिशत- 88

**वृषभ** — कर्ज.चुकाने में दिक्कतें आएँगी, पैसे का निवेश सोच समझकर करे, गायन, मीडियाकर्मी के लिए अच्छा समय रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

**मिथुन** — परिवार में महिला की तबियत खराब हो सकती है, बड़े ख्वाब ना पाले, विवाह की बात आगे बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-60

**कर्क** — चोट का योग है, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मुश्किल होगी, चिंता छोडकर थोड़ा फोकस करें।
भाग्य प्रतिशत-65

**सिंह** — आप खुद को अपने नाम को बढ़ाना चाहते है, तैयारी करे सही मौके बनेंगे,लोगों से बना कर रखे धैर्य ना खोए।
भाग्य प्रतिशत-68

**कन्या** — घर में वाहन ला सकते है या नए घर में शिफ्ट होंगे, जीवन में एक नया पन आयेगा।
भाग्य प्रतिशत-79

**तुला** — आपकी बात की वैल्यू बढ़ेगी, कुछ जिम्मेदारी मिल सकती है, किसी को गलती पर डांट सकते है, व्यापार संबन्धी लोग मिलेगे।
भाग्य प्रतिशत-80

**वृश्चिक** — रुके हुए कार्य बनेंगे,जल्दी बहुत रहेगी,शिक्षा से प्रसिद्धि भी बढेगी, नेटवर्क से फायदा होगा '
भाग्य प्रतिशत-79

**धनु** — मनोरंजन करेंगे, दोस्तों का सर्किल बनेगा,फूड,डिलीवरी कार्य से मुनाफा होगा, किसी से अन्तरंग बातचीत होगी। भाग्य प्रतिशत-80

**मकर** — दिमाग को शांत ही रखे,परीक्षा के प्रश्न याद करने में मुश्किल आयेगी,थकान सम्भव है, संतान सुख मिलेगा ' भाग्य प्रतिशत-63

**कुंभ** — आप जीवन को ढोते आ रहे है, कुछ बदलाव चाहते है, इच्छाएं बढ़ेंगी पैसे का लाभ मिल सकता है।
भाग्य प्रतिशत-77

**मीन** — धर्म कर्म में रुचि बढ़ेगी, सामाजिक संस्था वाले कुछ कार्यक्रम करेंगे, पति को सुख मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-88



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# छोटा हाथी पलटने से चार महिला सहित 15 घायल,तीन की हालत नाजुक,

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**भोजपुर (आसिफ सैफी)।** थाना क्षेत्र के गांव में उसे वक्त हड़कप मच गया जब शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पूरा मामला भोजपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर का है जहां छोटे हाथी में सवार होकर चार महिला सहित 15 लोग शादी में शामिल होने के लिए रामपुर दोराहा स्थित होटल में जा रहे थे तभी लालुवाला से निकलकर अब्बा मियां के मजार के पास सेहल रोड पर एक बच्चा बकरी लेकर छोटे हाथी के आगे आ गया जिसको बचाने के लिए ड्राइवर ने ब्रेक मारे तो छोटा हाथी रोड किनारे बनी नहर में पलट गया जिसमें सभी लोग जख्मी हो गए एवं मोहम्मद हसन, चंदा, और हसन के गंभीर चोटे आई है जिनको मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर उनकी हालत नाजुक बताई गई है , तो वही घटना की खबर मिलने पर देहात विधायक हाजी नासिर कुरेशी भी अस्पताल पहुंचे और हाल-चाल जाना एवं परिजनों से मिलकर हुई घटना का दुख जताया है।

# भारतीय किसान यूनियन इंडिया द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 133वीं जयन्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के पश्चिमी उ.प्र. कार्यालय अग्रवाल काम्पलैक्स, शारदा रोड, मेरठ पर संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## बाल बंदियों को कराया गया भोजन

इस मौके पर सर्वप्रथम यूनियन के पश्चिमी उ.प्र. के अध्यक्ष श्री संदीप तितौरिया ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण किया व आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित किया।

विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री तितौरिया ने कहा कि विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, शिक्षावि, दार्शनिक, लेखक पत्रकार, समाजशास्त्री, मानवविज्ञानी, शिक्षाविद्, धर्मशास्त्री, इतिहासविद् प्रोफेसर, डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में हुआ था जिसका नाम अब डॉ.अंबेडकर नगर कर दिया गया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। उनका बचपन बहुत ही मुश्किलों में व्यतीत हुआ था। बाबा साहेब अंबेडकर सहित सभी निम्न जाति के लोगों को सामाजिक बहिष्कार, अपमान और भेदभाव का सामना करना पड़ता था। किंतु उन्होंने जीवन में आयी सभी चुनौतियों का डट कर सामना किया व दुनिया में अपनी एक विशिष्ठ पहचान बनाई, और भारत की आजादी के बाद भारत के संविधान निमार्ता बने। इन्होने मुंबई विश्वविद्यालय से बी॰ए॰, कोलंबिया विश्वविद्यालय से एम॰ए॰, पीएच॰डी॰, एलएल॰डी॰, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एमएस०सी०,डीएस॰सी॰, ग्रेज इन बैरिस्टर-एट-लॉ की डिग्री हासिल की। बाबा साहिब की धर्मपत्नियों के नाम रमाबाई अंबेडकर, डॉ० सविता अंबेडकर थे।



आज केन्द्र की भाजपा सरकार बाबा साहब द्वारा मेहनत करके बनाये गये संविधान को बदलने में लगी हुई है। संविधान में रोजाना नये प्रविर्तन कर रही है, जिनका कोई औचित्य नहीं है। विचार गोष्ठी के बाद यूनियन के सभी कार्यकर्ता मैट्रो प्लाजा स्थिति बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करने पहुंचे व वहां से सूरज कुंण्ड स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) पहुंचे व बंद बाल कैदियों हेतु भोजन की व्यवस्था कराई। जिससे बच्चा जेल में बंद बच्चा कैदी प्रसन्न हुए। महापंचायत में मुख्य रुप से विकास ठाकुर, दीपांशु तितौरिया, सरदार अमनदीप सिंह, काशिफ मंसूरी, रेहान मेवाती, विपुल सिंह, आर्यन बिल्टौरिया, परविन्दर सिंह, हरपाल यादव, ओमकार यादव, रविप्रकाश, मौ0 वसीम, नरेन्द्र बैसला, रहीस अल्वी, आदि मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री दयाशंकर को उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा दिया गया ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई।** विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख समस्या उत्तर प्रदेश परिवहन निगम(रोडवेज) की बसों की विभिन्न नगरों के लिए सेवाएं नहीं होने के सम्बन्ध

## बसों के बगैर सूना पड़ा रोड़वेज बस स्टैंडः राकेश वार्ष्णेय

में स्थानीय उद्योग व्यापार मण्डल (न. अ.) द्वारा विगत दिन नगर में एक बैंकिट हॉल में पधारे उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त सन्दर्भ में स्थानीय विधायक चन्द्रपाल सिंह लोधी द्वारा उक्त विषय में परिवहन मंत्री को पत्र देकर अवगत कराया गया कि विधान सभा डिबाई के नरोरा में संचालित रोडवेज डिपो को अलीगढ़ के अतरौली डिपो के लिए स्थानांतरित कर दिया गया है। जिसे अति शीघ्र डिबाई के लिए स्थापित किया जाए। विदित हो कि इस



बहुत बड़ी आबादी वाले सम्पूर्ण क्षेत्र की जनता को आवागमन के लिए अलीगढ, आगरा, मथुरा, मुरादाबाद, मेरठ आदि रूटों पर रोडवेज बसें उपलब्ध नहीं हैं। नगर डिबाई में कई वर्ष पूर्व रोडवेज स्टेशन का विधिवत निर्माण किया गया था, जिसमें कभी कोई न तो रोडवेजकर्मी ही उपलब्ध होता है और न ही वहाँ से रोडवेज बसों का संचालन ही होता है। सम्पूर्ण क्षेत्र की जनता को इस कारण बहुत बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मजबूर होकर क्षेत्र की जनता को डिबाई और अलीगढ रूट पर चल रहे टेम्पो आदि वाहनों का सहारा लेना पडता है। जोकि बहुत बड़ी तादाद में चल रहे हैं तथा सवारियों से खचाखच भर कर चल रहे इन वाहनों से भारी खतरा रहता है। अन्य नगरों के लिए या तो महगी टेक्सियों का सहारा लेना पडता है या फिर दूसरे शहर में जाकर अपने गंतव्य स्थलों के लिए बस बदलनी पड़ती है।

# उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा आयोजित प्रादेशिक शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में सुभारती प्रथम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** उ0 प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ द्वारा प्रादेशिक संगीत व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में किया गया। जिसमें मेरठ संभाग से परफॉरमिंग आर्ट्स विभाग स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय की छात्रा रिया मेहरोत्रा ने कथक नृत्य के युवा वर्ग में प्रतिभागिता की तथा उत्तर प्रदेश के अठारह संभागों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेरठ को गौरवान्वित किया। गौरतलव है कि प्रादेशिक प्रतियोगिता से पूर्व पूरे उत्तर प्रदेश के अठारह संभागों में यह प्रतियोगिता होती है। संभागीय प्रतियोगिता में विजयी केवल प्रथम छात्र को प्रादेशिक स्तर की प्रतियोगिता मे प्रतिमागिता का अवसर प्राप्त होता है। प्रादेशिक स्तर पर कड़ी प्रतियोगिता मे ही रिय मेहरोत्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है कथक प्रस्तुति में रिया मेहरोत्रा ने गयारह मात्रा रूद्र ताल प्रस्तुति से प्रांरभ कर शिव तांडव स्तांत्र के उपरान्त थाट, आमद, तोड़े टुकड़े प्रिमलू, परन व उपज प्रस्तुत कर लाल पक्ष का पारंपरिक प्रदशर्न किया में कथक नृत्य किया। अंत में खंडिता नाटीका की ढुमरी श्काहे को मेरे धर अयि होश पर अभिनय कर निणार्यक मंडल का दिलजीत लिया । प्रथम स्थान प्राप्त रिया मेहरोत्रा को अगले माह फिर से संगीत नाटक अकादमी के कायक्र्रम उल्लास में प्रस्तुति का मौका दिया जायेगा। जहाँ उन्हे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार दिया जायेगा। इस अवसर पर परफाँरमिंग आट्र्स की विभागाध्यक्षा डॉ भावना ग्रोवर ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए छात्रा को उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ कठिन रियाज कराया गया था जिस कारण यह भलीभूत हुआ। ललित कला संकाय के डीन डॉ पिन्टू मिश्रा व कुलपति मेजर जनरल डॉ जी के थपलियाल, सीईओ डॉ शल्या राज ने छात्रा को बधाई व शुभकामनाएं दी।




# पंचायत भवन बंद रहने से ग्रामीण परेशान,अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (दिनेश सक्सेना)।** सरकार द्वारा पंचायत भवन में लाखों खर्च करने का मकसद यह नहीं की पंचायत भवन में ताला लटका रहे। मामला जनपद के विकास खंड पंवासा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कैली का है जहां पंचायत भवन हमेशा बंद ही रहता है,ग्रामीणों की सुविधा के लिए पंचायत भवन में पंचायत सहायक को तैनात किया गया है कि ग्रामीण दूसरे

- बिना अनुमति के पंचायत सहायका टीएमयू में ले रही एएनएम का प्रशिक्षण
- ग्रामीणों का आरोप कि कुछ कहने पर बलात्कार के केस में फसानें की देती है धमकी

जनसेवा केंद्र पर मोटा पैसा न देकर पंचायत भवन में पंचायत सहायक द्वारा चंद पैसा में अपना मूल निवास, आय प्रमाण पत्र, जन्मप्रमाण, मृत्यु प्रमाण, अन्य फार्म आनलाइन आवेदन कर सके परन्तु जब यह सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध ही नहीं हो रही तो पंचायत भवन या पंचायत सहायक का मायने क्या रखता है, सरकार द्वारा लाखों रुपए की मशीनरी लगवाना पंचायत सहायक को मानदेय का कोई औचित्य नहीं।



1- एक माह हो गया मेरे बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना सचिव से भी कहा उन्होंने कहा कि पंचायत सहायक से कहो पंचायत सहायक का मुरादाबाद में पढ़ रही हैं इसलिए पंचायत भवन नहीं खुलता हम लोग बहुत परेशान हैं शिकायत के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआः इसरार अहमद ग्रामीण कैली।



2- पंचायत घर हमेशा बंद रहता है पंचायत सहायका मुरादाबाद से जब भी गांव में आती है तो उनसे पंचायत भवन खोलने को कहते हैं तो धमकी देती है कि ज्यादा बोला तो छेड़छाड़ का मुकदमा लगवा दूंगीः नितिन कुमार ग्रामीण कैली

इस वक्त चुनाव का माहौल है, ऐसे कर्मचारियों के चलते सरकार को संदेश गलत जा सकता है ग्रामीणों, सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा संबंधित अधिकारियों को अवगत भी कराया गया परन्तु कोई समाधान नहीं हुआ



3- पंचायत घर खुलता नहीं क्योंकि पंचायत सहायका मुरादाबाद पढ़ाई कर रही हैं चाबी उनके पिता के पास रहती है वह किसी को देते नहीं है अगर मांगो तो झगड़ा करने पर उतारु रहते हैंः चरनसिंह ग्रामीण कैली।

ग्रामीणों का कहना है कि जो हम पहले बाहर मोटा पैसा देकर फार्म आनलाइन कराते थे आज भी ऐसा ही करना पड़ रहा सरकार का पंचायत सहायक रखने का कोई फायदा नहीं।

जनपद में अधिकांश पंचायत भवन बंद रहते है परन्तु संबंधित अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं इनकी इस लापरवाही के चलते सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

अगर हम बात करे अन्य पंचायत भवनों की तो जनपद में ऐसे अनेको पंचायत भवन है जो खुलते नही अभी तक कुछ तो पंचायत सहायक ऐसे भी हैं जो कम्प्यूटर में ए बी सी डी भी नहीं जानते और जो जानते है बह काम करते नहीं उनको जो शय मिल रही है वो है संबंधित अधिकारियों की जो कभी जाकर पंचायत भवनों को चैक ही नहीं करते अगर इन्हें प्रशासन का भय होता तो कर्मचारी इतने लापरवाही नहीं होते।



4- पंचायत सहायक का टी एम यू मुरादाबाद में एएनएम का कोर्स कर रही है, इसलिए पंचायत भवन बंद रहता है इससे ग्रामीणों से लेकर मैं और सचिव सभी परेशान है पंचायत भवन की चाबी उनके पिता के पास रहती है वह चाबी देता नहीं जब इसकी शिकायत वीडियो से की तो उन्होंने कहा कि ताला तोड़ दो और अपना ताला लगा लो सचिव ने ताला तोड़कर अपना ताला डाल दिया। अगले ही दिन उसके पिता ने ताला तोड़कर अपना ताला फिर से डाल दिया हमने इसकी शिकायत भी की है परंतु कोई अभी तक समाधान नहीं हुआ उसके पिता से चाबी मांगते हैं तो हमें डराता है कि बलात्कार के मुकदमे में फसवा दूंगा ,हमारी लगातार इधर-उधर शिकायत भी करता है ग्रामीण काफी परेशान हैः शैलेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान कैली।

**बर्जनः**

मेरे पास शिकायत आई थी मैंने इसका स्पष्टीकरण लिया था,वह एएनएम का प्रशिक्षण ले रही है वह भी गैर अनुमति के। उसने कोई अनुमति नहीं ली, उसके लिए में जिले पर डीपीआरओ को लैटर लिख रहा हूं,वो वहां से मार्ग दर्शन दैंगे कि क्या आगे की कार्रवाई की जाए।

**रिजवान हुसैन खंड विकास अधिकारी पंवासा।**

# हर्ष व उल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब की 133वीं जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हर्षोल्लास के साथ बाबा साहब जयंती मनाई गई। साथ ही क्षेत्र में बैंड बाजों के साथ बाबा साहब की झांकी आदि भी निकाली गई।

बस स्टैंड के निकट स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर पहुंची क्षेत्रीय विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकतोओ के अतिरिक्त दलित समाज के सैकड़ों महिलाओं व पुरुषों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक डॉक्टर मंजू सिवाच ने कहा कि बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान से सभी जाति वर्ग को एक समान अधिकार मिला है। विधायक ने कहा कि अब हम सभी को मिलकर बाबा साहब के अधूरे सपनों को पूरा करना है। पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर की जयंती भारत के निर्माण में उनके अतुल्य योगदान के लिए मनाई जाती है। बाबा साहब एक राजनीतिक न्याय वित्त अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन हमेशा गरीबों के हितों को दिलाने के लिए लगा दिया। विनोद वैशाली ने सभी से बाबा साहब के आदर्शों पर चलने की अपील की।



श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन के अलावा पालिका के तमाम सभासदगण शामिल थे।

**डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति ने किया कार्यक्रम आयोजित**

बस स्टैंड के निकट स्थित बाबा साहब प्रतिमा स्थल के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा भी एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके सिद्धांतों व बताए गए मार्ग पर चलने की बात कही। वक्ताओं ने बाबा साहब के शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो के नारे को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए आह्वान किया। डा मोहन कुमार, धर्मवीर सिंह, सचिन बौद्ध, दिनेश प्रधान, अंकुर गौतम, अमरजीत सिंह, राकेश कर्दम, पिंटू कर्दम कृष्णा, विकास कुमार, गोल्डी, अमित कुमार, हितेश कुमार, सुमित कुमार, दिवाकर सागर, गजेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार, अवधेश कुमार, होशियार सिंह, शेरसिंह, सतपाल सिंह, सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

**जन्मोत्सव**

## डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है : यशपाल सिंह रावत

# बागपत में धूमधाम से मनाया गया डा.भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जन्मोत्सव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बागपत।** बागपत नगर में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का 133 वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुराना कस्बा बागपत स्थित अम्बेडकर भवन में डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर वेलफेयर संगठन जनपद बागपत द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में जनपद बागपत की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महान व्यक्तित्व और महानता से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ समाज में महत्वूपर्ण भूमिका अदा करने वाली शख्सियतों को सम्मानित किया गया। प्रमुख समाजसेवी यशपाल सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान भारत में 20 करोड़ से अधिक लोग जो एक इंसान का जीवन जी रहे है वह बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की ही देन है। कहा कि डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है, उनके बनाये संविधान को हम कोटी-कोटी नमन करते है। डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर हमारे भगवान है। बताया कि जिस समय देश आजाद हुआ उस समय हमें अछूत माना जाता था। खुद डा भीमराव अम्बेडकर ने अपनी बायोग्राफी में लिखा है कि वे स्कूल की कक्षा में उच्च जाति के बच्चों से अलग एक कोने में बोरे पर बैठते थे और वह बोरा भी वह खुद लाते थे, जिसको स्कूल का कर्मचारी भी हाथ नही लगाता था। स्कूल में पानी पीना हो तो वह नल या मटके को हाथ नही लगा सकते थे। स्कूल का चपरासी ही पानी पिलवाता था अगर चपरासी नही हुआ तो उसके आने तक इंतजार करना होता था। धोबी कपडे नही धोता था, नाई बाल नही काटता था। बताया कि वह एक ऐसा दौर था, जिसमें ऊॅच-नीच, जात-पात, और छुआछुत जैसी कुरीतियां अपने चरम पर थी और हमारे लिए अधिकांश मंदिरो तक में प्रवेश तक वर्जित था। उस समय हम लोगों की स्थिति बद से बदतर थी। देश को आजाद कराने में तन-मन-धन से महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के बाबजूद हमें उस दौर में इंसान तो बिल्कुल भी नही समझा जाता था। ऐसे कठिन समय में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर दलितों, पिछड़ों, पीड़ितों के मुक्तिदाता और मसीहा बनकर अवतरित हुए। उन्होंने हमें मुख्य धारा में लाने के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया। कहा कि बाबा साहब के जन्मदिन के इस पवित्र व पावन दिन हम सब संकल्प ले कि हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जैसी अनेकों महान शख्सियतों को तैयार करना है, जिन्हे दुनिया सलाम करे। कहा कि हमें एकजुट रहना है, आर्थिक स्थिति से कमजोर परिवारों की सहायता करनी है, अपने अतीत को नही भूलना है और बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के महान उपकारों को हमेशा याद रखना है जिससे आने वाली पीढ़ियां शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक मेहनत कर हमारी कौम को और भी अधिक ताकत प्रदान करे और देश और दुनिया में कौम का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला महिला शिक्षक संघ की अध्यक्षा मंजु रानी ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हमारी जाति में विश्वभर में पूजित एक से बढ़कर एक संत, ऋषि और महर्षि और विद्धान हुए है जो आज भी समस्त संसार के लिए वंदनीय और पूजनीय है जो कि हमारी जाति की महानता को स्वयं सिद्ध करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशन और संचालन मास्टर संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर डाक्टर भीमराव वेलफेयर संगठन जनपद बागपत के अध्यक्ष नवीन कुमार, सचिव नितिन कुमार, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संरक्षक दिलीप सिंह, जिला महिला शिक्षक संघ की अध्यक्षा मंजु रानी, नेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, नीलम, कुसुम लता, सुरेश कुमार सीएमओ ऑफिस, अजय कुमार, मास्टर अजय कुमार, शीतल प्रसाद वाल्मीकि, रिटायर्ड मैनेजर सितार सिंह, एसपी स्टेनो बालक राम चक, एड़वोकेट प्रमोद कुमार, एड़वोकेट संजय सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी पुलिस तलाश में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी एक व्यक्ति की चोरों ने बाइक चोरी कर ली, पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी वाजिद पुत्र अनवर ने बताया कि वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर कस्बे के मोहल्ला सरवायज्ञान स्थित अपने एक दोस्त के घर पर गया हुआ था। और उसने अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ी कर रखी थी। तभी मौका पाकर किसी चोर ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली। काफी खोजबीन करने के बाद एवं आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों में भी तलाश करने पर उसकी मोटरसाइकिल का कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित व्यक्ति ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर बाइक चोर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को कार्रवाई का आश्वासन देकर बाइक चोर की तलाश शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों का किया चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गुर्जरपुर में युवक के साथ लाठी डंडों से हमला कर घायल करने के मामले में फरार दो अभियुक्तों को पुलिस ने पकड़कर चालान कर दिया है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गुर्जरपुर निवासी गौरव पुत्र ईश्वर ने बीते 10 अप्रैल को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि वह अपने खेत से घर पर जा रहा था। तभी पीछे से आए आधा दर्जन से अधिक गांव आल्दी के युवकों ने उस पर लाठी डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था और फरार हो गए थे। पीड़ित परिजनों ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकों ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस लगातार फरार आरोपियों की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव आल्दी निवासी तरुण पुत्र प्रमोद एवं हर्षित पुत्र विनोद को गिरफ्तार कर दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया है। पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति ने किया भजन संध्या का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के रामबाग स्थित देवी मंदिर पर वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। माता रानी की भजन संध्या का आयोजन कपिल दीवाना एंड पार्टी बहजोई द्वारा किया गया। भजन संध्या में माता रानी के कीर्तन के साथ पुष्प वर्षा से माहौल भक्तिमय हो गया।



पवन कुमार पन्नी द्वारा चलो बुलावा आया है।, कपिल वार्ष्णेय द्वारा मैय्या का चोला है रंगला, मैं बालक तू माता, हर्षित वार्ष्णेय द्वारा सरस्वती वंदना, प्यारा सजा है द्वार भवानी, प्रस्तुत की गई। कपिल दीवाना पार्टी द्वारा नवरात्र स्पेशल गीतों से भजन संध्या में समां बांध दिया। इस दौरान भजन संध्या में प्रदेशाध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी, डॉ सोनल वार्ष्णेय, पूजा किशोर, रीना चौधरी, एड. अंकित वार्ष्णेय, एड. पीयूष कुमार वार्ष्णेय, डॉ सुधा चौधरी, डॉ मधुपमा वार्ष्णेय, उषा वार्ष्णेय, मोनिका टनाटन, अर्पिता वार्ष्णेय, सीमा वार्ष्णेय, बीना वार्ष्णेय, प्रिया टनाटन, अनुराधा वार्ष्णेय, महिमा, गीता वार्ष्णेय, सविता वार्ष्णेय, अदिति वार्ष्णेय, मोनिका चौधरी, रितु चौधरी, प्रियांशी चौधरी, खुशी वार्ष्णेय, चांदनी वार्ष्णेय, दीपमाला, श्रुति वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय, गीतिका वार्ष्णेय आदि महिला सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद लोकसभा चुनाव के लिए के कांठ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्ण

**पदाधिकारी ने पूर्ण सजकता एवं गंभीरता के साथ अपने "दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ" कार्य करने का लिया संकल्प**

सजगता के साथ अपने-अपने दायित्व का निर्वाह पूर्ण निष्ठा के साथ करने का संकल्प लिया गया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, लोकसभा सहसंयोजक नरेंद्र आचार्य, विधानसभा संयोजक हुकुम सिंह के साथ वरिष्ठ नेता व मतगणना प्रमुख शिव कुमार गुप्ता, धर्मपाल सिंह(प्रवक्ता), कांठ मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, छजलैट मंडल अध्यक्ष



राम किशोर , विधानसभा विस्तारक सोनू उपाध्याय आदि उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओ को अपने सम्बोधन से प्रोत्साहित किया एवं चुनावी कार्यो की समीक्षा की गई।
सभी कार्यकर्ताओ को चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने पूर्ण सजगता एवं गंभीरता के साथ अपने अपने दायित्व का निर्वाह करने का संदेश दिया।
बैठक मे सामाजिक संपर्क प्रमुख मुकेश माहेश्वरी, विशेष संपर्क प्रमुख मुनीश चौहान, लाभार्थी संपर्क प्रमुख राजपाल सिंह प्रजापति , लीगल टीम संयोजक विजय वीर सिंह , वीडियो वैन प्रमुख सत्यवान सिंह राजपूत , सोशल मीडिया संयोजक अंबरीश शर्मा, बूथऊं प्रमुख सचिन चौहान , युवा संपर्क प्रमुख ,सुमित दिवाकर, प्रचार सामग्री प्रमुख वीर सिंह सैनी, प्रचार अभियान प्रमुख भूदेव चौधरी, वाहन व्यवस्था प्रमुख सौरभ अग्रवाल , प्रवासी कार्यकर्ता प्रमुख गौरव विश्नोई, श्रीमती आचल चौधरी, डॉ नेपाल सिंह, धर्मेंद्र, जीतू वर्मा एवं अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हाफिज मोहम्मद शाकिर ने राजवती को खून देकर निभाया इंसानियत का फर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** हाफिज मोहम्मद शाकिर ने राजवती को खून देकर निभाया इंसानियत का फर्ज संभल में मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति ने हिंदू ग्रामीण महिला को ब्लड की जरूरत होने पर कदम बढ़ाए हैं उसने उसे खून देखकर न सिर्फ जान बचाई है बल्कि इंसानियत की मिसाल भी पेश की है हिंदू मुस्लिम की एकता के इस मामले में क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और समाज को भी संदेश मिल रहा है दरअसल आदमपुर रोड ग्राम बेनीपुर चक के रहने वाले भारत सिंह यादव की पत्नी का ऑपरेशन होना था उन्होंने शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां मरीज की ब्लड टेस्ट होने पर ब्लड की मात्रा काफी कम पाई गई , तब डॉक्टर ने तत्काल चार यूनिट ब्लड की डिमांड



बताई, चार यूनिट मांगता देख घरवाले इधर-उधर भागने लगे तभी यह सूचना इंडियन ब्लड डोनर ग्रुप सँम्भल के सदस्य हाफिज मोहम्मद शाकिर पर गई उन्होंने सारी जानकारी करने के बाद तत्काल मरीज को अपना ओ पॉजिटिव ब्लड देने को बोल दिया , जब एक अनजान मुस्लिम व्यक्ति हिंदू महिला को ब्लड देने आया तो यह देखकर दंग रह गए , और आपस में यह देखकर खुश होने लगे , कि आखिरकार अभी भी इंसानियत जिंदा है , जब ऐसे माहौल में लोग जगह-जगह बैठकर हिंदू मुस्लिम की बातें करते हैं उनको हाफिज मोहम्मद शाकिर से कुछ सीख लेना चाहिए , जब शाकिर से इस बारे में बात की कि आप एक अनजान हिंदू महिला को अपना ब्लड देने के लिए आए हैं इस बारे में आपका क्या विचार है तो शाकिर ने बताया कि हम इंसान को इंसान और इंसानियत को मानने वाले लोग हैं यहां इंसानियत का काम होगा वहां हम बिना सोचे समझे उसमें हिस्सा लेंगे वह चाहे किसी भी धर्म का क्यो न हो , शाकिर की यह बाते सुनकर मरीज के घर वाले आश्चर्य में रह गए ।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मोहन तख्तपुर हाशा में स्थित भारत माता जूनियर हाई



स्कूल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शिक्षक शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भीमराव अंबेडकर, डॉक्टर बाबा साहब आम्बेडकर नाम से लोकप्रिय,भारतीय बहुज्ञ,अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतो से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था उन्होंने दलितों की शिक्षा पर जोर दिया उनके पास 16 डिग्रियां थी। कार्यक्रम में मौहम्मद अब्बास, स्वाति,हुकम सिंह, सतीश सिंह,पियूष गौतम,योगेंद्र एडवोकेट, मनीष कुमार, राज, जागरत, शिवा, मयंक, अनिकेत, जुनैद, अयान, फैज, जैद, गरिमा, तनु, दिव्यांशी, रश्मि, जानवी, हिमांशी आदि उपस्थित रहे उधर कुंदरकी क्षेत्र के विभिन्न गांव मोहनपुर, चिड़ियाठेर, काजीपुरा, कुतुबपुर अज्जू, कुन्दरकी नगर, चकफाजलपुर, हरियाना, शेखुपुर खास,इमरतपुर फखरुद्दीन, चांदपुर मंगोल,नगला कमाल आदि गांव में बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

# माता महाकाली मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव कल से होगा प्रारंभ, 18 अप्रैल को भव्य झांकियां के साथ निकलेगी शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** हजारों लोगों की असीम आस्था और विश्वास का प्रतीक माता महाकाली मंदिर का 54 वा तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा 18 अप्रैल को को नगर में माता महाकाली की बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर में आस्था और विश्वास के प्रतीक प्राचीन माता महाकाली मंदिर (माता थान) का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 16 अप्रैल से प्रारंभ होगा । इसके लिए आयोजक कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। 16 अप्रैल को को शाम 4:00 बजे महिला कीर्तन होगा 17 अप्रैल को प्रात 9:00 बजे विशाल हवन एवं दोपहर को भंडारा और रात्रि में विशाल जागरण होगा 18 अप्रैल को शाम 6:00 बजे भव्य झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी' माता महाकाली

**कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह विश्नोई ने रविवार को बताया वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी**

मंदिर (माता थान) से नगर ही क्षेत्र ही नहीं दूर दराज के देवी भक्तों की आस्था जुड़ी है। इस स्थान पर मांगी गई मनौतियां पूरी हो जाती हैं। जिसके कारण इस सिद्ध स्थल से हिंदू, मुस्लिम, सिख सभी की आस्था जुड़ी है। कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह विश्नोई ने रविवार को बताया वार्षिकोत्सव के अंतिम दिन नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें मां का डोला और कई धार्मिक झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।

# विद्यालय मे छात्राओ ने मीठी सेवइयां बनाकर खिलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )।** विद्यालय में ईद उल फितर पर्व के उपलक्ष मे मीठी सेवइयां बनाई गई और उसके बाद छात्र-छात्राओ और विद्यालय के स्टाफ को खिलाई गई। और ईदुल फित्र पर्व की गले मिलकर मुबारकबाद दी गई। विद्यालय मे मकबूल अली के पुत्र मौहम्मद उस्मान अली एवं मौहम्मद अरमान विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दही बड़ा एवं मीठी सेवई खिलाकर आपसी भाईचारा गुरु शिष्य परंपरा को मजबूत किया । विद्यालय पर सेवई बनाने के पश्चात कन्या भारती की पदाधिकारी छात्राओं ने पूरे आचार्य स्टाफ एवं छोटे-छोटे बच्चों को एवं आने वाले अभिभावक व अतिथियों को सेवई खिलाई गई । प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बहुत-बहुत ईद की शुभकामनाएं एवं बधाई दी जिसमें कुमारी सबा सैफी सृष्टि ठाकुर कृष्ण चौहान रमन ठाकुर आदित्य चौहान अनुराग यादव बालिका शिक्षा प्रमुख



श्रीमती मीनू यादव ने सेवई स्वादिष्ट ढंग से पकाई। और ईद की खुशीयां साझा की ।

# देश का वंचित समाज अब जाग चुका है : वाजिद हुसैन अंसारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी) ।** महान समाज सुधारक, भारत रत्न ,भारतीय संविधान के निमार्ता ,सर्व समाज के गरीबों के मसीहा डॉ अंबेडकर ने जो सपना आजादी का, देश आजाद होने से पहले

**डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई**

देखा था, वह आज उनके अनुयाई पूरा कर रहे हैं ,उक्त विचार पूर्व सदस्य कपड़ा मंत्रालय वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने अंबेडकर पार्क में आयोजित अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में व्यक्त किए, उन्होंने कहा कि देश का वंचित समाज अब जाग चुका है, वह ऐसे किसी भी काम का विरोध करेगा जो संविधान में वर्णित तथ्यों से अलग हो ,वह अब जुल्म सितम का बदला



अपने वोट से देना जान गया है, और अपना अधिकार भी वोट से लेना समझ चुका है , अंबेडकर ने सामाजिक लोकतंत्र का अर्थ बताया, कभी न टूटने वाला समाज , और कभी ना टूटने वाला इंसानी दिमाग बनाया, और सारी दुनिया में भारत की पहचान बनाई ,इसलिए हमें डॉक्टर अंबेडकर द्वारा दी गई आजादी को संभाल कर रखना चाहिए, इस अवसर पर अजय सिंह, संजय कुमार एडवोकेट ,चंद्रपाल वाल्मीकि, मोहित कुमार जाटव, जय सिंह ,इमरान नूर ,शाहिद अली अंसारी, हेमराज सिंह, सुनील कुमार सागर, आदि लोग उपस्थित थे ।

# भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के तत्वाधान में घंटाघर स्थित कैम्प कार्यालय पर भारत रत्न , भारतीय संविधान के रचियता,नारी मुक्तिदाता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की 133 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई .इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजित की गई। सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के फोटो पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता बोर्ड के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि भारत




रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के महान शिल्पकार होने के साथ साथ सामाजिक समरसता के प्रतीक थे .बाबा साहब ने हमेशा शिक्षित बनने ,संगठित रहने पर जोर दिया.बाबा साहब ने हमेशा इस्लामिक कट्टरता और इस्लामिक कट्टरपंथियों का घोर विरोध किया। विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहब की जयंती सामाजिक समानता दिवस के रूप मे मनाई जाती है। विशिष्ट अतिथि जगदीश चंद्र राणा ने कहा कि बाबा साहब ने हमेशा हिन्दुओं को सही मार्गदर्शन देने का कार्य किया। डॉ.योगेंद्र मोहन शास्त्री ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को नारी उत्थान के लिए नारी मुक्तिदाता कहा जाता है। अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब को शोषित,वंचितों एवं पिछड़ों के मसीहा के रूप मे जाना जाता है। एड. संजय गुप्ता एवं एड. मुकेश अग्रवाल ने सभी देशवासियों को बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।
विचार गोष्ठी में प्रदीप कुमार वार्ष्णेय, प्रेमपाल गुप्ता, एड. रामकिशोर अग्रवाल,वैभव कुमार चौधरी, दीपेन्द्रनाथ गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, योगेन्द्र गुप्ता, मनोहरलाल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता विनय ने एवं संचालन के. जी. गुप्ता ने किया।

# बाबा साहब महिलाओ के मुक्ति दाता बने: आशा गोस्वामी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के ग्राम पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में डा. भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी,संचालक महानंदन गौतम एवं प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने संयुक्त रूप से डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया। साथ ही प्रबंधक ममता रानी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने हमेशा से सभी को बराबर का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया। दलितों और वंचितों को उनके अधिकार दिलाने का कार्य किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान लिखने में अहम भूमिका निभाई जिससे आज भी देश चल रहा है और सभी को समान शिक्षा का अवसर मिल रहा है। उन्होंने बच्चों को बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। वहीं विद्यालय संचालक महानंदन गौतम ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की



जयंती 14 अप्रैल को मनाई जाती है। उन्हें संविधान निमार्ता इसलिए कहा जाता है, क्योंकि भारतीय संविधान के निर्माण में उनका अमूल्य योगदान रहा। साथ ही दलित समाज के लिए भी बी आर अंबेडकर ने महत्वपूर्ण कदम उठाए। शिक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करने वाला बाबा साहेब ने इन परिस्थितियों के सामने हार नहीं मानी और उच्चतम शिक्षा हासिल करने का प्रयास जारी रखा। स्कूल-कॉलेज से लेकर नौकरी तक में उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा उनके संघर्षपूर्ण जीवन और सफलता की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने कई बार मंच से ऐसे भाषण, या विचार व्यक्त किए जिससे प्रेरित होकर युवा जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं। इस अवसर पर नीरज शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, शिव गणेश शर्मा ,सीमा अग्रवाल,आभा रानी, रिनी अग्रवाल,नेहा चौधरी,रानी, आरती ,रेशमा, शिवानी , योगेश गीता, ममता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के शिक्षक प्रवीण कुमार जी ने किया।

## डॉ.आंबेडकर सुविधाहीन लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत : डॉ.ओपी गुप्ता

# डायट में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में





स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता में डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत उप शिक्षा निदेशक निदेशक/प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर-के किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर उन सुविधाहीन लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है, जो जीवन में आगे बढ़ना चाहते हैं।उनके विचार संपूर्ण मानवता और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकाश दिखाते रहेंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और गणराज्य के रूप में स्थापित व मान्यता प्रदान करने के लिए संविधान निर्माण के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में योगदान दिया था। जिससे भारतीय संविधान बन सका। इस दौरान डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह, डॉ. स्नेह लता राव मौजूद रहे। संचालन डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने किया।

**जयंती** | बाबा साहब की 134वी जयंती मना रहा है यह हम सब के लिए गर्व का विषय है

# डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बैठक आयोजित की गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी) ।** रविवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम रूस्तमनगर सहसपुर बाल्मीकि बस्ती में नेशनल अकैडमी फॉर सोशल मूवमेंट नागरिक एकता परिषद की ओर से बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर बैठक आयोजित की गई।
बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आज देश बाबा साहब की 134वी जयंती मना रहा है यह हम सब के लिए गर्व का विषय है।
आज महिलाओं को जो कुछ अधिकार हासिल यह सब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की देन है परंतु हम महिलाओं को अभी काफी कुछ हासिल करना है जो हमे अभी तक न मिल पाया है। सभी लोग अपनी बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे बाबा साहब ने कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध



है जो पियेगा वह दहाड़ेगा। ब्रजपाल बाल्मीकि उर्फ ठन ठन भाई ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया और कहा कि बाबा साहब हम दलितों के मुक्ति दाता है मसीहा है बाबा साहब ने संविधान बनाकर हमे समाज मे बराबरी का अधिकार दिलाया। पहले हमें अछूत समझा जाता था। संविधान से ही लोकतंत्र की स्थापना हुई। लोकतंत्र से चुनाव लड़कर हम लोग भी सरकार में जाकर अपने समाज के हित की नीतियां बनवा सकते है। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। और कहा कि बाबा साहब का जन्म 1891 को महाराष्ट्र के महू में हुआ था। बाबा साहब एक महान समाज सुधारक एक राजनेता विद्वान कानूनविद शिक्षाविद महिलावादी थे।बाबा साहब को 9 भाषाओं का ज्ञान था। बाबा साहब के पास 32 डिग्रियां थी।
बाबा साहब संविधान सभा मे ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष थे।बाबा साहब ने दुनिया के सभी सभी संविधानों का अध्ययन किया उसके बाद इतना सुंदर संविधान प्रकाश में आया जो हमे समानता स्वतंत्रता अवसर की समता, समाजवादी सोच को सारे विधान की सोच में परलषित करता है।
क्रायक्रम शिखा यादव ने संविधान की प्रस्तवना पढ़ी सभी ने प्रस्तवना को साथ2 दोहराया। कार्यक्रम का संचालन संजू अम्बेडकर ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंदु बाल्मीकि ने किया। गोविदा बाल्मीकि, ब्रजपाल उर्फ ठन ठन भाई शेखर राज चंचल बाल्मीकि अंकुश बाल्मीकि बीरेंद्र सिंह खटीक, कीर्ति यादव फिरोज भाई, प्रशांत शुशान्त प्रदीप बाल्मीकि रानी बाल्मीकि, अरविंद मिथलेश बाल्मीकि, मूंगा बाल्मीकि, सनोवर, सोहनलाल, मनमोहन, शोभा अंशु, शिवा, छोटु, निशा, माया बाल्मीकि संजीव बाल्मीकि यति कुमारी किरण बाल्मीकि नीतू बाल्मीकि सोनिका नेनशी रजनी मधु बालमीकि आदि मौजूद रहे ।

# बाइक में कार ने मारी टक्कर: पत्नी को लेने ससुराल जा रहे विशाल की हुई दर्दनाक मौत, दुर्घटना के बाद कार सवार हुए फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** छजलैट-बिजनौर मार्गपर रजपुरा गांव में कार की टक्कर से बाइक सवार विशाल (30) की मौत हो गई। विशाल पत्नी को लेने अपनी ससुराल जा रहा था। हादसे के बाद अनियंत्रित हुई कार पुलिया से टकराकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। हालांकि कार सवार मौके से भाग गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।छजलैट थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुरा निवासी विशाल (30) पुत्र धर्मपाल सिंह किसान था। शनिवार दोपहर वह बाइक से पत्नी को लेने गांव भीकनपुर स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। जब वह मुरादाबाद-बिजनौर मार्ग स्थित गांव रजपुरा पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जान गंवाने वाले छजलैट के गांव शेखूपुरा निवासी विशाल की मौत से उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा और विवाहित था। उसके एक बेटा भी





है। विशाल की मौत से उसकी पत्नी पूजा, मां सुनीता, पिता धर्मपाल, भाई राहुल, विमल आदि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद कार भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकराकर खाई में पलट गई। जिस तेज रफ्तार कार ने मुरादाबाद- बिजनौर मार्ग पर बाइक को टक्कर मारी है वह किसी पुलिस कर्मी की बताई जा रही है। पुलिस को कार से सिपाही की कैप और शराब की तीन-चार बोतलें भी बरामद हुई हैं। बताया जा रहा है कि कार में कई व्यक्ति सवार थे जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गए। कार किसकी है और कहां से आ रही थी। हालांकि कार पर मुरादाबाद जिले का नंबर लिखा है। वहीं पुलिस ने मामले में अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराया। वहीं हादसे के बाद कार सवार मौके से भाग गए।

# भाजपा प्रत्याशी ने बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारो में पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने खालसा साजना दिवस बैसाखी पर्व के अवसर पर अपनी लोकसभा में विभिन्न गुरुद्वारो में पहुंच कर माथा टेका और गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर समुचे सिक्ख समुदाय को उन्होंने बैसाखी पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी उन्होंने कहा की बैसाखी पर्व आपसी सहयोग एवं भाईचारे का त्योहार है उनके साथ पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर सहित मनजीत सिंह औलख, रमनदीप सिंह थापर, रविन्द्र सिंह सोनू उपाध्यक्ष पश्चिमी जिला, गगन साहनी इन्द्र जीत सिंह मोंटी आदि मौजूद रहे। भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत गुरुद्वारा सिंह सभा मंगल बाजार विष्णु गार्डन, गुरुद्वारा सिंह सभा शिव नगर, गुरुद्वारा हस्तसाल उत्तम नगर में गई इसके अलावा दो जगह बैसाखी उत्सव के कार्यक्रम में शामिल हुई। सिक्ख समुदाय द्वारा उन्हें सिरोपा भेंट किया गया और सम्मानित किया गया।

# विद्यालय केशव माधव मे शहीदों को दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ककोड़ ।** केशव माधव सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककोड में 1919 को जलियांवाला हत्याकांड में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।आज के इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार मिश्र जी एवं मुख्य वक्ता आचार्य श्री दीनदयाल शर्मा जी रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्या बहन श्रीमती ममता शर्मा जी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया और बहनों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की तथा जलियांवाला हत्याकांड पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आचाय दीनदयाल शर्मा ने बताया कि जालियाँवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के निकट जलियाँवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 (बैसाखी के दिन) हुआ था। रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी जिसमें जनरल डायर नामक एक अँग्रेज ऑफिसर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियाँ चलवा दीं जिसमें 400 से अधिक व्यक्ति मरे और 2000 से अधिक घायल हुए।अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1500 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार मिश्र जी ने मतदाता जागरूकता के लिए सभी आचार्यो एवं विद्यालय के समस्त भैया बहनों को शपथ दिलाई। विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान अशोक गुप्ता जी तथा प्रबंधक श्रीमान जगदीश प्रसाद ढौड़ियाल ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के प्रधानाचाय ने समान भाव से सब के साथ व्यवहार करते हुए देशभक्ति की भावना के साथ जीने की सलाह दी। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त भैया बहन एवं आचार्य बंधु तथा आचार्या बहने उपस्थित रहे।





# धूमधाम से मनाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**नयी दिल्ली((राजू बोहरा)।** नई दिल्ली। भारतीय संविधान के निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 'राष्ट्रीय मानव पार्टी' की दिल्ली ईकाई द्वारा आज पार्टी कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष रमेश झंकार ने आजकल की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बाबा साहब का मानना था कि कानून और व्यवस्था राजनीतिक शरीर की दवा है और जब राजनीतिक शरीर बीमार पड़े तो दवा जरूर दी जानी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अथिति राष्ट्रीय अध्यक्ष एम योगेश शेट्टी ने कहा कि राष्ट्रीय मानव पार्टी की विचारधारा मानवतावादी है बाबा साहब की तरह हमारी पार्टी भी ऐसे धर्म को मानती है जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाए। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव बी एस चौहान ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर का मानना था कि जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता नहीं हासिल कर लेते, कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है, वो आपके किसी काम की नहीं है और हमारी पार्टी सामाजिक समानता की वकालत करती है। मंच संचालन करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री अश्वनी राघव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के अनुसार, हिन्दुत्व की गौरव वृद्धि में वशिष्ठ जैसे ब्राह्मण, राम जैसे क्षत्रिय, हर्ष की तरह वैश्य और तुकाराम जैसे शूद्र लोगों ने अपनी साधना का प्रतिफल जोड़ा है। उनका हिन्दुत्व दीवारों में घिरा हुआ नहीं है, बल्कि ग्रहिष्णु, सहिष्णु व चलिष्णु है। कार्यक्रम में दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश, विकास शर्मा, सचिव रंजीत गुप्ता, सहसचिव मनोज चंदेल, मनीष लाल, लोकसभा अध्यक्ष शीतला प्रसाद, मोहम्मद आरिफ, गणेश कुमार, जय प्रकाश, संजीव मिलिंद, राकेश भारती, राजेंद्र सिंह, एवम अन्य पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य में बाबा साहब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी।

# आंबेडकर जयंती पर पहासू में निकली प्रभात फेरी व शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पहासू ।** कस्बा में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयायियों ने प्रभातफेरी निकाल कर उनकी शिक्षाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। कार्यकताओं के द्वारा 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी निकाली गई। शौभायात्रा अम्बेडकर पार्क से शुरू होकर पहासू के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। काफी संख्या में लोग हाथों में बाबा साहब के संदेश लिखी हुई पट्टियां लेकर नारे लगाते हुए चल रहे थे। अम्बेडकर संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शौभायात्रा का शुभारंभ किया। भाजपा अनुसूचित मोर्चे के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह नेकहा कि बाबा साहेब की शिक्षाओं को आत्मसात कर उनके सपनों के भारत निर्माण के लिए हम सब कटिबद्ध हैं भारतीय संविधान के जनक दलितों के मसीहा परमपूज्य बोधिस्तव बाबा साहेब डॉ भीम राव की जयंती पर उन्हें शत शत नमन किया। साथ ही उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा बाबा साहेब ने नारा दिया था,शिक्षित बनो, संगठित रहो , संघर्ष करो का नारा दिया गया। भव्य प्रभात फेरी के दौरान देश भक्ति के गाने पर सैकड़ों कार्यकर्ता झूम रहे थे। शौभायात्रा के मुख्य अतिथि आर के सिंह विशेष सचिव हरियाणा सरकार एवं इ० विजय बहादुर सिंह सहायक अभियंता सी पी डब्लू डी दिल्ली रहे,इस मौके पर भूपेंद्र गौड, रिंकू शर्मा, किशन पाल,सूरजपाल सिंह, मिथुन निराला,आशीष भारती, बाबा बासुदेव, मुन्शी लाल गौतम, राम दिवाकर,मनोज गर्ग,दिनेश वर्मा, भूपेन्द्र गौड,नरेश बाल्मिकी, विटटू वैधजी, रिशु कुमार, डॉ भगवान सिंह,राहुल गौतम रामू,सहित दर्जनों अनुयायी उपस्थित थे।


# नगर में धूम धाम से निकाली गई भारत रत्न बाबा साहेब डा०भीमराव अम्बेडकर की भव्य शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** रविवार को विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भारत रत्न बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का 133 वॉ जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस वार जन्मोत्सव पर महिला शक्ति ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में शमिल हुई। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं रेवाराम सेवानिवृत सीडीओं , डीके सिंह,सोमपाल सिंह, अमित प्रजापति जन्मोत्सव के अध्यक्ष कपिल मोनू अध्यक्ष द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद वौद्व बन्दना की गई। अध्यक्ष द्वारा सम्मानित लोगों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

रविवार को नगर के खुजार्गेट स्थित अम्बेडकर पार्क से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय एवं पूर्व सभासद सोहन लाल,रेवा राम, डीके सिंह,ओमप्रकाश राव द्वारा फीता काटकर किया गया। शोभायात्रा में महिला शक्ति के साथ भगवान वौद्व की झांकी दर्शको के लिए अकर्षक का केन्द्र रही।इस शोभायात्रा में डीजे पर बाबा साहेब के गाने पर युवा शक्ति हजारों की संख्या में जय-जय भीम के नारे के साथ झुमते नजर आये। शोभायात्रा में सबसे पहले घोड़ो पर सवार युवा पंचशील का झण्डा लेकर चल रहे थे। उनके पीछे ढोल नगाड़ों के बाबा साहेब की झांकी थी। उनके पीछे भगवान वौद्व की झांकी तथा छत्रपति शिवाजी राव झलकारी बाई, साथ सम्राट अशोक का स्तम्भ के साथ एक-एक की पीछे एक डीजे की धुन पर युवा नचाते नजर आये। वही महिला शक्ति भी बाबा साहेब के गानो की धुन पर भी झुमती नजर आई। इस बार शोभायात्रा नगर में चर्चा का विषय बनी रही। इस यात्रा का नगर जगह-जगह फूल वर्षो का स्वागत किया गया। इसके साथ नगर में जगह-जगह विशाल भण्डरों का आयोजन भी किया गया। यह शोभायात्रा खुर्जा गेट अम्बेडकर पार्क से प्रारंभ होकर सैमरटोला, कैथल गेट, बह्मामबाजार, फड़याई बाजार,घंटाघर,











संभलगेट, रामस्वरूप रोड़, ,फुब्बारा चौक आजाद रोड़ होते हुए मालगोदाम रोड़ स्थित अम्बेडकर पार्क सभा मे तब्दील हो गई। जहॉ पर समिति के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर

- शोभायात्रा में महिला शक्ति ने भी बडचढ़ कर हिस्सा लिया
- शोभायात्रा में भगवान वौद्व की झांकी रही आकर्षक का केन्द्र

माल्यार्पण किया गया। और समारोह में मुख्य वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डाला। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र जाटव सांसद, नगीना, नेता संसदीय दल विशिष्ट अतिथि डा० अनामिका यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष, सम्भल डा० रणविजय सिंह, एडवोकेट, परमेश्वर लाल सैनी पूर्व एम.एल.सी. सोलत अली पूर्व विधायक, जियार्डरहमान वर्क, विधायक, कुन्दरकी डा० राधा वाल्मीकि, प्रख्यात शिक्षिका, लेखिका, समाज सेविका मुख्य वक्ता विवेक शाक्य एड०, सामाजिक चिन्तक एवं विचारक अध्यक्ष कपिल कुमार ह्ममोनू संजय कना, रुबी राहुल , अनिल कुमार महामंत्री विनोद कुमार, मुरलीधर रौकी राजकुमार,प्रमोद कुमार सुधाकर मार सिद्धार्थ गौतम, दीपक कुमार मेध सिंह, आलोक वाल्मीकि अमन कोरी, नवकान्त शेखर संरथापक-भीमराज सेना, डा0यशवन्त प्रमोद कुमार ममता मधुकर, पुष्पा बौद्ध, भावना सागर, मीनू जाटव, कंचन बौद्ध, छाया बौद्ध,श्यामकली, ज्ञानमित्रा गौतम शमलेश गौतम, रामबेटी, राशी गौतम, मुस्कान, सुषमा सिंह, खुशबू गौतम, सरोज कुमारी, सुप्रिया सिंह, छाया बौद्ध, गौरी बौद्ध शोभायात्रा उद्घाटनकर्ता भन्ते प्रज्ञा रश्मि महाथेरा, मा० गुलाब देवी राज्यमंत्री, लता प्रेम चन्द, डी. के. सिंह, सुशील कुमार, दाताराम भारती, भगवती प्रसाद, चन्द्रमोहन नीरज, महेन्द्रपाल एड..प्रवीन कुमार बन्टी, महानन्दन गौतम, सतीश जाटव, जसवन्त सिह.ओमप्रकाश राव, प्रेमपाल सिंह, श्याम सुन्दर, यादराम, बंगाली बाबू, सोबरन सिंह, नरेन्द्र कुमारप्रधानाचार्य, राजबहादुर एड., सूरज सिंह, आनन्द सन्तोषी, अशोक आदि के साथ हजारों के संख्या में सर्वसमाज के लोग मौजूद रहे।

# चैती महोत्सव में कथक नृत्य के नवीन कोलाज रचे गए

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**लखनऊ ।** तुलसी शोध संस्थान उत्तर प्रदेश अन्तर्गत श्री राम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में तुलसी रंगमंच श्री राम लीला परिसर ऐशबाग में चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 की पांचवीं सांस्कृतिक सन्ध्या में कथक नृत्य के नवीन कोलाज रचे गए।

संगीत से सजे कार्यक्रम का आरम्भ सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के छात्र - छात्राओं ने अमित गुप्ता और सुगंध बख्शी के नृत्य निर्देशन में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। इसी क्रम में सान्वी ने कालबेलिया नृत्य, जान्वी व अक्क्षरा ने युगल नृत्य और वंशिका यादव ने अपने नृत्य से लोगों में भक्ति भावना का संचार किया। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त नेहा वर्मा के नृत्य निर्देशन में वैष्णवी डांस एकेडमी के कलाकारों वैष्णवी वर्मा, तान्या सक्सेना, कुसमा,पारुल यादव, चेष्टा श्रीवास्तव, इरीना सिन्हा, नित्य यादव, अनुष्का मौर्य, शानवी सिंह, आरविता रघुवंशी, मानसी, शक्ति सैनी और तृषा ने राम जन्मोत्सव पर अवधी लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की असंख्य तालियां बटोरीं। इस प्रस्तुति के उपरान्त ईशा रतन और मिशा रतन सिस्टर्स ने अपने युगल नृत्य में कथक के नवीन कोलाज रचे।

संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले प्रसून में आंचल समाज उत्थान सेवा समिति के कलाकारों अधिराज शुक्ला, अनिका, संयुक्ता, इलाक्षी, आंचल, आयुष्मान, आराध्या, सुदिक्षा, आनंदिता, राहुल, परिणिति, आव्या और अनाया ने लहरों से डरकर नौका गीत पर आरती शुक्ला के नृत्य निर्देशन में नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी क्रम में सृष्टि, कृति, सुदीक्षा, शालिनी, तनुप्रिया और अंशवी ने आज बिरज में होरी रे रसिया पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

हृदय को हर्षातिरेक से भर देने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त राघवेन्द्र प्रताप सिंह व साथी कलाकारों ने बधाई हो बधाई जैसे अन्य पारम्परिक गीतों पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के पश्चात भास्कर बोस के निर्देशन में नाटक संत तुलसीदास का मंचन किया गया।

# अवैध गांजा के साथ एक युवक किया गया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)** अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन की सख्त कार्रवाई के चलते अपराधी निरंतर पुलिस के शिकंजे में आ रहे हैं ! इसी क्रम में थाना गुलावठी के ग्राम खुशहालपुर निवासी अशोक पुत्र रंजीत को 3 किलो 300 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ के बाद उसने कबूल किया है कि वह गांजा आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करता था ! पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया है तथा इसके अन्य साथियों की तलाश पुलिस सरगर्मी में से कर रही है।



# आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा केरियर काउंसलिंग सेमीनार आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एन एच स्थित आर.एस. गार्डन जश्न सभागार में पिलखुवा में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया

आकाश इंस्टीट्यूट द्वारा पिलखुवा के जश्न-द पार्टी हॉल (आर.एस. गार्डन) मेंकरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व अभिभावक शामिल हुए।

कार्यक्रम के वक्ता सीनियर अध्यापक प्रतीक, नितेश, नेहा श्रीवास्तव और दीपांकर,आकाश इंस्टीट्यूट से थे, जिन्होंन छात्रों को उत्साहजनक और प्रेरक संदेश दिया कि कैसे नीट/जी की तैयारी के येआखिरी कुछ दिन उनके सपनों को हकीकत में बदल देंगे।

उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्रों को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कै सिस्टम को सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाली शिक्षा




सेरचनात्मक बदलाव किसी को उज्जवल और अधिक सफलबना सकते हैं। इस कार्यक्रम मे छात्रों को सकारात्मक दिमाग सेप्रेरित होने और मेडिकल/ इंजीनियरिंग क्षेत्र में करियर बनाने के अपने सपनों का पीछा करने में उनकी तीव्रता में सुधार करने में मदद की। माता-पिता और छात्रों ने न केवल अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की, बल्कि आकाश इंस्टीट्यूट की टीम और लानेऔर उन्हें इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में अपने सपनों को हासिल करने म मदद करनेके लिए धन्यवाद दिया।

सत्र का समापन लक्ष्यों पर टिके रहनेऔर अपनेसपनों को हासिल करनेमेंखुद को शामिल करने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। इस सेमिनार मेंआकाश इंस्टिट्यूट गाज़ियाबाद के ब्रांच मैनेजर मुकेश, ऋषि ,सीनियर मैनेजर अमित राज भी मौजूद रहे।

जयंती

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

# भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीब,पिछडों व शोषित के न्याय की लड़ी लड़ाई : सुरेन्द्र सिंह नागर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

मोहल्ला भीम नगर में आयोजित समारोह मे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय नेता सुरेंद्र सिंह नगर ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित कर पुष्पांजलि अर्पित की और शोभा यात्रा का फीता काट कर यात्रा को रवाना किया। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह नगर उनके कार्यों को याद किया और अंबेडकर की संघर्ष गाथा से सीखने का भी आह्वान किया। उन्होने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीब, पिछडों व शोषित के न्याय की लड़ाई लड़ी, हर भारतवासी को भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होने कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा जात-पात व ऊंच-नीच की सोच का विरोध करते हुए समरसता, समानता व सदभाव से जीने की राह दिखाई। डा.भीमराव अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष राजबीर सिंह ने बताया कि कि भीमराव अंबेडकर के परिवार के साथ सामाजिक व आर्थिक भेदभाव किया जाता था। इसलिए भीमराव को बचपन में काफी कष्टों का सामना करना पड़ा। इस भेदभाव के कारण उनके मन में समरसता व सदभाव से परिपूर्ण समाज के गठन का विचार आया। ऐसा समाज जो जाति व वर्ग से परे हो, जहां सभी के समान अधिकार हों और सभी को आगे बढने के समान अवसर मिलें। उन्होने बताया कि शोभा यात्रा बड़ा मौहल्ला से शुरू होकर सैदपुररोड, मौहल्ला पीर खां, सब्जि मंडी, शहीद स्मार्क,जीटी रोउड होते हुए अम्बेडकर पार्क पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा मे भीमराव अंबेडकर के जीवन से सैबंधित विभिन्न झाकिया शामिल थी,जो लोगो का आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रही। इस मौके पर अध्यक्ष राजवीर सिंह, हरिश्चंद्र रवि, सुंदर सिंह, रामवीर सिंह, पुर्व चेयरमैन मंगतराम पाल, रणजीत सिंह, बलवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तेवतिया, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेश तेवतिया, महेश वर्मा, अध्यक्ष अनुराग तोमर, हिमांशु गोयल शरद गर्ग, अरुण तेवतिया, जितेंद्र सुनील कंसल, वैभव यादव अध्यक्ष गन्ना समिति, सभासद चौधरी, संगीता सभासद अनिमेश अगस्तीन प्रजापति, सभासद संजीव गोयल, गगन डागर, मुदित वर्मा, सुन्दर जूस वाले,सुभाष चंद्र, डॉ सिंह, बीना सैनी, दीपक मुहाना, शोभानंद, उमा गोयल, हरिओम शारिक, कन्हैया आजम आदि उपस्थित रहे।






# बाबा भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती कलैक्ट्रेट के सभागार में मनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** बाबा साहेब श्री डॉ० भीमराव अम्बेडकर जी जयन्ती के अवसर पर कलैक्ट्रेट के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री चन्द्र प्रकाश सिंह ने अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि०रा० विवेक कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ० प्रशान्त कुमार, नगर मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश प्रियदर्शी, डिप्टी कलेक्टर गजेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर वी०के० गुप्ता सहित कलैक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा भी अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।





# बाबा साहब ने भारतीय संविधान निर्माण में निभाई अहम भूमिका

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई।

प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने अंबेडकर जी के चित्र पर माला अर्पण करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। रविवार को भीमराव अंबेडकर जयंती पर छात्राओं ने भारत माता तथा भीम राव अंबेडकर के वेश धारण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन कर समाज से छुआछूत मिटाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में महू नगर सेना छावनी में हुआ था। इनके पिता का नाम राम जी तथा माता का नाम भीमाबाई था। उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था । इस दौरान प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव, अनिल चौहान, प्रदीप कुमार, शिवम सागर, मनोज कुमार, आदित्य राघव ,जूली चौहान, सुषमा राघव, माया कुमारी प्रियंका सागर आदि स्टाफ सहित अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# डायट में धूमधाम से मनाई गई भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** विश्व विभूति भारत रत्न से सम्मानित , पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने वाले, महान समाज शास्त्री, अर्थशास्त्री, कानूनविद, शोषितों व वंचितों के मसीहा, संविधान शिल्पी, असाधारण व्यक्तित्व के धनी, महामानव परम बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती आज धूमधाम से मनाई गई। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया' उप शिक्षा निदेशक /प्राचार्य डॉक्टर ओपी गुप्ता के निर्देशन में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत ने अपने विचारों द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही उनके द्वारा समाज में गैर बराबरी को समाप्त करने पर भी जोर दिया, संचालन प्रवक्ता शीतल कुमार द्वारा किया गया और मौके पर पुष्पेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, हरकेश कुमार, ऋषिपाल सिंह, ऋषि कुमार राजू ,आशू कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# गौशाला पहुंचकर गौ माता को हरी हरी दूब घास खिलाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम. के. भारती सैफी)** । राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित फतेहपुर से सिहारी लद्दाख मार्ग पर स्थित अस्थाई गौशाला राष्ट्रीय स्वयं संघ के सेवा भारती मुरादाबाद जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा युवा कथा व्यास आचार्य पंडित ओम शास्त्री देवेंद्र तोमर एवं आकाश शर्मा ने गौ माता को हरी हरी दूब घास को श्रद्धा भाव से खिलाते हुए प्रधानाचार्य ने अपील किया



सभी गणमान्य लोग समय-समय पर जन्मदिवस विवाह सालगिरह त्योहारों पर हरा चारा गुड़ खल चोकर लेकर गौशाला जाकर गौ माता के दर्शन करें बच्चों में संस्कार दें इससे गौप्रति प्रेम बढ़ेगा और गौ माता की सेवा भी होगी।

# जैतपुर में गुलजार हसन शाह का तीन दिवसीय सलाना उर्स का हुआ समापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** ब्लॉक क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जैतपुर पट्टी में तीन दिवसीय सालाना उर्स हजरत ख्वाजा मुहम्मद गुलजार हसन शाह रहमतुउल्ला अलेह का कुल शरीफ की रस्म अदायगी के बाद सम्पन हुआ । हर साल की तरह इस साल भी खानकाह ए जहांगीरी जैतपुर पट्टी में तीन दिन से चले आ रहे उर्स का सपापन कुल शरीफ की रस्म पूरी होने के बाद हो गया है । दरगाह के आस्ताने पर ग्यारह अप्रैल को मिलाद शरीफ बारह अप्रैल को महफिल ए शमा का प्रोग्राम हुआ। कार्यक्रम मे शाहबाद बदायूं पाकबड़ा कुन्दरकी से कब्बाल तशरीफ लाए इस मौके पर दूर दराज से जायरीन भी तशरीफ लाए और लंगर का भी अहतमाम भी किया गया । दरगाह के गद्दीनसीन शाहिद मियां ने कुल शरीफ में पूरे मुल्क हिंदूस्तान के लिए अमनो चेन के लिए दुआ कराई इस मौके पर मौजूद रहें । दरगाह कमेटी के लोग ग्राम वासी और आसपास के गांवों के लोग और दूर दराज से आये अकीदतमंद भी मौजूद रहे । इस मौके पर तबर्रुक भी अकीदतमंदों मे तकसीम किया गया । मकलूब मलिक हामिद अंसारी असरफ अली इब्राहीम गुलाम मुस्तफा बाजिद हुसैन फुरकान अंसारी सहीद अख्तर तोफीक मलिक रफीक उद्दीन सदर सानू अंसारी असलम हाजी तालिब अंसारी साने आलम रऊफ अली वा सभी ग्राम वासी मौजूद रहें।







**कुन्दरकी :** थाना पुलिस व SST टीम द्वारा अपराध नियंत्रण व आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत कानून एवं शातिं व्यवस्था हेतु बिलारी बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गई।
**छाया:-बुलंद संदेश (एम.के भारती सैफी)**

# ई-रिक्शा में कंटेनर ने मारी टक्कर दंपति सहित चार घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के जलालपुर खास गांव में एक तेज गति कंटेनर ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसमे बैठे दंपति सहित उनके दो बच्चे भी घायल हो गए घायलों को आनन-फानन में एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल कुन्दरकी लाया गया । जहां पर उनका उपचार हुआ मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई मगर भीड़ का लाभ उठाकर ट्रक चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया । शुक्रवार की शाम को थाना क्षेत्र के ग्राम हाथीपुर चित्तू निवासी मौहम्मद यामीन पुत्र इमामउद्दीन अपनी सुसराल बिलारी थानान्तर्गत थांवला को जाने के लिए अपनी पत्नी चमन जहां बेटी आयत और बेटा आरिश के साथ निकला जलालपुर खास से ई॰रिक्शा मे बैठा । जलालपुर खास गांव में स्थित पैंठ बाजार के सामने कुन्दरकी की ओर से तेज गति से आ रहे एक कंटेनर ने ई॰रिक्शा मे टक्कर मार दी जिस कारण रिक्शा पलट गया और छतिग्रस्त हो गया। हादसे मे मौहम्मद यामीन, चमन जहां आयत और आरिश के चोटे आई। हादसा होने के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई लोगों ने किसी तरह से घायलों को आनन-फानन मे रिक्शे मे से निकाला इसी बीच किसी ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और घायलों को वहां से एम्बुलेंस से कुन्दरकी के सरकारी अस्पताल को लाया गया अस्पताल मे चारो का उपचार हुआ। कंटेनर चालक कंटेनर को लेकर चला गया। घायल मोहम्मद यामीन ने स्थानीय पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई है ।

# अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** रविवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगर के आर्य जन कल्याण समिति परिसर में डॉ आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहब के दर्शन पर विचार व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

कार्यक्रम में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह आर्य ने बाबा साहब अंबेडकर के दर्शन पर बोलते हुए कहा कि उनके दर्शन को हमने अपने जीवन में उतार लिया तब हमारा जीवन अंधकार से निकलकर प्रकाश में हो जाएगा। आर्य ने आगे कहा कि परम पूज्य बाबा साहब ने हमको तीन मूल मंत्र दिए थे शिक्षित बनो,संगठित रहो ,संघर्ष करो यदि हमने इन तीनों मूल मंत्र को अपने जीवन में उतार लिया तब हमें सबसे ऊंची मंजिल पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता और बाबा साहब ने समाज में व्याप्त अधं विश्वास पाखंड कुरीतियां को दूर करने में अपना सारा जीवन दाव पर लगा दिया। कार्यक्रम में रवि कुमार कश्यप ,जय करण, दामोदरदास ,सुरेश कुमार ,वीरेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह, निधि आर्य, श्री राम, रामकिशोर प्रधान, राकेश कश्यप, मोहरा देवी, आदि ने विचार व्यक्त किये । कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरवती आर्य ने तथा संचालन रामवीर सिंह भारतीय ने किया



# श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर अमरपुर काशी गांव मे स्थित श्री चामुंडा मंदिर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित ओम शास्त्री ने वामन भगवान के अवतार की कथा एवं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुन कर सभी भक्तों को भाव विभोर कर दिया।

बधाई गीत गाया गया । खूब भक्तों ने नृत्य किया पूरा कथा मंडप रंग बिरंगे को बहारों से सजाया गया था ।

भक्तों ने फल ट्रॉफी खेल खिलौने खूब लुटाए गए । इस अवसर पर डॉक्टर विजय शर्मा श्रीमती शैली शर्मा ठाकुर पंकज चौहान अध्यक्ष सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट बिलारी विजयपाल यादव ग्राम प्रधान रामवीर यादव कुंवरपाल यादव खंधारी यादव वीरपाल यादव भुवनेश कुमार सोनकर डॉ राजकुमार यादव डॉक्टर वीरेंद्र राठौड़ ठाकुर भोपाल सिंह आकाश शर्मा राजेश कुमार दिवाकर एडवोकेट गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह भगत जी सुखबीर यादव जेपी यादव महेंद्र सैनी पंकज सैनी अर्जुन सैनी ठाकुर पान सिंह चौहान कथा में कनाडा से आई हुई मेहमान तान्या लूथरा को व्यास जी ने पका भेंट कर सम्मानित किया। कुमारी कन्या ने कहा हमारे भी देश में लॉर्ड कृष्ण की पूजा खूब धूमधाम से किया जाता है। मीनू यादव बालिका शिक्षा प्रमुख ऋषिपाल सिंह यादव श्री कृष्ण की झांकी के स्वरूप धारण कर आने को भक्तों ने अपने बालकों को सजा कर लाए थे। रिया शर्मा श्रेया शर्मा सुशील सैनी ज्ञानवती सैनी दिव्यांशी सैनी लक्ष्मी यादव निशा यादव कामिनी सैनी बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया । नीरू सैनी पत्नी राजू सैनी ने अपने छोटे बेटे को सुंदर कान्हा के रूप में सजाकर लाया गया लोगों ने निछावरकर आरती उतारी नवरात्र व्रत को देखते हुए प्रसाद वितरण में कला एवं अंगूर का प्रसाद वितरित किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार ने किया ।






# बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरपुर काशी मे स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर प्रातः कॉल वंदना सभा के पश्चात प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने कन्या भारती पदाधिकारी एवं वंदन प्रमुख बहनों एवं आचार्य के साथ सामूहिक रूप से बाबा साहब अमर रहे का जय घोष करते हुए भारत माता की जय के साथ पुष्प अर्पित किए गये । प्रधानाचार्य ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के 14 अप्रैल 1891 ई मध्य प्रदेश के मऊ नामक स्थान पर हुआ बाबा साहब नव भाषा के ज्ञाता एवं 32 डिग्रियां थी बाबा साहब ने शोषित वंचित पीड़ित दलित समाज के लिए जीवन भर संघर्ष किया बाबा साहब ने महात्मा ज्योतिबा फुले को अपना गुरु माना। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने मुंबई विश्वविद्यालय एवं विदेश जाकर कोलंबिया विश्वविद्यालय कैंब्रिज विश्वविद्यालय एवं उस्मानिया विश्वविद्यालय से आपको डिलीट की उपाधि मिली अपने उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अपना तन मन धन समर्पित कर दिया तब आप एक सुयोग्य विद्वान विचारक चिंतक एवं कुशल राजनेता बने देश आजाद होने पर पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री भारत सरकार के प्रथम मंत्रिमंडल में कानून मंत्री बने संविधान निर्माण समिति में अहम भूमिका रही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के स्मृति में आगरा विश्वविद्यालय एवं अनेक शिक्षण संस्थान पार्क जनपद एवं सरकारी कार्यों के नाम से संस्थान संचालित हो रहे हैं गांव के विकास को भी अंबेडकर ग्राम के नाम से विकसित किया गया था। लखनऊ में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम से एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित है 14 अप्रैल को पूरे देश भर में हजारों की तादाद में बाबा साहब की जयंती कार्यक्रम एवं शोभायात्रा झांकी तथा मेले का आयोजन किया जाता है झांकी एवं मेले में प्रतिभा करने वालों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके पुरस्कृत भी किया जाता है हम सभी शोषित वंचित दलित समाज को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है बाबा साहब ने दलित समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करके बहुत बड़ा योगदान दिया इस अवसर पर कौशल कुमार जाटव किशन कश्यप राकेश कुमार प्रजापति ऋषिपाल सिंह यादव नेतराम यादव पुष्पेंद्र यादव बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती मीनू यादव कुमारी नेहा सागर कुमारी दिव्यांशी सैनी कुमारी निशा यादव रिंकी ठाकुर कुमारी सब सैफी रिया सैनी एवं अनुराग यादव कृष्ण चौहान रमन ठाकुर विराट यादव आदित्य चौहान अमित कुमार यादव अविरल यादव बड़ी संख्या में बच्चों ने पुष्प अर्पित किये ।



# शॉर्ट सर्किट से स्कूली बस में लगी आग, बस में बच्चे ना होने से बड़ा हादसा टला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बच्चों को स्कूल से लेकर आ रही स्कूल बस में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। गनीमत रही कि जिस समय बस में आग लगी, उसमें बच्चे सवार नहीं थे। स्थानीय लोगों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया। बस चालक का कहना है कि पीछे इंडिकेटर की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।कांठ क्षेत्र के गांव राजीपुर खद्दर का रहने वाला विपिन शर्मा मुरादाबाद के शिरड़ी सांई पब्लिक स्कूल की बस चलाता है। वह कांठ से रोजाना सुबह बस में करीब 25 बच्चों को लेकर स्कूल ले जाता है और छुट्टी के बाद उन्हें घर छोड़ता है। इसके बाद बस को मिश्रीपुर मार्ग पर एक अस्पताल के पास खड़ा करता है।शनिवार शाम करीब चार बजे छुट्टी के बाद वह बच्चों को स्कूल से लेकर कांठ पहुंचा और उन्हें घर छोड़कर मिश्रीपुर रोड पर बस खड़ी कर रहा था। इस बीच बस में पीछे की तरफ आग लग गई। विपिन कुछ समझ पाता, इससे पहले ही आग ने विक्राल रूप ले लिया। शिरडी सांई पब्लिक स्कूल की जिस बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी है उस बस की कंडिशन ज्यादा अच्छी नहीं है। बस में आग लगने की घटना के बारे में पुलिस को भी कोई जानकारी नहीं है। कस्बा चौकी प्रभारी यशवीर सिंह का कहना है कि इस संबंध में किसी ने भी कोई सूचना या लिखित शिकायत नहीं की है। शोर मचाने और बस के अंदर से उठ रहीं लपटों को देखकर आसपास के लोग दौड़ पहुंचे। उन्होंने जैसे तैसे कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चालक विपिन शर्मा ने बताया कि पीछे इंडिकेटर की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट होने के कारण बस में आग लगी है।



**आयोजन** — कार्यक्रम का संचालन कुन्दरकी विधानसभा प्रभारी महेंद्र प्रजापति ने किया

# भाजपा पार्टी के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा कुन्दरकी विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुरादाबाद रोड राज फार्म हाउस गागन तिराह मुरादाबाद में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक प्रदेश सरकार में वर्तमान एमएलसी ,जिलाध्यक्ष आकाश पाल सिंह, लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह चौहान, लोकसभा सह प्रभारी धमेंद्र मिश्रा, लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता,लोकसभा सह संयोजक भुवनेश राघव, विधानसभा प्रभारी महेंद्र सिंह प्रजापति ने भारतमाता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीनदयाल उपाध्याय, डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने कहा भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है। जिसमे बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। हमारा लक्ष्य आने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत ज्यादा बढ़ाना ताकि आप गर्व से कह सके मेरा बूथ सबसे मजबूत है।प्रत्येक पन्ना प्रमुख से संपर्क बनाये रखें। सबसे मजबूत एवम सहयोगी कड़ी पन्ना प्रमुख ही होता है। मतदान दिवस पर वोटर निकलवाने के लिए टोली बनाने का काम करें।पार्टी के हर बड़े पदाधिकारी की पहचान उसके बूथ से होती है। अपने बूथ पर कितने प्रतिशत वोट पार्टी के पक्ष में डलवा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला आकाश पाल सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की धरोहर है। बूथ अध्यक्ष हमेशा ही पार्टी को जीताने का कार्य करता रहा है। इस बार संभल लोकसभा के साथ ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए उत्साहित है।

कार्यक्रम का संचालन कुन्दरकी विधानसभा प्रभारी महेंद्र प्रजापति ने किया। इस दौरान वालेचरन वाल्मीकि, कमल कुमार प्रजापति, पप्पू राजपूत, संजय सैनी, ब्लॉक प्रमुख मुंडा पांडे नवदीप यादव, विक्की ठाकुर, रमन भूषण, अशोक कुमार प्रजापति,अरविंद कुमार पुंडीर, शक्ति केंद्र संयोजक मोहम्मद वाजिद पाशा,राजबहादुर सिंह, विपिन कुमार, देव सिंह सैनी, अजय पाल सिंह चौधरी, नौशाद कुरेशी, मुस्तेजाब, नूरुल हसन, प्रेमपाल दिवाकर, बाबू पाशा, नदीम खान, विनोद कुमार, खेमचंद, महेंद्र सिंह, संजय कश्यप, बृजेश लोधी, पूर्व प्रधान जयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, अवधेश यादव,आदि उपस्थित रहे।





# महिला ने लगाया बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का युवक पर आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है । महिला ने युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने और बेटी को बरामद करने की गुहार लगाई है । थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है।

**युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ दिया थाने मे प्रार्थना पत्र**

महिला ने बताया कि उसकी बेटी को 9 अप्रैल की दोपहर के बाद उसी के गांव का एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भाग कर ले गया है उसकी बेटी अपने साथ सोने व चांदी के आभूषण एवं नगदी भी साथ में ले गई है । महिला के अनुसार उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मशवरे में उसी के गांव के दो अन्य व्यक्ति भी शामिल हैं । महिला ने युवक सहित तीन लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई और बेटी को बरामद करने की भी गुहार लगाई है पुलिस का कहना है कि मामले में उचित कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।



# पौराणिक शो की भव्यता मुझे आकर्षित करती है : शिव्या पठानिया

शो लक्ष्मी नारायण में मुख्य भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस शिव्या पठानिया ने शो में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें पौराणिक शो की भव्यता और धार्मिकता आकर्षित करती है।

शिव्या इससे पहले राम सिया के लव कुश में सीता और बाल शिव-महादेव की अनदेखी गाथा में देवी पार्वती का किरदार निभा चुकी हैं। आने वाले शो लक्ष्मी नारायण में वह लक्ष्मी का किरदार निभाएंगी। पौराणिक भूमिकाओं में उन्हें क्या आकर्षित करता है, इस बारे शिव्या ने बताया, भव्यता और धार्मिकता के साथ शो अपने दर्शकों को जो नैतिक मूल्य प्रदान करते हैं, वह मुझे सबसे अधिक आकर्षित करते है। दोनों भूमिकाओं में भिन्नता के बारे में बात करते हुए, शिव्या ने कहा, विक्रम बेताल एक नैतिक कहानी थी, इसलिए यह एक संपूर्ण शो नहीं था, कि कैसे लक्ष्मी नारायण अस्तित्व में आए और उन्होंने देवताओं के रूप में अपनी भूमिका निभाई और यह उनकी अनकही प्रेम कहानी के बारे में नहीं था। उन्होंने कहा, स्वास्तिक प्रोडक्शंस का शो लक्ष्मी नारायण उनके अस्तित्व से लेकर अनकही प्रेम कहानी तक की यात्रा के मामले में बेहद अलग है जिसे अभी तक खोजा नहीं गया है। इसके अलावा शो में हमारे पास सिद्धार्थ कुमार तिवारी भी है। स्वास्तिक प्रोडक्शंस के साथ काम करना अपने आप में एक आशीर्वाद है। शिव्या देवी लक्ष्मी के दर्शन और कहानी से मोहित हो गई।दिल ढूंढता है की एक्ट्रेस ने कहा, मैंने देवताओं के बारे में जो कुछ भी जाना है, यह उससे बहुत अलग था। इसलिए, इसी ने मुझे शो की ओर आकर्षित किया। तैयारियों के बारे में बात करते हुए शिव्या ने कहा, सच कहूं तो सब कुछ बहुत तेजी से हुआ। लेकिन किरदार के बारे में मेरी कोई पूर्व धारणा नहीं है। मैं इसे उस कहानी और ग्रंथों के साथ जी रही हूं। यह शो जल्द ही कलर्स पर प्रसारित होगा।

# दुनियाभर में बजा अक्षय-टाइगर की फिल्म का डंका, बड़े मियां छोटे मियां ने पहले दिन कमाए 36 करोड़

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ईद के मौके पर फैंस के लिए तोहफा लेकर आए हैं. उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक बिजनेस कर रही है. ईद के मौके पर रिलीज हुई बड़े मियां छोटे मियां को काफी पसंद किया जा रहा है. इंडिया के साथ विदेशों में भी बड़े मियां छोटे मियां की धूम देखने को मिल रही है. फिल्म का पहले दिन का इंडिया का कलेक्शन तो सामने आ गया था. अब फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन भी सामने आ गया है. आइए आपको बताते हैं फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है.

बड़े मियां छोटे मियां एक्शन से भरपूर फिल्म है. फिल्म की खास बात इसकी स्टारकास्ट है. फिल्म में मलयालम स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन विलेन के किरदार में नजर आए हैं. विलेन के किरदार में पृथ्वीराज को बहुत पसंद किया गया है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक बड़े मियां छोटे मियां ने इंडिया में टोटल 15.50 करोड़ का कलेक्शन किया है. जो ईद के हिसाब से काफी कम है। वहीं फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो इसने 36.33 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसमें ओवरसीज पेड प्रिव्यू भी शामिल हैं.



ईद क छुट्टी पर फिल्म ने इतना कलेक्शन किया है. ये कलेक्शन वीकेंड पर काफी बढ़ सकता है. वर्ल्डवाइड फिल्म को 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.

बड़े मियां छोटे मियां के बजट की बात करें तो फिल्म का बजट 350 करोड़ है. जिस हिसाब से फिल्म कलेक्शन कर रही हैं उसे देखकर कहा जा सकता है कि इसे अपना बजट पूरा करने में ही काफी समय लगने वाला है. वहीं फिल्म की ओटीटी रिलीज की बात करें तो फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। बड़े मियां छोटे मियां की बात करें तो इसे अली अब्बास जफर ने डायरेक्ट किया है. फिल्म में अक्षय और टाइगर के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ भी नजर आने वाली हैं।

# मानुषी छिल्लर ने स्टायलिश आउटफिट में बिखेरा जलवा, एक्ट्रेस की मदमस्त आंखों ने फैंस का चुराया दिल

पूर्व मिस वर्ल्ड व एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बड़े मिया छोटे मिया को लेकर चचाओं में बनी हुई हैं। उनका स्टाइलिश लुक देखकर फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस का दिल अपने नाम करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक करने लग जाएगा.



मानुषी ने फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है और बालकनी में खड़े होकर सेक्सी पोज दे रही हैं। पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर अपने लुक्स से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचना बखूबी जानती हैं। वहीं उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस भी अक्सर मदहोश हो जाते हैं।

मानुषी छिल्लर जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस की मदमस्त आंखें देख यूजर्स अपना दिल हार बैठे हैं और तारीफों के पुल बांध रहे हैं. मानुषी हाल ही में रिलीज हुई एक्शन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ नजर आई हैं। एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर को ये फोटोज पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक हजारों में लाइक्स आ गए हैं।

# गोपीचंद 32 के शीर्षक से उठा पर्दा, गोपीचंद की फिल्म विश्वम का फर्स्ट स्ट्राइक टीजर जारी

माचो स्टार गोपीचंद और निर्देशक श्रीनु वैतला ने पहला स्ट्राइक वीडियो जारी करके ईद की पूर्व संध्या पर एक सामूहिक दावत की पेशकश की। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री और वेणु डोनेपुडी के चित्रालयम स्टूडियोज के तहत टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित हाई-वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर प्तगोपीचंद32 ने अपने शीर्षक विश्वम का भी अनावरण किया।

पहला स्ट्राइक वीडियो विवाह समारोह के साथ शुरू होता है जिसमें दूल्हा और दुल्हन कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते हैं, संगीतकारों का एक समूह विभिन्न वाद्ययंत्र बजाता है, पुजारी मंत्रोच्चार करता है, और रसोइये स्वादिष्ट भोजन तैयार करते हैं। गोपीचंद अपने कंधे पर एक बड़ा गिटार केस लेकर विवाह स्थल की ओर चलते हुए प्रवेश करते हैं। यह गिटार नहीं, बल्कि मशीन गन है। चौंकाने वाली बात यह है कि वह दूल्हा-दुल्हन और शादी में आए सभी मेहमानों को गोली मारना शुरू कर देता है। अंत में, वह वहां भोजन का आनंद लेते हैं और



कहते हैं, दाने दाने पर लिखा, खाने वाले का नाम, इसपे लिखा मेरे नाम,

हल्की दाढ़ी और काला चश्मा लगाए गोपीचंद बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। यह उन्हें एक नकारात्मक किरदार में पेश करता है। जिस तरह से उन्होंने संवाद बोला वह चरित्र के धूसर पहलू को दर्शाता है। मनोरंजकों में माहिर श्रीनू वैतला को एक स्टाइलिश एक्शन फिल्म के साथ आते देखना आश्चर्यजनक है। पहली स्ट्राइक बेहद स्टाइलिश और आशाजनक लगती है। श्रीनु वैतला ने गोपीचंद को आश्चर्यजनक रूप से अलग चरित्र में प्रस्तुत किया।

केवी गुहान की सिनेमैटोग्राफी समृद्ध है। चैतन भारद्वाज का स्कोर धड़क रहा है. प्रोडक्शन डिजाइन भव्य दिखता है. गोपी मोहन, जो श्रीनु वैतला की विभिन्न ब्लॉकबस्टर फिल्मों से जुड़े थे, ने पटकथा लिखी है। अमर रेड्डी कुदुमुला संपादक हैं, जबकि किरण मन्ने कला निर्देशक हैं। फिल्म की नायिका और अन्य विवरण जल्द ही सामने आएंगे।

# विद्या बालन की दो और दो प्यार का नया गाना ता रा ता रा ता जारी

विद्या बालन इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार सेंथिल राममूर्ति के साथ बनी है। इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इससे पहले अब निमार्ताओं ने दो और दो प्यार का नया गाना ता रा ता रा ता जारी कर दिया है, जिसे विशाल ददलानी ने अपनी आवाज दी है। ता रा ता रा ता के बोल ट्रिना मुखर्जी ने लिखे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है।समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला इस फिल्म के निमार्ता हैं।बॉक्स ऑफिस पर दो और दो प्यार का सामना फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही से होना वाला है।एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 भी 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विद्या ने कैप्शन में लिखा, तैयार हो जाइए, क्योंकि यह दो और दो प्यार के साथ मनोरंजन और रोमांस को दोगुना करने का समय है। वहीं फिल्म की बात करें तो दो और दो प्यार शादीशुदा जोड़ों पर केंद्रित एक रोमांटिक कॉमेडी है।




वहीं सितारों की आने वाली फिल्मों के बारे में बात करें तो विद्या बालन को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर फिल्म नियत में देखा गया था। वहीं अब वे कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 में नजर आने वाली हैं। दूसरी ओर इलियाना डिक्रूज आखिरी बार तेरा क्या होगा लवली में सह-कलाकार रणदीप हुडा के साथ दिखाई दी थीं। वहीं प्रतीक गांधी हाल ही में कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस में नजर आए थे।

# अजय देवगन ने अपनी दमदार एक्टिंग से फिर जीता दिल, शानदार हुई मैदान की शुरूआत

अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा 'मैदान की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. ये फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियांइ से क्लैश भी करना पड़ा. हालांकि 'मैदान को भी दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत अच्छी हुई है. चलिए यहां जानते हैं 'मैदान ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है अजय देवगन की 'मैदान को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है. तमाम सेलेब्स और दर्शकों ने भी सोशल मीडिया पर इस फिल्म की जमकर तारीफ की है. फेमस राइटर जावेद अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म में अजय देवगन की दमदार एक्टिंग की जमकर सराहना की है और इसे मस्ट वॉच कहा है. इसी के साथ 'मैदानइ की पहले दिन की बॉक्स ऑफिस





परफॉर्मेंस भी काफी शानदार रही है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरूआत आंकड़े भी आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान ने रिलीज के पहले दिन 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया है. हालांकि ये अर्ली एस्टीमेट है फाइनल डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बदलाव हो सकता है। अजय देवगन की 'मैदान की ओपनिंग बेशक अच्छी रही है लेकिन ये फिल्म एक्टर की पिछली हिट फिल्म 'शैतान का रिकॉर्ड ब्रेक नहीं कर पाई है. दरअसल 'मैदान ने रिलीज के पहले दिन 7.10 करोड़ से ओपनिंग की है जबकि 'शैतान ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं 'मैदान अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की लेटेस्ट रिलीज 'बड़े मियां छोटे मियां से भी पिछल गई है. बता दें कि 'बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के पहले दिन 15.50 करोड़ की कमाई की है. वहीं मेकर्स को वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आने की उम्मीद है।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म क्रू की पकड़ बरकरार

करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की फिल्म क्रू को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।यह फिल्म शुरूआत से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है। फिल्म क्रू अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान जैसी बड़ी फिल्मों का डटकर सामना कर रही है।

क्रू की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े भी सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे गुरुवार फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 64.95 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में क्रू ने 112.98 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। इस फिल्म में कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ ने अहम भूमिकाओं में है।

क्रू की कहानी 3 एयर होस्टेस गीता सेठी (तब्बू),



जैस्मीन कोहली (करीना) और दिव्या राणा (कृति) के इर्द-गिर्द घूमती है। ये तीनों जिस एयरलाइंस में काम करती है, वो दिवालिया हो जाती है। तीनों को 6 महीने से तनख्वाह नहीं मिलती और फिर उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।इसके बाद तीनों मजबूर होकर गलत काम में अपना हाथ आजमाने का फैसला करती है और यहीं से इस फिल्म की कहानी एक नया मोड़ लेती है।

# फन रिपब्लिक मॉल में पैट्स ने किया खूब एंजॉय साथ ही बेघर पैट्स को मिला परिवार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** 14 अप्रैल का दिन फन रिपब्लिक मॉल में पैट्स फ्रेंडली रहा। पब्लिक अपने पैट्स के साथ मॉल घूमने आई जिसे उन्होंने काफी एंजॉय किया। लखनऊ में ऐसा पहली बार हुआ जब पैट्स मॉल घूमने आए। बात यही नहीं खत्म हुई। जो पैट्स पैरेंट्स मॉल आए थे, उनके लिए पार्किंग भी बिल्कुल फ्री थी। पैट पैरेंट्स ने पार्किंग कूपन इन्फॉर्मेशन डेस्क से लिया जिसके बाद उन्होंने फ्री पार्किंग का लुत्फ उठाया। 12 अप्रैल से ही फन रिपब्लिक मॉल के फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर ग्राहकों को ऑनलाइन कांटेस्ट भी खेलने को मिला था जिसमे पार्टिसिपेट कर पार्टिसिपेंट ने ढेरो उपहार भी जीते।

इसके अलावा फन रिपब्लिक मॉल में पालतू जानवरों को उनका परिवार भी मिला कई पैट्स को मॉल में आए लोगों ने एडॉप्ट भी किया। वो लावारिस या पालतू जानवर जिनकी कोई केयर करने वाला नही था आज उनको जब जनता ने एडॉप्ट किया तो वो लम्हा देखते ही बनता था। पालतू जानवरों को बचाने का जिम्मा लखनऊ की जिन संस्थाओं ने उठाया था, उनके लिए यह क्षण वाकई अविश्वसनीय था यह संस्थाएं इन सभी पैट्स की देखभाल उनके खान पान का पूरा ख्याल रखती थी। आज जब उनसे उनके पैट्स अलग हुए तो आंखों में आसूं के साथ चेहरे पर खुशी भी थी। फन रिपब्लिक मॉल ने इस संस्थाओं से बात की और इन्हे अपने मॉल में बुलाकर इनकी मदद करने की ठानी थी। जोकि काफी हद तक सफल रहा।




14 अप्रैल दिन रविवार को मॉल में सभी संस्था वाले अपने पैट्स को लेकर इस आशा में मौजूद थे की उनके पैट्स को एक परिवार मिल जाए, उनका दुख दर्द बांट सके और आखिरकार ऐसा हुआ कई पैट्स को उनका परिवार मिला। फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीति पांडे ने बताया की 14 अप्रैल का दिन हमारे लिए काफी खास था। पेट पैरेंट्स के लिए हमेशा एक दुविधा रहती थी की उनके पैट्स मॉल नही जा सकते जिसकी वजह से उन्हें घर या कार में ही छोड़ना पढ़ता था। लेकिन आज पेट पैरेंट्स अपने पैट्स के साथ फन रिपब्लिक मॉल में आए और खूब एंजॉय किया।

# अंबेडकर जयंती जुलूस रुकवाने पर कानपुर में पुलिस के खिलाफ भड़के लोग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** आज यहां रविवार को अंबेडकर जयंती के मौके पर आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए जुलूस निकालने की कोशिश की गई ,जिसे रोकने पर लोग पुलिस के खिलाफ भड़क उठे। बाद में मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। और जुलूस में नियम के अनुरूप ही वाहनों को शामिल होने दिया।

आज रविवार को मसवानपुर में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर निकल रहे जुलूस और शोभायात्रा को पुलिस ने आचार संहिता का हवाला देते हुए अनुमति से अधिक गाड़ियां और साउंड सिस्टम होने के कारण रोक दिया। इसके बाद भड़के जुलूस में शामिल लोगों ने हंगामा किया और मौके पर बैठकर धरना देने लगे। सूचना पर एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे व डीसीपी पश्चिम विजय ढुल पहुंचे और हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। अंत में निर्धारित तीन गाड़ियां और प्रत्येक गाड़ी पर दो साउंड सिस्टम की बात मान लेने पर ही जुलूस निकालने की अनुमति दी गई।

**आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए निकाला जा रहा था कल्याणपुर में जुलूस , पुलिस ने रोका**

अवगत करा दें कि यहां के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मसवानपुर में भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा कई वर्षों से आंबेडकर जयंती के मौके पर जुलूस निकाला जाता है। आज रविवार को भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर सुबह 10:00 बजे जैसे ही जुलूस में शामिल 15 से 20 गाड़ियां और लोग आगे बढ़े, पुलिस ने आचार संहिता उल्लंघन का हवाला देते हुए जुलूस में अनुमति से अधिक गाड़ियां और साउंड सिस्टम होने की बात कह कर जुलूस रुकवा दिया। जिस पर जुलूस में शामिल लोग भड़क गए और हंगामा करते हुए धरना देने लगे।

जिसपर कल्याणपुर एसीपी अभिषेक पांडे और डीपी पश्चिम विजय ढुल मौके पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों को समझाकर धरना खत्म कराया। बाद में जुलूस में निर्धारित तीन गाड़ियां और प्रत्येक गाड़ी पर दो साउंड सिस्टम से ज्यादा लगाकर ना चलने की सहमति पर जुलूस निकलने दिया गया।

# आगामी गन्ना पेराई सत्र के लिएं गन्ना सर्वे नीति नहीं आई है,गन्ने पर बड़े शोध की आवश्यकता है

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**अमरोहा (वसीम राजा)।** कैलसा क्षेत्र मे जन जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत गांव मिलक अदलपुर ताज में दोपहर 12:00 बजे से डॉ निपेंद्र यादव की बैठक पर सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन (शंकर) की एक पंचायत मा सत्यवीर सिंह के संचालन में हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के कहा कि सूबे में डबल इंजन की सरकार तो अच्छा काम कर रही है, परंतु आज तक किसानों के आगामी गन्ना पेराई सत्र के लिएं गन्ना सर्वे नीति नहीं आई है गन्ने पर बड़े शोध की आवश्यकता है गन्ना प्रजाति 0238 का विकल्पआज तक सरकार के वैज्ञानिक नहीं खोज पाए हैं जिस कारण चीनी उद्योग के साथ गन्ना किसान भी बर्बाद होने के कगार पर है पंजाब प्रांत की प्रजाति स्त्र्इ095व 15 216 को प्रदेश में गन्ना किसान विगत एक वर्ष से स्वीकृत करने की मांग कर रहे हैं परंतु गन्ना विभाग के कान पर जू नहीं रंग रही है प्रदेश में चीनी मिलों को संचालित करने का कार्यक्रम भी नियंत्रित नहीं रहता है जिससे गन्ना किसानों की पैड़ी मे सही फुटाव नहीं होता है चीनी मिलों को अक्टूबर माह से 31 मार्च तक संचालित किया जाना चाहिए। अमरोहा जनपद का सृजन 25 वर्ष हो जाने के बाद भी आज तक अमरोहा विकास प्राधिकरण, जिला सहकारी बैंक बोर्ड, गंगा रिवर फ्रंट, व ट्रामा सेंटर का निर्माण नहीं हो पाया है, संगठन जनपद भर में जन जागरण अभियान चला रहा है कल सुबह 9:00 से झनकपुरी पुल के नीचे से कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी जिसमें सभी पदाधिकारी गणों का पहुंचना नितांत आवश्यक है। इस दौरान जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह, वीरपाल गुर्जर , नेमपाल सिंह, रीना रानी महेश यादव देवेंद्र यादव सचिन यादव वीरेंद्र सिंह कुलबीर सिंह जितेंद्र सिंह राजकुमार जी नागेंद्र सिंह हेमराज सिंह रामनरेश संजीव यादव अनुज यादव आदित्य नरेश कुमार रविकांत आदि मौजूद रहे।

# सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौसम खराब होने के कारण नहीं आ सके अब 17 अप्रैल को आएंगे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** शहर के राजकीय के इंटर कॉलेज के मैदान पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव को

**सपा प्रत्याशी ने पुलिस पर लगाया कार्यकर्ताओ से बदसलूकी का आरोप, बीजेपी के दलाल मत बनो औकात में रहो: रुचि वीरा**





आज दोपहर सपा कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए आना था लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका हेलीकॉप्टर यहां नहीं उतर सका अब अखिलेश यादव 17 अप्रैल को यहां आकर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। चुनावी जनसभा में सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने पुलिस पर लगाया कार्यकताओं से बदसलूकी और जनसभा में आने से रोकने का आरोप। चुनावी सभा में मंच पर भड़की सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने पुलिस को खरी खोटी सुनाई उन्होंने कहा कि बीजेपी के दलाल मत बनो औकात में रहो उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से 19 अप्रैल को साइकिल का बटन दबाकर विरोधी लोगों को सबक सीखाने का आह्वान किया। सपा के जिला अध्यक्ष जयवीर यादव ने "बुलन्द संदेश" को बताया की मौसम खराब होने के कारण सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नहीं आ सके अब वह 17 अप्रैल को आएंगे।

**नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी अजय भट्ट के लिए किया प्रचार**

# पीएम मोदी का कार्यकाल आजादी के बाद का स्वर्ण युग : योगी आदित्यनाथ

**हल्द्वानी/लखनऊ (आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल देश की आजादी के बाद का स्वर्ण युग माना जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की हर समस्या का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने निकाला है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की हर समस्या की जड़ में कांग्रेस है। यही नहीं उत्तराखंड में समान नागरिक कानून पास होने से कांग्रेस को सबसे ज्यादा पीड़ा हो रही है, जबकि इस कानून का स्वागत किया जाना चाहिए। योगी ने कहा कि उत्तराखंड से निकलने वाली नदियों के जल से उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन रहा है। योगी शनिवार को यहां नैनीताल-उधमसिंह नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

**भाजपा समस्या नहीं समाधान निकालती है**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड की देवभूमि ने प्रथम मुख्यमंत्री पं गोविंद वल्लभ पंत के साथ साथ नारायण दत्त तिवारी और हमेवंती नंदन बहुगुणा के रूप में यूपी को यशस्वी नेतृत्व दिया है। उन्होंने उत्तराखंड की जनता को बैसाखी और खालसा पंथ के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवभूमि के कंकड़-कंकड़ में शंकर हैं। यहां का हर स्थल पवित्रता के भाव से भरा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री धामी जी के साथ मिलकर उन्होंने यूपी और उत्तराखंड के बीच की सारी समस्याओं का समाधान निकाला। उन्होंने कहा कि बीजेपी समस्या नहीं समाधान निकालती है, जबकि कांग्रेस समस्या का नाम है, जिसने जीवन भर देश को समस्याएं दी हैं। चाहे देश का विभाजन हो, आतंकवाद हो या फिर नक्सलवाद, जातिवाद, भ्रष्टाचार और अलगाववाद जैसी समस्याएं कांग्रेस की ही देन हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए ही देश को मोदी जी जैसा यशस्वी नेतृत्व मिला।



**कांग्रेस राज में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता था**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखंड का नौजवान देश की रक्षा के लिए सीमा पर खड़ा है तो 140 करोड़ भारतीय चैन की नींद सोते है। ये आपका सौभाग्य है कि रक्षा राज्य मंत्री के रूप में अजय भट्ट लगातार सीमा पर जाकर हमारे जवानों को प्रोत्साहित करते हैं। योगी ने कहा कि उनका बचपन उत्तराखंड में व्यतीत हुआ है। उन्हें पता है कि पहले दो-तीन किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना होता था। मगर आज हर घर नल की योजना की वजह से घरों तक पानी पहुंच गया है। पहले ईंधन की समस्या होती थी। कांग्रेस राज में मिट्टी का तेल भी नहीं मिलता था। अब उज्ज्वला योजना कनेक्शन से गैस सिलेंडर की आपूर्ति हो रही है। देश की हर समस्या के समाधान का रास्ता मोदी जी ने निकाल दिया है।

**चार धाम को नई पहचान के साथ भाजपा सरकार ने प्रस्तुत किया**

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कश्मीर में धारा 370 की बीमारी कांग्रेस की देन है। मोदी ने इस बीमारी को हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। कांग्रेस को पीड़ा है कि उत्तराखंड में समान नागरिक कानून क्यों पास हो गया, जबकि इसका स्वागत किया जाना चाहिए। समान नागरिक कानून पास कराके मुख्यमंत्री धामी ने बड़ा काम किया है। योगी ने कहा कि अयोध्या को भी कांग्रेस ने ही विवादित बनाए रखा था। कांग्रेस के लोग नहीं चाहते थे कि अयोध्या में विवाद समाप्त हो। हमने अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण किया। इसके साथ ही मथुरा, गोकुल, बरसाना, काशी और प्रयागराज को उसी रूप में संवारा है। उत्तराखंड में भी केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित चार धाम को नई पहचान के साथ बीजेपी सरकार ने प्रस्तुत किया है।

**आज केवल भ्रष्टाचारी और दुराचारियों पर संकट है**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अन्नदाता, नौजवान और महिलाओं की समृद्धि और सुरक्षा को लेकर कहीं कोई संकट नहीं है। आज केवल भ्रष्टाचारी और दुराचारियों पर संकट है। यूपी में हमने कह दिया है कि बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनेगा, उसके लिए दो ही जगह होगी, या तो जेल या जहन्नुम। आज यूपी में न दंगा है, न कर्फ्यू। पहले बम बाजी होती थी आज हर-हर बम-बम के साथ धूमधाम से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हम सुरक्षा भी दे रहे हैं और समृद्धि भी ला रहे हैं।

# चुनाव प्रेक्षक ने किया मतदान केदो का निरीक्षण, मतदान से पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसको लेकर चुनाव प्रेक्षक कुमार राहुल ने क्षेत्र के क्रिटिकल और वल्नरेबल मतदान केंद्रों और बूथों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मतदान से पहले सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के निर्देश भी दिए हैं।चुनाव प्रेक्षक कुमार राहुल कस्बा उमरी कलां पहुंचे। यहां उन्होंने वल्नरेबल मतदान केंद्र पब्लिक इंटर कॉलेज पहुंचकर बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही जो व्यवस्था अभी अधूरी है उसे मतदान से पहले पूरा कराने के निर्देश भी दिए। इसी के साथ प्रेक्षक ने उमरी कलां में नौ बूथों का निरीक्षण किया।



**बोलो..बोलो जय भीम,जय भीम**

**अंबेडकर जयंती पर लोगों ने नीले गुलाल से जमकर खेली होली**

# जिले में डा.भीमराब अंबेडकर की133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गयी

बुलन्छ संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के शहरी व ग्रामीण अंचल में संविधान निर्माता,दलितों पिछड़ों के मसीहा व भारत रतन डा.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गयी। मेरठ तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। डा.अंबेडकर जयंती पर शहर में भव्य शोभा यात्राएं निकाली गयी। लोगों ने नीले गुलाल से जमकर होली खेली। साथ ही लोगों ने विभिन्न स्थानों पर प्रसाद का भी वितरण किया।

- **अंबेडकर जयंती पर शहर में भव्य शोभा यात्राएं निकाली गयी**
- **जिले में विभिन्न स्थानों पर प्रसाद का वितरण किया**


रविवार को संविधान रचियता डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सदर विधायक विजयपाल आढ़ती ने मीनाक्षी रोड स्थित व मेरठ तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए लोगों को जयंती की शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत सदस्य सतीश प्रधान,देवेन्द्र प्रधान,सोहनपाल प्रधान,हरीश,गुडडू जाटव आदि गरीब व वंचितों के मसीहा डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गांव निजामपुर में निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा में शामिल होकर उन्होंने लोगों को डा.अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी।



डा.भीमराव अंबेडकर के 133 वें जन्म दिवस पर शहर में लोगों ने बैंड बाजों व डीजे के साथ भव्य शोभा यात्राएं निकाली,जो मेरठ तिराहा पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जहां लोगों ने डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण किया। मेरठ तिराहा पर पुलिस बल भी तैनात किया गया। मेरठ तिराहा व तहसील चौराहा पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो,इसके लिए ट्रैफिक पुलिस तैनात रहने के साथ-साथ मेरठ व हापुड़ रोड पर रूटडायवर्ट भी किया गया।

डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर जुलूसों व शोभा यात्राओं को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्थानों के साथ-साथ मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस अब तैनात रहने के साथ-साथ निरंतर भ्रमणशील रहा।







रविवार को डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों ने माहेश्वरी धर्मशाला मुख्य चुनाव कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र व मेरठ तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह,जिलाध्यक्ष बबलू गुर्जर, तेजपाल प्रमुख, अभिषेक गोयल, एड. ललित सिंह, एड. पुरुषोत्तम वर्मा, अरविंद शर्मा, कमाल मन्सूरी, पदम सिंह जाटव, रेशमा यादव, संजय गहलौत, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग आदि मौजूद रहे।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267